www.anantgyaan.in

सूर्योदय 6:58 सूर्यास्त 6:12

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 6.2 न्यू | 16.05 अधि |
| धर्मशाला | 8.02 न्यू | 21.05 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 72426.64 |
| निफ्टी | 22040.70 |
| सोना 62,290 | चांदी 72,899 |

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

धर्मशाला | शनिवार, 17 फरवरी 2024 | 5 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 60 कुल पृष्ठ 14 मूल्य : 5 रुपए |



फोर्ब्स इंडिया की सूची में शामिल हुई एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना... पेज 14

## उत्तराखंड के भीमशंकर मोटेश्वर महादेव बन गए बाबा भूतनाथ



**मंडी।** महाशिवरात्रि महोत्सव के कारज आरंभ हुए आठवें दिन बाबा भूतनाथ मठ मंदिर छोटी काशी मंडी में उत्तराखंड के काशीपुर के भीमशंकर मोटेश्वर महादेव का स्वरूप उकेरा गया। भीमशंकर मोटेश्वर महादेव में पांडू पुत्र भीम ने अज्ञातवास के दौरान पूजा अर्चना की थी। इस मंदिर का इतिहास वर्षों पुराना है, इसे 327 ईसवी पूर्व बताया जाता है। यहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु हरिद्वार से गंगाजल लाकर भीमशंकर मोटेश्वर महादेव का जलाभिषेक करते हैं। इस मंदिर में भीमशंकर मोटेश्वर महादेव के दर्शन कर आरोग्यता की प्राप्ति होती है। इसका प्रतिदिन समरण करने से कल्याण होता है।

# प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय 16,411 रुपए बढ़ी, विकास दर में भी इजाफा

## सीएम सुक्खू ने सदन में की वित्तीय वर्ष 2023-24 के आर्थिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट पेश

**अरविंद शर्मा, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह ने शुक्रवार को विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2023-24 के आर्थिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट पेश की। रिपोर्ट के अनुसार, हिमाचल प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय 2022-23 के 2,18,788 के मुकाबले वित्त वर्ष 2023-24 में 2,35,199 रहने का अनुमान है यानी यह पिछले वित्त वर्ष से 16,411 रुपए बढ़ी है।

वित्त वर्ष 2022-23 में 11.7 फीसदी की तुलना में 7.5 फीसदी आय बढ़ी है। हिमाचल प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय 2023-24 के लिए अनुमानित राष्ट्रीय प्रति व्यक्ति आय से 49,345 अधिक है। राज्य का वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 की तुलना में चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान 19,428 करोड़ से अधिक बढ़ने का अनुमान है। (अनंत ज्ञान)

**पिछले साल के मुकाबले इस बार 19,428 करोड़ से अधिक बढ़ेगी जीडीपी**



2023-24 के आर्थिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट पेश करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### प्रति व्यक्ति आय 2,35,199 होने की उम्मीद

वित्त वर्ष 2023-24 के लिए मौजूदा कीमतों पर प्रति व्यक्ति आय वित्त वर्ष 2022-23 में 2,18,788 के मुकाबले 2,35,199 होने का अनुमान है, जो 2022-23 में 11.7 प्रतिशत के मुकाबले 7.5 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्शाता है। (एफआर)। हिमाचल प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय 2023-24 के लिए अनुमानित राष्ट्रीय प्रति व्यक्ति आय से 49,345 अधिक है। वित्त वर्ष 2023-24 के अग्रिम अनुमान के अनुसार, स्थिर कीमतों पर प्राथमिक क्षेत्र से सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) वित्त वर्ष 2022-23 (एफआर) में 17,417 करोड़ के मुकाबले 17,036 करोड़ होने की उम्मीद है।

### सेवा क्षेत्र 7.4 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान

सेवा क्षेत्र में व्यापार, होटल और रेस्तरां, अन्य साधनों और भंडारण द्वारा परिवहन, सुप्रा क्षेत्रीय क्षेत्र (रेलवे, संचार और बैंकिंग और बीमा), रियल एस्टेट, आवास और व्यावसायिक सेवाओं का स्वामित्व, लोक प्रशासन और अन्य सेवा क्षेत्र शामिल हैं। सेवा क्षेत्र के लिए स्थिर (2011-12) कीमतों पर वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए अग्रिम अनुमान 54,253 करोड़ होने का अनुमान है, जबकि वित्तीय वर्ष 2022-23 में यह 50,520 करोड़ था, जो पिछले वर्ष की तुलना में 7.4 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्शाता है।

### 2023-24 में जीडीपी में 7.1 प्रतिशत वृद्धि

**राज्य** आय के प्रथम रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि 7.1 प्रतिशत, जबकि वित्तीय वर्ष 2022-23 में यह 6.9 प्रतिशत थी। वित्त वर्ष 2023-24 में स्थिर मूल्यों (2011-12) पर राज्य का वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) या जीडीपी 1,42,800 करोड़ के स्तर तक पहुंचने का अनुमान है, जबकि वित्त वर्ष 2022-23 के लिए जीडीपी का 1,33,372 करोड़ अनुमान है। वित्त वर्ष 2023-24 में मौजूदा कीमतों पर नाममात्र जीडीपी या जीडीपी 2,07,430 करोड़ के स्तर तक पहुंचने का अनुमान है, जबकि वित्त वर्ष 2022-23 के लिए जीडीपी का अनुमान 1,91,728 करोड़ है, जो कि 15,702 करोड़ की पूर्ण वृद्धि दर्शाता है। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान नाममात्र जीडीपी में वृद्धि वित्त वर्ष 2022-23 में 11.4 प्रतिशत की तुलना में 8.2 प्रतिशत अनुमानित है। आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 राज्य की अर्थव्यवस्था की चुनौतियों, अवसरों, रणनीतियों और क्षेत्रीय प्रदर्शन के व्यापक विश्लेषण के साथ एक व्यापक तस्वीर प्रदान करता है। यह रिपोर्ट राज्य की अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों में अर्थव्यवस्था, राजकोषीय प्रदर्शन और प्रगति के व्यापक दृष्टिकोण का प्रतीक है।

### विनिर्माण क्षेत्र में 9.3 प्रतिशत वृद्धि होने की उम्मीद

क्षेत्र में (संगठित और असंगठित), बिजली, गैस और जल आपूर्ति और निर्माण शामिल हैं। वित्त वर्ष 2023-24 के अग्रिम अनुमान के अनुसार स्थिर (2011-12) कीमतों पर वित्त वर्ष 2022-23 (एफआर) के लिए 58,039 करोड़ के मुकाबले द्वितीयक क्षेत्र का जीवीए 163,424 करोड़ होने का अनुमान है और प्रति वर्ष 9.3 की वृद्धि दर दर्ज करने की उम्मीद है।

## जन आशीर्वाद से नई ऊंचाई पर भारत: पीएम मोदी

**रेवाड़ी/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को हरियाणा के रेवाड़ी में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भगवान राम को काल्पनिक बताने वाले कांग्रेसी भी अब जय सिया राम बोलने लगे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि रेवाड़ी में स्वास्थ्य, रेल और पर्यटन क्षेत्र से जुड़ी 10 हजार करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की इच्छा थी कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हो, आज पूरा देश भव्य राम मंदिर में विराजे रामलला के दर्शन कर रहा है। देश-दुनिया में मोदी की गारंटी योजना की चर्चा है।



**बोले- अब कांग्रेसी भी जय सिया राम बोलने लगे**

रेवाड़ी तो मोदी की गारंटी का सबसे पहला गवाह है। यहां प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में मैंने देश को कुछ गारंटियां दी थीं। देश की इच्छा थी कि दुनिया में भारत की साख बढ़े, वह हमने करके दिखाया। देश की इच्छा थी कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो। भव्य मंदिर का निर्माण हुआ। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाया। उन्होंने कहा कि आज विदेशों में हर भारतीय का मान बढ़ा है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### हरियाणा के मोस्ट वांटेड नरेंद्र को यूएई से भारत लाया

**चंडीगढ़।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की टीम हरियाणा के मोस्ट वांटेड को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से प्रत्यर्पण करके भारत ले आई। इसके खिलाफ फतेहाबाद जिले के टोहाना पुलिस थाने में मर्डर, दंगे और जानबूझकर नुकसान पहुंचाने जैसी संगीन धाराओं में दर्ज मामले दर्ज हैं। नरेंद्र सिंह नाम के इस मोस्ट वांटेड अपराधी को उम्रकैद की सजा भी मिल चुकी है।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा से पहले प्रियंका की तबीयत बिगड़ी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी अस्वस्थ होने के कारण 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में शामिल नहीं हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि सेहत में सुधार होते ही वह इस यात्रा का हिस्सा बनेंगी। पहले से तय कार्यक्रम के अनुसार, उन्हें उत्तर प्रदेश के चंदौली से यात्रा में शामिल होना था। प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर अस्वस्थ होने की जानकारी दी।

### सेना ने एलओसी पर पाक ड्रोन की घुसपैठ को किया विफल

**जम्मू।** सेना के सतर्क जवानों ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास पाकिस्तानी ड्रोन को रोक दिया। अधिकारियों ने कहा कि सतर्क सैनिकों ने मेंढर (पुंछ) में कृष्णा घाटी सेक्टर के बलोनी इलाके में ड्रोन को पर गोलीबारी करके उसे वापस लौटने के लिए मजबूर कर दिया।

### शरद पवार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली।** नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के संस्थापक शरद पवार ने सुप्रीम कोर्ट में अजित गुट को असली एनसीपी बताए जाने के इलेक्शन कमीशन के फैसले के खिलाफ याचिका लगाई थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने अर्जेंट सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया है। बता दें कि बीते दिनों आयोग ने डिप्टी सीएम अजीत पवार के गुट वाले एनसीपी को असली एनसीपी बताया था और उन्हें पार्टी का चुनाव चिन्ह घड़ी आवंटित किया था। इस पर शरद पवार ने आपत्ति जताते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

## टॉप स्टोरीज

कांग्रेस जनता के दिलों पर राज करती है, पट्टिकाओं पर नहीं: सीएम सुक्खू ...पेज 3

सदन में 10307. 59 करोड़ का अनुपूरक बजट ध्वनिमत से हुआ पास ...पेज 3

कांग्रेस को संख्याबल तो भाजपा को दोस्तों से आस ...पेज 7

## चचेरे भाई ने नाबालिग के साथ किया दुष्कर्म, गर्भवती

**शिमला।** राजधानी शिमला में चचेरे भाई ने नाबालिग बहन के साथ दुराचार कर डाला। बताया जा रहा है कि चचेरा भाई लंबे समय से नाबालिग के साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा, जिससे वह गर्भवती हो गई है। पीड़िता के परिजनों ने महिला पुलिस थाना बीसीएस में शिकायत दर्ज करवाई है। पीड़िता की मां ने शिकायत में बताया कि तीन साल पहले उसके जेठ का बेटा पवन कुमार अपनी चचेरी बहन को पढ़ाने-लिखाने की जिम्मेदारी लेकर शिमला के चक्कर स्थित अपने क्वार्टर ले गया। जहां उसने जबरन शारीरिक संबंध बनाए, जिससे वह गर्भवती हो गई। पीड़िता की मां की शिकायत के बाद नाबालिग का मेडिकल करवाया, जिसमें दुष्कर्म की पुष्टि हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। नाबालिग का मेडिकल डीडीयू अस्पताल में करवाया गया है, जिसमें दुष्कर्म की पुष्टि हुई है।

**महिला पुलिस थाना बीसीएस में मामला दर्ज**

## पुलिस विभाग में भरे जाएंगे कांस्टेबल के 1226 पद

### महिला उम्मीदवारों के लिए 30 प्रतिशत पद आरक्षित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश पुलिस विभाग में पुरुष एवं महिला कांस्टेबल के 1226 पद भरने की अनुमति मिल गई है। 818 पद पुरुष और 351 महिला कांस्टेबल सहित 57 पद पुरुष चालक के भरे जाएंगे। तृतीय श्रेणी के यह सभी पद सीधी भर्ती के तहत हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से भरे जाएंगे और इनमें महिला उम्मीदवारों को 30 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया गया है। विभाग की ओर से भर्ती संबंधी संस्तुति आयोग को भेज दी गई है। व्यवस्था परिवर्तन की दिशा में आगे बढ़ते हुए पात्र युवाओं को रोजगार व भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के दृष्टिगत इन पदों के लिए लिखित परीक्षा हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से करवाने का निर्णय लिया है। यह सभी 1226 पद संबंधित जिला के जनसंख्या अनुपात और आरक्षण रोस्टर के अनुसार भरे जाएंगे।



**हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग को भेजी संस्तुति**

### कहां, कितने पद भर जाएंगे

**बिलासपुर** जिले से 46 पद पुरुष व 19 पद महिला कांस्टेबल और तीन पद चालक के भरे जाएंगे। वहीं, चंबा में 62 पद पुरुष व 27 महिला कांस्टेबल और चार पद चालक के भरे जाएंगे। हमीरपुर जिले में 54 पद पुरुष व 23 पद महिला कांस्टेबल और चार पद चालक, कांगड़ा जिले से 180 पद पुरुष व 77 पद महिला कांस्टेबल व 12 पद चालक, किन्नौर जिले से 10 पद पुरुष और चार पद महिला कांस्टेबल व एक पद चालक का भरा जाएगा। कुल्लू मे 52 पद पुरुष व 22 पद महिला कांस्टेबल और चार पद चालक के भरे जाएंगे। लाहौल-स्पीति जिले से चार पद पुरुष व दो पद महिला कांस्टेबल, मंडी में 119 पद पुरुष व 51 पद महिला कांस्टेबल व आठ पद चालक, शिमला जिले के 97 पद पुरुष व 42 पद महिला कांस्टेबल और सात पद चालक के भरे जाएंगे। सिरमौर जिले से 63 पद पुरुष, 27 पद महिला कांस्टेबल व पांच पद चालकों के भरे जाएंगे। सोलन जिले से 69 पद पुरुष व 30 पद महिला कांस्टेबल के और पांच पद चालक, ऊना जिले से 62 पद पुरुष व 27 पद महिला कांस्टेबल व चार पद चालकों के भरे जाएंगे।

## शंभू बॉर्डर पर फिर हंगामा, आंसू गैस के गोले छोड़े, दम घुटने से एसआई की मौत

**एजेंसी, अंबाला**

**किसानों** के दिल्ली कूच के चौथे दिन शंभू बॉर्डर पर फिर हंगामा हुआ। किसानों ने बैरिकेडिंग की तरफ बढ़ने की कोशिश की तो हरियाणा पुलिस ने उन पर आंसू गैस के गोले बरसा दिए। शरीर पर गोले फटने की वजह से कई किसानों को चोटें आई हैं। उधर, अंबाला में तैनात जीआरएफ के एसआई हीरालाल की मौत हो गई। इसकी वजह आंसू गैस के गोले से दम घुटना बताई जा रही है।

शुक्रवार सुबह शंभू बॉर्डर पर धरने में आए गुरदासपुर के किसान ज्ञान सिंह की हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। वहीं, संयुक्त किसान मोर्चा और मजदूर संघ ने ग्रामीण भारत बंद बुलाया था। इसमें गांवों में दुकानें बंद करने और किसानों के खेतों में काम न करने को कहा गया। हरियाणा, पंजाब और हिमाचल में चार बजे तक बाजार बंद रहे। रोडवेज की बसें नहीं चलीं।



### किसान नेता समेत छह पर एफआईआर, तीन गिरफ्तार

**हरियाणा**-पंजाब के दातासिंह वाला बॉर्डर पर पुलिस से टकराव करने व तेजधार हथियार से हमला करने के मामले में भारतीय किसान नौजवान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिमन्यु कोहाड़ सहित छह किसानों पर मामला दर्ज किया है। सोनीपत जिले के अक्षय नरवाल, रोहतक जिले के प्रवीन, वीरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया है।

### केंद्र और किसान संगठनों के बीच कल फिर होगी बैठक

**चंडीगढ़।** पंजाब के किसान संगठनों के दिल्ली कूच के आह्वान के बाद केंद्र सरकार से चल रही तीसरे दौर की वार्ता पर सहमति नहीं बन पाई। चौथे दौर की वार्ता रविवार को चंडीगढ़ में होगी। बैठक में केंद्र सरकार के प्रतिनिधि के रूप में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पीयूष गोयल और नित्यानंद रॉय शामिल हुए। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, वित्तमंत्री हरपाल सिंह चीमा और राज्य के अधिकारियों ने अपना पक्ष रखा है।

## किसानों से बातचीत जारी, जल्द निकलेगा समाधान: अनुराग

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने नई दिल्ली में किसान आंदोलन को लेकर संवाददाताओं से बातचीत की।



**बोले- केंद्र सरकार हर स्तर पर वार्ता के लिए उपलब्ध**

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार किसानों के कल्याण के लिए सदा समर्पित रही है। वीरवार को केंद्र सरकार ने जारी गतिरोध के बीच किसान संगठनों को बातचीत के लिए निमंत्रण दिया था। कई किसान नेता आए और बेहद सार्थक चर्चा भी हुई है। हमने मिलकर अगली वार्ता रविवार को रखी है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि रविवार को भी अच्छे माहौल में बातचीत होगी और हम मुद्दों के समाधान की ओर बढ़ेंगे। अनुराग ने कहा कि खाद, पानी, एमएसपी पर खरीद, बैंकों से सस्ते ऋण और मुआवजे पर पिछले 10 साल में मोदी सरकार ने जितना किया है, वह आज से पहले किसी भी सरकार ने नहीं किया। 2013-14 में जब यूपीए की सरकार थी, तब कृषि बजट 27 हजार 662 करोड़ रुपए था। अभी मोदी सरकार का कृषि बजट एक लाख 25 हजार करोड़ से ज्यादा है यानी यूपीए काल से पांच गुना ज्यादा कृषि बजट।

कांग्रेस के समय किसान सम्मान निधि नहीं थी, हमने किसान सम्मान निधि के माध्यम से 11 करोड़ से ज्यादा किसानों को दो लाख 81 हजार करोड़ रुपए सीधा उनके बैंक खातों में हस्तांतरित किए हैं।

## दिल्ली में पेंट फैक्टरी में आग से 11 की मौत



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के अलीपुर क्षेत्र में पेंट फैक्टरी में आग लगने से 11 मजदूरों की मौत हो गई। दमकल विभाग के अनुसार, कल शाम लगभग 5:25 बजे आग लगने की सूचना मिली थी।

इस फैक्टरी में थिनर के ड्रम भी रखे थे। इस वजह से फैक्टरी में विस्फोट हो गया। इसके बाद आग तेजी से सामने के घरों और एक नशा मुक्ति केंद्र तक फैल गई। आग पर लगभग चार घंटे में नियंत्रण पा लिया गया। दिल्ली फायर सर्विसेज (डीएफएस) के निदेशक अतुल गर्ग ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया है।

**फैसला** रक्षा मंत्रालय ने 84 हजार 560 करोड़ रुपए के रक्षा सौदे को दी मंजूरी, बढ़ेगी ताकत

# हिमालय से हिंद महासागर तक नहीं बच पाएगा दुश्मन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**रक्षा** मंत्रालय ने शुक्रवार को 84 हजार 560 करोड़ रुपए के डिफेंस डील को मंजूरी दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने इस पर मुहर लगाई है। इसके तहत एंटी-टैंक माइंस, एयर डिफेंस टेक्टिकल कंट्रोल रडार, फाइट रिफ्यूलर एयरक्राफ्ट, हैविवेट टॉरपीडो और समुद्र की निगरानी करने वाले एयरक्राफ्ट खरीदे जाएंगे। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि डीएसी ने आर्मी, नेवी, एयरफोर्स और कॉस्ट गार्ड की क्षमता को बढ़ाने और इसे तकनीकी रूप से मजबूत करने की दिशा में बड़ा फैसला लिया है।

इस बजट से होने वाली खरीदी का बड़ा हिस्सा आत्मनिर्भर भारत के तहत स्वदेशी कंपनियों को दिया जाएगा। समुद्र की निगरानी के लिए 15 नए एयरक्राफ्ट भी खरीदे जाएंगे। इनमें नौ नेवी के लिए और छह कोस्टगार्ड के लिए खरीदे जाएंगे।

**आधुनिक रडार और सेंसर्स होंगे लैस**

**नौसेना और कोस्ट गार्ड के जवान आसमान से समुद्र के चप्पे-चप्पे पर रखेंगे नजर**



### सभी 15 प्लेन भारत में बनेंगे

रक्षा मंत्रालय ने अप्रूवल की जानकारी देते हुए बताया कि सभी 15 प्लेन भारत में बनेंगे। इन्हें वायु सेना के सी-295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट को मॉडिफाई कर बनाया जाएगा। इस प्रोजेक्ट कुल लागत 29 हजार करोड़ रुपए होगी।

### रक्षा कवच होगा मजबूत

**एंटी-टैंक** माइंस, एयर डिफेंस टेक्टिकल कंट्रोल रडार, फाइट रिफ्यूलर एयरक्राफ्ट, हैविवेट टॉरपीडो और समुद्र की निगरानी करने वाले एयरक्राफ्ट खरीदे जाएंगे। इससे हिमालय से हिंद महासागर तक दुश्मनों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। इससे भारत की समुद्री सीमा की सुरक्षा और पुख्ता होगी।

### नौसेना की सर्विलांस क्षमताओं में होगा इजाफा

**रक्षा** मंत्रालय ने कानपुर स्थित एक कंपनी से 1752.13 करोड़ रुपए के सौदे का करार किया है। इस सौदे के तहत 463, 12.7 एमएम की रिमोट कंट्रोल गन का निर्माण किया जाएगा। ये गन भी नौसेना और तटरक्षक बल के जवानों को मिलेंगी। रक्षा मंत्रालय के इन सौदों से न सिर्फ भारत की समुद्री ताकत में इजाफा होगा, बल्कि इससे आत्मनिर्भर भारत को भी बढ़ावा मिलेगा। सौदे के तहत टाटा एडवांस्ड सिस्टम और एयरबस मिलकर एयरक्राफ्ट का निर्माण करेंगे। इन एयरक्राफ्ट्स में आधुनिक रडार और सेंसर्स लगे होंगे। इस सौदे के पूरे होने के बाद नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल की सर्विलांस की क्षमताओं में जबरदस्त इजाफा होगा। चीन जिस तरह से हिंद महासागर में अपनी ताकत बढ़ा रहा है और साथ ही अंतरराष्ट्रीय शिपिंग रूट पर हमले बढ़ रहे हैं।

## ग्रीस में समलैंगिक विवाह होगा वैध

**एथेंस (ग्रीस)।** ग्रीस ने पारंपरिक मानदंडों को तोड़ते हुए समलैंगिक विवाह को वैध बनाकर रूढ़िवादी देशों में अग्रणी बन गया है। प्रधानमंत्री क्यारीकोस मित्सोटाकिस और न्यू डेमोक्रेसी पार्टी की ओर से समर्थित यह ऐतिहासिक निर्णय प्रभावशाली रूढ़िवादी चर्च के कड़े विरोध के बावजूद आया है।

**ग्रीस के पीएम बोले- गंभीर असमानता होगी खत्म**

ग्रीस की संसद ने समलैंगिक विवाह को वैध बनाने वाले कानून पारित कर दिया। इसके साथ ही सेम सेक्स मैरिज को मंजूरी देने वाला ग्रीस पहला ईसाई देश बन गया है। यह ग्रीस की जनता के लिए मानवाधिकारों की एक ऐतिहासिक जीत है।

## पेपर स्कैम मामला: उमा आजाद को सवा साल बाद जमानत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

**भंग** कर्मचारी चयन आयोग में हुए पेपर स्कैम मामले में कोर्ट ने गिरफ्तार मुख्य आरोपी उमा आजाद को सवा साल बाद जमानत दे दी है। कोर्ट ने तीन लाख रुपए के बांड के आधार पर जमानत दी है। आरोपी नीरज शर्मा और सोम प्रकाश को भी कोर्ट में पेश किया गया, जहां से दोनों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। दो बार उनका पुलिस रिमांड बढ़ाया गया था। तीन अन्य आरोपियों रवि, सोहन और रवि कुमार पहले ही 14 दिन की न्यायिक हिरासत मिल चुकी है। इसके अलावा एक अन्य मामले में गिरफ्तार तीनों महिलाओं जिम सपना, उमा आजाद और सपना कुमारी शामिल हैं। पोस्ट कोर्ड 962 में अब तक कुल आठ लोग गिरफ्तार हुए थे।

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**

**नीरज शर्मा और सोम प्रकाश को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा**

विजिलेंस की एएसपी रेणु शर्मा ने बताया कि पोस्ट कोर्ड- 962 सेक्रेटेरिएट क्लर्क भर्ती मामले में दो आरोपियों नीरज और सोम प्रकाश को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। उमा आजाद को जमानत पर रिहा कर दिया है। इस मामले में अब तक आठ लोग गिरफ्तार हैं।

# काशीपुर के मोटेश्वर महादेव के रूप में हुआ बाबा भूतनाथ का श्रृंगार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

भोले नाथ की नगरी छोटी काशी मंडी में बाबा भूतनाथ मंदिर में देशभर के विभिन्न शिवालयों के शिवलिंग स्वरूप को उकेरा जा रहा है। बाबा भूतनाथ मठ मंदिर छोटी काशी में प्रतिदिन देश के एक राज्य में स्थित शिवलिंग स्वरूप के दर्शन हो रहे है।

तारा रात्रि के पश्चात शुक्रवार को माखन रूपी श्रृंगार के 8वें दिन में मोटेश्वर महादेव के रूप में श्रृंगार किया गया। यह मंदिर उत्तराखंड के काशीपुर में स्थित है। पौराणिक और ऐतिहासिक नगरी काशीपुर में कई प्राचीन मंदिर हैं। इनमें श्री मोटेश्वर महादेव मंदिर मुख्य है। श्रावण मास और शिवरात्रि में हजारों की संख्या में शिवभक्त हरिद्वार से गंगाजल कांवड़ में लाकर शिवलिंग का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना करने यहां पहुंचते हैं। चैती मैदान महादेव नगर स्थित ऐतिहासिक और प्राचीन स्वयंभू श्री भीमशंकर मोटेश्वर महादेव मंदिर से हजारों श्रद्धालुओं की आस्था जुड़ी हुई है।

**महाभारत काल में पांडवों ने की थी पूजा-अर्चना**


उत्तराखंड काशीपुर के मोटेश्वर महादेव के रूप में माखन रूपी श्रृंगार।

मान्यता है कि मोटेश्वर महादेव मंदिर का इतिहास हजारों वर्ष पुराना है। यह संभवत: 327 ईसवी पूर्व बना है यह मान्यता है। मंदिर की दीवार चिनिया ईंटों से और सुरखी-चूना, शीरा और उड़द से तैयार की गई हैं। बताया जाता है कि अज्ञातवास के दौरान पांडव यहां कुछ समय के रुके थे। इस दौरान भीम ने इस मंदिर की स्थापना की थी। इसलिए इसे भीमशंकर मोटेश्वर महादेव मंदिर के नाम से भी जाना जाता है।

## पिछले वर्ष के मुकाबले 60 प्रतिशत अधिक दाम पर बिका पड्डल

**मंडी।** मंडी शिवरात्रि मेले के लिए पड्डल मैदान को नागपाल एक्जीबिशन सर्विस चंडीगढ़ ने सबसे अधिक बोली लगाकर अपने नाम किया। एडीएम एवं प्लाट आवंटन समिति के समन्वयक डॉ. मदन कुमार ने बताया कि मै. नागपाल ने पड्डल मैदान के लिए 3.20 करोड़ रुपए की बोली लगाई। यह बोली पिछले वर्ष के मुकाबले 1.68 करोड़ रुपए अधिक है। पिछली शिवरात्रि में 1.57 करोड़ रुपए बोली लगाई गई थी। डॉ. मदन कुमार ने बताया कि शिवरात्रि के इतिहास में यह अब तक की सबसे अधिक बोली है। यह बोली पिछले वर्ष के मुकाबले 60 प्रतिशत अधिक है।

# मंडी शहर में केंद्र सरकार के खिलाफ खूब गूंजे नारे

## विभिन्न मजदूर संगठनों ने संयुक्त रूप से किया धरना-प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मजदूर संगठनों के राष्ट्रीय आह्वान पर शुक्रवार को मंडी में मजदूरों ने पड्डल मैदान से बाजार होते हुए उपायुक्त कार्यालय तक रैली निकाली और मोदी सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन और नारेबाजी की। इसमें किसान सभा, महिला समिति, नौजवान सभा, एसएफआई और एनपीएमआरए ने भी प्रदर्शन में भाग लिया। प्रदर्शन के दौरान सीटू जिला प्रधान भूपेंद्र सिंह ने बताया कि आज की हड़ताल का मुख्य आह्वान मोदी सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों का विरोध करना, बढ़ती महंगाई पर रोक लगाने के अलावा श्रम कानूनों को रद्द करने के फैसले को वापस लेना है। इसके अलावा किसानों की फसलों के लिए एमएसपी लागू करना और नए बिजली विधेयक को रद्द करवाना है। भूपेंद्र सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार आंगनबाड़ी व मिड-डे मील कार्यकर्ताओं को सरकारी कर्मचारी घोषित नहीं कर रही है और न ही उन्हें न्यूनतम वेतन दे रही है। इसी प्रकार सरकार ने मनरेगा के लिए बजट को जरूरत से आधा ही रखा है जिसके कारण कहीं पर भी मजदूरों को सौ दिन का रोजगार नहीं मिल रहा है। केंद्र सरकार मनरेगा मजदूरों को मात्र 212 रुपए दिहाड़ी ही अदा कर रही है। सरकार ने रेहड़ी-फड़ी वालों के अधिकार के लिए 2014 में बने स्ट्रीट वेंडरज कानून को भी रद्द करने का निर्णय लिया है जिससे इनके रोजगार की गारंटी समाप्त हो जाएगी। मोदी सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को अपने पूंजीपति दोस्तों को कौड़ियों के भाव बेच रही है और सामाजिक सुरक्षा के लिए बने कानून निरस्त करने में लगी है। इसलिए मजदूर आने वाले लोकसभा चुनावों में मोदी सरकार को सत्ता से बाहर निकालने के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों किसानों के 376 दिल्ली घेराव के बाद तीन काले कृषि कानून तो निरस्त कर दिए थे,लेकिन उन्हें एमएसपी की गारंटी देने बारे दिए आश्वासन को अभी तक भी लागू नहीं किया और अब जब किसानों ने 13 फरवरी से दोबारा दिल्ली मार्च शुरू किया है तो उन्हें रोकने के लिए सड़कों पर कीलें गाड़ दी है। उन पर लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले दागे जा रहे हैं जो सरकार के किसान विरोधी चरित्र का पर्दाफाश करता है। किसानों के ऊपर बनाए गए झूठे केस भी अभी तक वापस नहीं लिए गए हैं।


केंद्र सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतर धरना-प्रदर्शन करते विभिन्न मजदूर संगठन।

### बालीचौकी में किसानों के समर्थन में रैली



**बालीचौकी।** किसान मंच के भारत बंद के आह्वान पर शुक्रवार को बालीचौकी में मिड-डे मील वर्कर्स, आंगनबाड़ी वर्कर्स, नौजवान सभा, सेब उत्पादक संघ ने संयुक्त रूप से प्रदर्शन किया और रैली निकाली। रैली के उपरांत मिनी सचिवालय के बाहर जनसभा का भी आयोजन किया गया। जनसभा को नौजवान सभा राज्य सचिव महेंद्र सिंह राणा, मिड-डे मील वर्कर यूनियन राज्य अध्यक्ष इंद्र सिंह, जय चंद, दुल्ले सिंह दुग्गल, देवेंद्र कुमार ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियां लगातार मजदूर, किसान, बागवान, कर्मचारी, युवा विरोधी रही हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### जंक फूड से परहेज करें बच्चे: राज कुमार


जागरूकता शिविर में उपस्थित बच्चे व अध्यापक सामूहिक चित्र में।

**पधर।** बाल विकास परियोजना द्रंग की ओर से शुक्रवार को उपमंडल पधर के बरोट स्कूल में खंड स्तरीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता बरोट स्कूल के प्रधानाचार्य राज कुमार ठाकुर ने की। जागरूकता शिविर में बाल विकास परियोजना अधिकारी द्रंग जितेंद्र सैनी ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। जागृति फाउंडेशन को तरफ से डॉक्टर शिवानी ने जागरूक किया। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से कम्युनिटी हेल्थ सेंटर मधु देवी ने एनीमिया के बारे में जानकारी दी। प्रधानाचार्य राज कुमार ठाकुर द्वारा स्कूल की बच्चियों को घर में पका हुआ भोजन खाने की सलाह दी व जंक फूड को न खाने के बारे में बच्चों को बताया। इस अवसर पर भाषण, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया और स्कूल के बच्चों द्वारा रैली भी निकाली गई।

### कुणी की बुजुर्ग महिला की टांडा में मौत

**लडभड़ोल।** लडभड़ोल क्षेत्र की ग्राम पंचायत भडोल के गांव कुणी निवासी 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला की इलाज के दौरान टांडा मेडिकल कॉलेज में मौत होने का समाचार प्राप्त हुआ है। जानकारी के अनुसार वीरवार को कुणी निवासी कमला देवी छत पर कुछ काम करने जा रही थी तो उस दौरान अचानक पांव फिसलने से वह नीचे गिर थी। परिजनों द्वारा उसको सिविल अस्पताल लडभड़ोल लाया गया था और जिसके बाद डाक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए 108 एंबुलेंस के माध्यम से पालमपुर अस्पताल रेफर किया गया था। इसके बाद वहां से भी डॉक्टरों द्वारा इस बुजुर्ग महिला को टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया था। इसके बाद टांडा मेडिकल कॉलेज में बुजुर्ग महिला का उपचार के दौरान अपने जख्म न सहते हुए उसने दम तोड़ दिया। इस बारे में पुलिस चौकी प्रभारी अनिल कटोच ने बताया कि कुणी निवासी बुजुर्ग महिला की इलाज के दौरान टांडा मेडिकल कॉलेज में मृत्यु होने की सूचना मिली है और पुलिस कार्रवाई करने में जुट गई है।

### गैस उपभोक्ताओं को जरूरी सूचना

**जोगिंद्रनगर।** इंडेन गैस जोगिंद्रनगर के उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि गैस की गाड़ी जब भी आपके एरिया में आती है तो उस दिन ही उपभोक्ता अपने रजिस्टर्ड मोबाइल से जो की आपकी गैस कॉपी के साथ गैस एजेंसी में रजिस्टर है उस मोबाइल नंबर से मोबाइल नंबर 8454955555 पर मिस्ड कॉल करें। मिस्ड कॉल करने के बाद अपने मोबाइल नंबर पर एक चार अंक का नंबर डीएसी कोड आएगा वो आपने अपनी गैस कॉपी में लिखना है और डिलीवरी मैन को बताना है। मिस्ड कॉल उसी दिन करनी है जब गैस आपके एरिया में आएगी। यदि किसी उपभोक्ता को अपना मोबाइल नंबर दर्ज करना हो तो वह गैस एजेंसी के फोन 01908224524 पर कॉल करके अपना उपभोक्ता नंबर व मोबाइल नंबर दर्ज कर सकते है। उपभोक्ता एजेंसी में जाकर भी अपना नंबर दर्ज करवा सकते हैं। जोगिंद्रनगर गैस एजेंसी प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि इंडियन आयल कारपोरेशन के निर्देश अनुसार कार्य किया जा रहा है ताकि उपभोक्ता को गैस सिलेंडर भरवाने में कोई परेशानी न आएं क्योंकि बिना डीएसी कोड नंबर लिए बिना डिलीवरी मेन सिलेंडर देने में असमर्थ हैं।

### महापौर ने जरूरतमंदों को बांटा सामान


सामान लेने के बाद जरूरतमंद और नगर निगम के महापौर सामूहिक चित्र में।

**मंडी।** मंडी शहर के सेरी मंच के साथ लगते आरआरआर में जमा सामग्री को नगर निगम मंडी के महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा द्वारा शुक्रवार को जरूरतमंद लोगों को वितरित किया गया। लगभग 20 लोगों को ये सामग्री वितरित की गई जिसमे कपड़े, जूते आदि शामिल थे। महापौर वीरेंद्र भट्ट ने बताया की ट्रीपल आर सेंटर नगर निगम द्वारा दो माह पहले जनता की सुविधा के लिए खोला गया था जिसमें लोग अपने बेकार और दोबारा इस्तेमाल के लायक कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक, किताबें ,जूते आदि जमा कर सकते हैं वहीं जरूरतमंद लोग इस सामग्री को इस केंद्र के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं। इस दौरान उपमाहापौर माधुरी कपूर, पार्षद वीरेंद्र आर्य, पार्षद नेहा वर्धन, और नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त और अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### जल्द हो मंदिरों की साफ सफाई: धर्म संघ


डीसी मंडी से मुलाकात के दौरान धर्म संघ भूतनाथ मंदिर मंडी का प्रतिनिधिमंडल।

**मंडी।** धर्म संघ भूतनाथ मंदिर मंडी का एक प्रतिनिधिमंडल प्रधान भीम चंद सरोच की अध्यक्षता में उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन से मिला और धर्म संघ का एक स्मृति चिन्ह भेंट किया। नीरज हांडा प्रवक्ता धर्म संघ ने बताया कि धर्म संघ भूतनाथ के उप प्रधान हरीश वैद्य ने डीसी से अनुरोध किया कि महाशिवरात्रि का पर्व नजदीक आ रहा है और मंदिर परिसरों की सफाई व लाइटिंग का कार्य अभी आरंभ नहीं हुआ है इसलिए मंदिरों की सफाई जल्द करवाई जाए। प्रतिनिधिमंडल में धर्म संघ के महासचिव अनुपम टंडन, जीसी सैनी, आरके शर्मा, प्रकाश कश्यप, मुरारी लाल शर्मा, नरेश धीमान, महेंद्र पाल राणा, खेम राज गुप्ता, उत्तम चंद, अनिल शर्मा शामिल थे।

# स्कूल बाजार में नहीं लगा गति अवरोधक-साइन बोर्ड

**पुष्पराज, मंडी**

**सरपट दौड़ रही गाड़ियां कभी भी हो सकता है हादसा**

मंडी के स्कूल बाजार की सड़क से गाड़ियां इस कदर तेजी से गुजरती है कि यदि कोई गलती से गाड़ी के आगे आ जाए तो जान से हाथ धो बैठे। स्कूल के नजदीक निर्माणाधीन मॉल के कार्य के चलते सड़क का आधा हिस्सा गिर गया था जिसके कारण यहां पर कभी कभी ट्रैफिक जाम भी हो जाता है।

हैरानी की बात यह है की इस जगह पर स्कूल होने के बावजूद किसी भी प्रकार का गति अवरोधक और साइन बोर्ड नहीं लगाया गया है। यदि गलती से किसी बच्चे ने जल्दबाजी में रोड क्रॉस किया तो कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है। आए दिन यहां पर भारी ट्रैफिक के कारण जाम की स्थिति भी पैदा होती रहती है और रोड संकरा होने से लोगों को आने जाने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया की शहर में तेजी से वाहन चलाने वालों के चालान किए जाएंगे। ट्रैफिक पुलिस की गश्त नियमित की जाएगी। (अनंत ज्ञान)



# डॉक्टर न होने पर भड़के लोग

## नगवाईं अस्पताल के बाहर युवा संघ टकोली ने किया धरना-प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

सिविल अस्पताल नगवाईं में इन दिनों स्वास्थ्य सेवाएं चरमराई हुई है। सिविल अस्पताल नगवाईं में करीब दो सप्ताह से कोई भी डॉक्टर नहीं हैं। अस्पताल में डॉक्टर न होने से मरीजों और स्थानीय लोगों में रोष पनपने लगा है।

शुक्रवार को स्थानीय लोगों ने युवा संघ टकोली के बैनर तले धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान लोगों ने सरकार से चिकित्सकों के खाली पद जल्द भरने की मांग की है। युवा संघ टकोली के प्रधान प्रेम सिंह ने बताया कि अस्पताल में कई दिनों से चिकित्सक नहीं हैं और दूर-दूर से आए मरीज परेशान हो रहे हैं। लोगों की समस्या को देखते हुए युवा संघ टकोली ने शुक्रवार को अस्पताल के बाहर धरना-प्रदर्शन किया और सरकार से डॉक्टरों की तैनाती करने की मांग की। अस्पताल में दूर दराज से आए मरीजों सोमा देवी ज्वालापुर, नर्बदा देवी लारजी कुल्लू, राधा देवी औट आदि ने बताया कि वे काफी दूर से अपना इलाज करवाने यहां आए हैं, लेकिन अब डॉक्टर नहीं होने पर कहां जाएं, यहां से जिला मुख्यालय कुल्लू व मंडी दूर पड़ता है। जानकारी के अनुसार सिविल अस्पताल नगवाईं में चिकित्सकों के स्वीकृत छह पदों में से केवल दो ही चिकित्सक है, बाकी चार पद खाली है। सीएमओ नरेंद्र भारद्वाज ने कहा कि जितना संभव होगा समस्या का समाधान किया जाएगा।



## जोगिंद्रनगर में 150 गाड़ियों की हुई पासिंग

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर उपमंडल में शुक्रवार को गाड़ियों की पासिंग की गई। एमबीआई साहिल धर्मानी ने बताया कि जोगिंद्रनगर में सुबह 10 से शाम पांच बजे तक 150 गाड़ियों की पासिंग की गई और शनिवार को ड्राइविंग लाइसेंस के लिए गाड़ी व बाइक के ट्रायल लिए जाएंगे। उन्होंने जोगिंद्रनगर के लोगों से अपील की है कि जिनके ड्राइविंग लाइसेंस ट्रायल है वे ऑनलाइन स्लॉट बुक करके शनिवार को सुबह 10 बजे डोहग ग्राउंड पहुंच जाएं। इस अवसर पर जोगिंद्रनगर एसडीएम ऑफिस से अजय चौधरी व हिमाचल पथ परिवहन निगम जोगिंद्रनगर डिपो से विकास कुमार मौजूद रहे।

# कभी भी गिर सकती है कांग्रेस सरकार : अजय राणा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय राणा ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रकाश चौधरी के पार्टी छोड़ने पर व्यंग्य करते हुए कहा कि हिमाचल में कांग्रेस पार्टी की अंतर कलह खुलकर सामने आ गई है। कांग्रेस के बहुत से नेता भाजपा के संपर्क में हैं और कांग्रेस सरकार कभी भी गिर सकती है। भाजपा द्वारा भी राज्यसभा चुनाव के लिए अपना प्रत्याशी मैदान में उतारा गया है, उनके चुनाव जीतते ही कांग्रेस दोफाड़ हो जाएगी। उन्होंने कहा कि अनदेखी से परेशान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रकाश चाौधरी ने पार्टी छोड़ दी है। उन्होंने कहा कि प्रकाश चौधरी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के साथ पूर्व मंत्री भी रहे हैं और वह स्व. वीरभद्र सिंह के भी खास रहे हैं। ऐसे में अगर वरिष्ठ नेता ही पार्टी को छोड़ रहे हैं तो इससे पता चलता है कि कांग्रेस पार्टी की स्थिति ठीक नहीं है। भाजपा नेता अजय राणा ने बताया कि इससे पहले कांग्रेस के विधायक एवं पूर्व मंत्री सुधीर शर्मा भी अपनी पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोल चुके हैं और कांग्रेस विधायक राजेंद्र राणा भी आए दिन अपनी पार्टी के खिलाफ बयान देते नजर आ रहे हैं। वहीं कांग्रेस पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और सीएम सुखविंद्र सिंह में हो रही तनातनी से पूरा प्रदेश अवगत है।



# मंडी में सिम्मी अग्निहोत्री को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

स्थानीय गांधी भवन हॉल में 16 परिवारों की अति वरिष्ठ महिलाओं द्वारा गठित किट्टी क्लब की सदस्यों ने तेजा गोयल की पुत्री सिम्मी अग्निहोत्री के आकस्मिक निधन पर शोक प्रकट किया है। इस अवसर पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई तथा दो मिनट का मौन भी उनकी स्मृति में रखा गया। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई और परिवार के सदस्यों को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति देने की ईश्वर से प्रार्थना की। क्लब की कई सदस्यों ने अपने व्यक्तिगत अनुभव भी सांझा किए और इस अवसर पर वरिष्ठ महिला किट्टी क्लब की प्रधान कृष्णा टंडन ने बताया कि सिम्मी अग्निहोत्री ने छोटी सी उम्र में ही समाजसेवा करके अपनी एक विशेष पहचान बना ली थी। सदैव हंसमुख, मिलनसार व मृदुभाषी मंडी नगर की इस प्रतिभा संपन्न बेटी ने अपने प्रत्येक कार्य का दक्षतापूर्ण ढंग से निर्वाह किया और अपने पतिदेव के साथ कंधे से कंधा मिलाकर दुखी, अक्षम, असहाय व निर्धन लोगों की सहायता करके अपने आकर्षक व्यक्तित्व को स्मरणीय व अनुकरणीय बना दिया। मंडी नगर के भगवाहन मोहल्ला में स्थित प्रसिद्ध जरौरा रा घर में जन्मी इस बेटी ने सभी लोगों के दिलों में जगह बनाई और उनके इस असमय प्रस्थान से सभी गमगीन हैं।

## अश्लील हरकतें करने का वीडियो वायरल

**मंडी।** सुंदरनगर बीएसएल जलाशय के किनारे अश्लील हरकतें करते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो कब का है और किसने बनाया है इसको लेकर अभी तक कोई जानकारी स्पष्ट नहीं हो पाई है लेकिन वीडियो में युवक और युवती लगातार अश्लील हरकतें करते हुए नजर आ रहे हैं जिस कारण स्थानीय लोगों में भारी रोष है। पहले भी सुंदरनगर उपमंडल के कई पार्कों और बीएसएल जलाशय के किनारे मर्यादा को तार तार करने की कई घटनाएं सामने आ चुकी है। डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है क्षेत्र में पुलिस की गश्त बढ़ाई जाएगी ताकि इस तरह के मामले सामने न आएं। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि अपने बच्चों पर भी नजर बनाए रखें।

# गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं की मजबूती पर बल

**डीसी ने ली जिला टास्क फोर्स और गुणवत्ता आश्वासन समिति की बैठक**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**


बैठक की अध्यक्षता करते डीसी मंडी अपूर्व देवगन।

उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने शुक्रवार को सीएमओ सभागार में जिला टास्क फोर्स और जिला गुणवत्ता आश्वासन समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिले में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं की मजबूती पर बल दिया। उन्होंने इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों से एकीकृत प्रयासों का आह्वान किया। उपायुक्त ने जिले में राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर तीन मार्च को सघन पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत 0.5 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 67186 बच्चों को बूथ स्तर पर पल्स पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। अभियान को सफल बनाने के लिए जिलेभर में 1103 पल्स पोलियो बूथ स्थापित किए जाएंगे। उपायुक्त ने कोटली, धर्मपुर तथा लड़भडोल अस्पताल में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को लेकर जल्द बनाएं प्राक्कलन बनाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार ने उपायुक्त का स्वागत करते हुए जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति से अवगत कराया। बैठक में नगर निगम के आयुक्त एचएस राणा, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

**समस्या** जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र में चरमराई स्वास्थ्य सुविधाएं, लोगों को नहीं मिल रहा लाभ

# कहीं डाक्टर नहीं तो कहीं नहीं हो रहे पूरे टेस्ट

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

विधानसभा क्षेत्र जोगिंद्रनगर में डेढ़ लाख आबादी को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के दावे कांग्रेस सरकार में भी हवा हवाई ही साबित हो रहे हैं। लडभड़ोल अस्पताल में चिकित्सकों की कमी के चलते सन्नाटा पसरा हुआ है। करीब 18 पंचायतों के मरीज जब नागरिक अस्पताल जोगिंद्रनगर पहुंच रहे हैं, तो यहां पर स्वास्थ्य संसाधनों की कमी का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ रहा है। बता दें कि लडभड़ोल अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों के पांच पद लंबे अरसे से खाली चले हुए हैं। सामुदायिक अस्पताल चौंतड़ा में भी चिकित्सकों की कमी के चलते स्टाफ लाचार है। तीनों ही अस्पतालों में ब्लड बैंक की सुविधा कई सालों से ठप्प पड़ी हुई है। ईसीजी, अल्ट्रासाउंड सेवाओं के अभाव का दंश झेल रहे मरीजों को जीवन रक्षक दवाओं की भी कमी सताने लगी है। जोगिंद्रनगर अस्पताल में भले ही विशेषज्ञ चिकित्सक तैनात हों, लेकिन संसाधनों की कमी के चलते मरीजों को कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। जोगिंद्रनगर अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की भीड़ और सरकारी लैब में चुनिंदा टेस्ट स्वास्थ्य सुविधाओं की पोल खोलते नजर आ रहे हैं। उपमंडल स्तर पर प्रर्याप्त सुविधाएं न मिलने पर जिला मुख्यालयों में उमड़ती भीड़ सरकार की नीतियों पर करारा प्रहार करती है। उपमंडलीय अस्पताल की दो प्रयोगशालाओं में सीबीएस और बायो कैमिस्टरी टेस्ट की मशीनें भी हांफने से मरीजों को परेशानी झेलनी पड़ रही है, वहीं सामुदायिक अस्पताल चौंतड़ा की बात करें, तो यहां पर भी दवा से लेकर महत्वपूर्ण टेस्टों को लेकर मरीजों को निजी क्लिनिकों का रूख करना पड़ रहा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की बात करें तो गोलवां, मकरीड़ी तुलाह और लडभड़ोल क्षेत्र के अधिकांश स्वास्थ्य केंद्रों में केवल प्राथमिक उपचार ही मिल पा रहा है।

> जोगिंद्रनगर उपमंडल के सरकारी अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियुक्त चिकित्सक, फार्मासिस्ट और नर्सिंग स्टाफ मरीजों को स्वास्थ्य लाभ दिलाने में अपने नैतिक धर्म का निर्वहन पूरी ईमानदारी और निष्ठा से कर रहा है। जहां पर विशेषज्ञ चिकित्सकों के अभाव से मरीजों को परेशानी झेलनी पड़ रही है उसमें जल्द ही सुधार लाया जाएगा।
>
> **-डॉ. नरेंद्र भारद्वाज, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मंडी।**



लडभड़ोल खंड के अधिकारी डॉ. एके सिंह ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में जिन सुविधाओं का अभाव है उन्हें जल्द पूरा कर लिया जाएगा। अस्पताल के एसएमओ डॉ. रोशन लाल कौंडल ने बताया कि आवश्यक स्वास्थ्य संसाधनों में विस्तार को लेकर वह स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों के संपर्क में हैं। (अनंत ज्ञान)

## नोडल अधिकारी अपने दायित्व का बखूबी निर्वहन करें

**जोगिंद्रनगर।** सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत तैनात विभिन्न नोडल अधिकारी अपने दायित्व का बखूबी निर्वहन सुनिश्चित बनाएं ताकि लोकसभा चुनाव को बेहतर ढंग से संपन्न करवाया जा सके। एसडीएम ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव को लेकर जोगिंद्रनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से तैनात विभिन्न नोडल अधिकारियों के साथ बैठक में कहा कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए जोगिंद्रनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से विभिन्न अधिकारियों व कर्मचारियों को चुनाव की दृष्टि से विभिन्न दायित्वों की जिम्मेदारी सौंपी गई है।











विधानसभा के बजट सत्र में शिरकत के लिए जाते लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह।



शिमला में विधानसभा के बजट सत्र में शिरकत के लिए जाते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।



शिमला में विधानसभा के बजट सत्र में शिरकत के लिए जाते नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और अन्य भाजपा विधायक।



शिमला में विधानसभा के बजट सत्र में शिरकत के लिए जाते स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल।



विधानसभा के बजट सत्र में शिरकत के लिए जाते कांग्रेस विधायक सुधीर शर्मा।



बजट सत्र में शिरकत के लिए जाते पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह।



शिमला में विधानसभा सदन को जाते भाजपा विधायक बलबीर वर्मा।

# अली खड्ड पानी विवाद पर विस से विपक्ष का वॉकआउट, बाहर गरजे आउटसोर्स कर्मी

## आउटसोर्स कर्मियों ने स्थायी नीति की उठाई मांग, सरकार जारी करे 58 साल तक नौकरी की अधिसूचना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन प्रश्नकाल के दौरान सदन के अंदर जहां विपक्ष ने अली खड्ड पेयजल योजना विवाद को लेकर हंगामा करते हुए वॉकआउट किया तो वहीं सदन के बाहर आउटसोर्स कर्मियों ने हल्ला बोला। प्रदेश में विभिन्न विभागों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मियों ने शुक्रवार को विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन चौड़ा मैदान में सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया। आउटसोर्स कर्मी सरकार से उनके लिए नीति बनाने की मांग कर रहे हैं। सरकार ऐसा नहीं करती है तो नोटिफिकेशन निकाले, जिसमें 58 वर्ष की आयु तक नौकरी का एग्रीमेंट किया जाए।

आउटसोर्स कर्मियों का कहना है कि हर वर्ष उनकी नौकरी पर खतरे की तलवार लटकी रहती है। उन्होंने कहा कि सरकार उनके लिए कोई स्थायी नीति बनाएं। आउटसोर्स के तहत पिछले 20 वर्षों से लोग सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन आज तक उन्हें नियमित नहीं किया गया। ठेका प्रथा पर सरकार को लगाम लगानी होगी, ठेकेदार तो मुनाफा कमा रहा है, लेकिन उनको दी जाने वाली सैलरी नकाफी है। आउटसोर्स कर्मियों ने कहा कि उन्हें सुक्खू सरकार से काफी उम्मीदें हैं।

सरकार ने कर्मचारियों को ओपीएस दिया है तो उनके लिए नीति बनाकर वेतन वृद्धि की जाएगी। सरकार ऐसा नहीं करती है तो अधिसूचना निकाले, जिसमें 58 साल तक की नौकरी की सुरक्षा दी जाए।



अली खड्ड पानी विवाद को लेकर हिमाचल प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन सदन से वॉकआउट कर नारेबाजी करते हुए बाहर आते भाजपा विधायक।

### जेओएआईटी अभ्यर्थियों का क्रमिक अनशन जारी

**चौड़ा** मैदान में जेओएआईटी अभ्यर्थी का क्रमिक अनशन जारी है। इनका कहना है कि जब तक सरकार उनकी मांगों को पूरा नहीं करती है, तब तक अनशन जारी रहेगा। जेओएआईटी अभ्यर्थी की मांग है कि इनका रिजल्ट आ चुका है, लेकिन नियुक्तियां नहीं दी जा रही है। सरकार ने इस मामले को लटका कर रखा है।



### आउटसोर्स कर्मचारियों और जेओएआईटी अभ्यर्थी से मिले नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर



**नेता** प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर आउटसोर्स कर्मचारी व जेओएआईटी अभ्यर्थी से मिले। इस दौरान उन्होंने आउटसोर्स कर्मचारी व जेओएआईटी अभ्यर्थियों को आश्वासन दिया कि वह उनके साथ खड़े हैं और यह मुद्दा विधानसभा में उठाया जाएगा।



विधानसभा के बजट सत्र में शिरकत के लिए जाते विधायक ।

### एक हफ्ते में उपलब्ध हो जाएंगे बिजली के मीटर

**विनोद** कुमार ने सरकार की मदद से बने आवासों में मीटर उपलब्ध न होने, डॉ. हंसराज ने स्टाफ की कमी, सुखराम ने बिजली मीटर के लिए टैंडर करने में देरी होने और विनोद कुमार ने ट्रांसफार्मर उपलब्ध नहीं होने का मामला उठाया। विधायकों ने सर्विस वायर उपलब्ध नहीं होने एवं बिजली पोल लगवाने के लिए लोगों से खुद लेबर उपलब्ध करवाए जाने जैसे विषयों को उठाया। मुख्यमंत्री ने इस पर कहा कि मीटर एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध हो जाएंगे तथा बिजली मीटर टैंडर प्रक्रिया अंतिम चरण में है। इसके अलावा स्टाफ की कमी को दूर करने के लिए आउटसोर्स और मल्टी पर्पस वर्कर की नियुक्ति करने का प्रस्ताव है। उन्होंने यह जानकारी विधायक राजेंद्र राणा, विनोद कुमार, डॉ. जनकराज, डॉ. हंसराज और सुखराम चौधरी की तरफ से पूछे गए प्रश्न के उत्तर में दी।

## सदन में 10307. 59 करोड़ का अनुपूरक बजट ध्वनिमत से पास

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश विधानसभा में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 10307.59 करोड़ रुपए का अनुपूरक बजट पेश किया, शुक्रवार को यह पारित हो गया है। चालू वित्त वर्ष के लिए अनुपूरक अनुदान मांगों की यह पहली और अंतिम किस्त है। पिछले वित्त वर्ष में अनुपूरक बजट 13 हजार करोड़ रुपए से अधिक का था। प्रस्तुत अनुपूरक बजट में से 7267.41 करोड़ रुपए राज्य स्कीमों के लिए और 3040.18 करोड़ केंद्रीय प्रायोजित स्कीमों के लिए रखे गए हैं। राज्य स्कीमों के तहत मुख्यतः 3367 करोड़ 76 लाख रुपए वेज एंड मींस और ओवर ड्राफ्ट के लिए, 696 करोड़ 44 लाख जलापूर्ति एवं मल निकासी योजनाओं के लिए, 598 करोड़ 71 लाख पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति लाभ के लिए, 442 करोड़ नौ लाख हिमाचल पथ परिवहन निगम को सहायत 372 करोड़ 66।

विद्युत उपदान और एचपीपीसीएल को ऋण 279 करोड़ 32 लाख अस्पतालों के निर्माण, हिमकेयर योजना और मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष, 215 करोड़ दो लाख सड़कों और पुलों के लिए, 110 करोड़ 76 लाख रुपए बहु-उद्देशयीय भवनों, मिनी सचिवालयों, द्वारका, नई दिल्ली में राज्य अतिथि गृह के निर्माण और कार्यालय भवनों के रख-रखाव के लिए, 110 करोड़ 67 लाख। वहीं, रेल परियोजनाओं के लिए, 102 करोड़ 47 लाख 15वें वित्तायोग और अमृत के अंतर्गत शहरी स्थानीय निकायों को सहायता अनुदान, ढली सुरंग और खलीनी फ्लाई ओवर के निर्माण के लिए, 96 करोड़ 25 लाख ब्याज अदायगियों को, 87 करोड़ 26 लाख पोलिटेक्निक कालेजों, आईटीआई, स्कूल और कॉलेज के भवनों के निर्माण और वेतन अदायगी को, 80 करोड़ 85 लाख।

आपदा प्रभावित परिवारों के पुनर्वास और सलापड़ में एनडीआरएफ भवन के पुनर्निर्माण को, 71 करोड़ 18 लाख एचपी-शिवा प्रोजेक्ट और कीटनाशकों की खरीद को, 63 करोड़ 87 लाख 57 करोड़ 45 लाख वन विभाग को इंटीग्रेटिड डवलपमेंट प्रोजेक्ट और जायका प्रोजेक्ट के लिए, 55 करोड़ 95 लाख रुपए खर्च होंगे।

# कांग्रेस जनता के दिलों पर राज करती है, पट्टिकाओं पर नहीं: सीएम सुक्खू

## कहा- पूर्व मुख्यमंत्री की उद्घाटन पट्टिकाओं को हटाने की नहीं है जानकारी

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की तरफ से ओकओवर में लगी लिफ्ट व लोगों की समस्याओं को सुनने के लिए बनाए गए परिसर से पट्टिका को हटाए जाने को लेकर कहा कि उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं है। फिर भी यदि वहां पर पहले से लगी पट्टिका को हटाया गया होगा, तो फिर से लगाया जाएगा।



उद्घाटन पट्टिकाओं पर निर्वाचित प्रतिनिधि और ओहदों पर बैठे नेताओं के नाम ही अंकित किए जाएंगे। उन्होंने यह जानकारी विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, विधायक पूर्ण चंद ठाकुर एवं राकेश जम्वाल की तरफ से पूछे गए प्रश्न के उत्तर में दी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोगों के दिलों पर राज करती है, ऐसे में उसको पट्टिकाओं को लगाने में विश्वास नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार भविष्य में शिलान्यास व उद्घाटन पट्टिकाओं पर निर्वाचित प्रतिनिधियों और सरकारी ओहदों पर बैठे नेताओं के नाम ही पट्टिका में अंकित करने को लेकर अधिकारियों के लिए गाइडलाइन जारी करेगी। यदि कोई इसका पालन नहीं करेगा, तो उसके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। वहीं, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि पट्टिकाओं को हटाए जाने की बात तो छोड़िए, वह जिस बगशैड़ स्कूल में पढ़े हैं, वहां पर कार्यक्रम में जाने के तीसरे दिन बाद सारे शिक्षकों को बदल दिया गया। उन्होंने कहा कि ओकओवर में लिफ्ट और लोगों की समस्याएं सुनने के लिए बनाई गई जगह से तो उनकी पट्टिका हटाई ही गई, इसके अलावा चुने प्रतिनिधियों के नाम अंकित नहीं किए जा रहे हैं।

### निर्वाचित प्रतिनिधि व ओहदों पर बैठे नेताओं के ही नाम होंगे अंकित

### मुख्यमंत्री बोले- राणा जी की पीड़ा जानता हूं

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रश्न का उत्तर देते हुए जब यह कहा कि मैं राणा जी की पीड़ा जानता हूं, तो सदन में खूब ठहाके लगे। दरअसल सरकार के कामकाज से विधायक राजेंद्र राणा पहले कुछ आपत्तियां दर्ज करवा चुके हैं।

### लाखों खर्च पर कूहल में नहीं आया पानी



**विधायक** इंद्र सिंह गांधी ने विधानसभा में सिंचाई योजना ढांगू कूहल का मामला उठाया। उनका कहना था कि लाखों की राशि खर्च करने के बावजूद कूहल में पानी नहीं आया है। उनकी तरफ से पूछे गए प्रश्न के उत्तर में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि प्राकृतिक आपदा के कारण उनके क्षेत्र में 20 में से सात सिंचाई योजनाएं रिस्टोर हुई हैं। उन्होंने कहा कि ढांगू कूहल पर वर्ष, 2015-16 से वर्ष, 2022-23 तक 7,19,614 रुपए व्यय किए गए हैं।

### 10,023 आवास पात्र लाभार्थियों को स्वीकृत



**ग्रामीण** विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने विधायक सुखराम चौधरी की तरफ से पूछे गए प्रश्न के उत्तर में कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत 15 जनवरी, 2024 तक 10,023 आवास पात्र लाभार्थियों के लिए स्वीकृत हुए हैं। इसके अलावा बाढ़ से प्रभावित व्यक्तियों को आवास निर्माण के लिए विशेष राहत पैकेज के तहत सात लाख रुपए प्रदान करने का प्रावधान है। विशेष राहत पैकेज के तहत जिन लाभार्थियों को आवास योजना के तहत 1,30,000 रुपए की राशि प्रदन की गई है, उन्हें विशेष राहत पैकेज के अंतर्गत मिलने वाली सात लाख रुपए की राशि में सम्मिलित किया गया है।

### गेहूं की पैदावार में 15% उत्पादन कम होने का अनुमान



**विधायक** चंद्रशेखर की तरफ से पूछे गए एक अन्य प्रश्न के उत्तर में कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा कि प्रदेश में चालू रबी मौसम के दौरान प्रारंभिक आकलन के अनुसार गेहूं की पैदावार में लगभग 15 फीसदी उत्पादन कम होने का अनुमान है। इसी तरह स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल ने विधायक जीतराम कटवाल की तरफ से पूछे गए प्रश्न के उत्तर में कहा कि बिलासपुर जिले में कुल 170 स्वास्थ्य संस्थान हैं तथा सरकार झंडूता विधानसभा क्षेत्र में खाली पदों को भरने का प्रयास करेगी। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने विधायक चैतन्य शर्मा की तरफ से पूछे गए प्रश्न के उत्तर में कहा कि खादी एवं ग्राम इंडस्ट्री आयोग की तरफ से चलाई जा रही याजनाओं के संदर्भ में जानकारी दी।

### 31 मार्च तक 20,000 को देंगे रोजगार: सीएम सुक्खू

**विधायक** राकेश जम्वाल की तरफ से पूछे गए प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकार 31 मार्च तक रोजगार के 20 हजार अवसर उपलब्ध करवाएगी। राकेश जम्वाल का कहना था कि सरकार को राजनीति करने की बजाय युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखकर रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने चाहिएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने अधीनस्थ चयन आयोग को इसलिए भंग किया, क्योंकि वहां पर नौकरियां बिक रही थीं। नवगठित चयन आयोग में कंप्यूटर बेस परीक्षा होगी और इसके लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। इसके अलावा पुलिस भर्ती परीक्षा को लोक सेवा आयोग करेगा तथा पुलिस फिजिकल टेस्ट लेगी। जे.ओ.ए. आई.टी. मामले को भी सरकार सुलझाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व सरकार में अधीनस्थ चयन आयोग में पेपर लीक का गोरखधंधा चला हुआ था तथा वर्तमान सरकार आंख बंद करके सोई नहीं रही।

# 101 .64 करोड़ से विकसित होगा औद्योगिक क्षेत्र खड़ीन

**जय ठाकुर, शिमला**

हिमाचल प्रदेश को वर्ष 2025 तक हरित राज्य बनाने के लक्ष्य को लेकर चली मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार ने राज्य में हरित उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए राज्य उद्योग निदेशालय औद्योगिक क्षेत्र खड़ीन, परवाणु, जिला सोलन में इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्लस्टर स्थापित करने के लिए एक प्रस्ताव तैयार किया है।

इस संबंध में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को विस्तृत परियोजना रिपोर्ट सौंपी है। उद्योग निदेशक राकेश कुमार प्रजापति ने बताया कि ईएमसी को 101.64 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से विकसित किया जाएगा। सीएफसी में टूल रूम, आर एंड डी सेंटर, इनक्यूबेशन सेंटर, प्रशिक्षण सुविधा, कौशल विकास केंद्र, कन्वेंशन सेंटर, ऑडिटोरियम आदि जैसी सुविधाओं का लाभ स्मार्ट मीटर, सोलर इनवर्टर, ईवी चार्जर, सोलर अनइंटरप्टिबल पावर सप्लाई के निर्माताओं द्वारा उठाया जाएगा। एलईडी लाइटिंग आदि आसपास के क्षेत्र में स्थित हैं। प्रजापति ने बताया कि ईएमसी 2.0 योजना के दिशानिर्देशों के अनुसार, कुल अनुदान 75 करोड़ रुपए है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित किया जाएगा और शेष राशि उचित समय पर राज्य द्वारा वहन की जाएगी।

सीएफसी के विकास से औद्योगिक बुनियादी ढांचे में सुधार होगा और परवाणू क्षेत्र में लघु और मध्यम उद्योगों पर कई गुना प्रभाव पड़ेगा, जिससे रोजगार के अवसर पैदा होंगे और क्षेत्र की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। यह सुविधा राज्य में अनुसंधान एवं विकास, नवाचार और नेटवर्किंग को बढ़ावा देगी, जिससे उत्पादों की गुणवत्ता मानक में सुधार होगा। (अनंत ज्ञान)

### उद्योगों को मिलेगी सुविधा

**परवाणू** इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील तनेजा और सीआईआई, हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष गगन कपूर ने परवाणू क्षेत्र में उद्योगों के लिए इस सुविधा का प्रस्ताव देने के लिए मुख्यमंत्री और माननीय उद्योग मंत्री का आभार व्यक्त किया। दोनों ने कहा कि प्रस्तावित सुविधा निश्चित रूप से लागत प्रभावी तरीके से राज्य में एमएसएमई की परिचालन दक्षता को बढ़ावा देगी। स्थापित की जा रही यह सुविधा राज्य में अपनी तरह की पहली सुविधा है।

# कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के इस्तीफे ने कटघरे में खड़े किए कई कांग्रेस नेता

**अनिल शर्मा, मंडी**

लोकसभा चुनाव से पहले जिला मंडी में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रकाश चौधरी के इस्तीफे ने कई नेताओं को कटघरे में खड़ा कर दिया है। वहीं, दूसरी तरफ भाजपा इस मुद्दे को भुनाने लग गई है। यदि कांग्रेस के कुछ नेता मुखिया का मुखौटा लेकर अपनी धौंस दिखाते रहे तो वह दिन दूर नहीं जब आपरेशन लोट्स की नौबत भी आ सकती है।

उधर, हिमाचल में राज्यसभा की एकमात्र सीट पर होने वाले चुनाव मैदान में हर्ष महाजन को उतराना भी भाजपा की रणनीति है, जिसके परिणाम अभी आने बाकी हैं, लेकिन हमीरपुर, कांगड़ा में कांग्रेस के विधायकों द्वारा अपनी ही सरकार की अलोचना करना भी कहीं न कहीं आपरेशन लोट्स और राज्यसभा का चुनाव जीतने में भाजपा के लिए लाभ का संकेत लग रहा है। राज्यसभा चुनाव में हिमाचल के किसी नेता को न उतार बाहरी राज्य के कांग्रेस नेता को उतारना भी कांग्रेस के अधिकतर नेताओं को रास नहीं आ रहा है। इससे पूर्व भी कांग्रेस ऐसे नेताओं को राज्यसभा का प्रतिनिधित्व देती रही है, जो हिमाचल के लिए कुछ भी नहीं कर पाए, क्योंकि उन्हें राजनीति के सिवाय हिमाचल प्रदेश से कुछ लेना-देना नहीं था। मंडीवासियों को उम्मीद थी कि भाजपा का रथ रोकने के लिए पूर्व मंत्री कौल सिंह को राज्यसभा चुनाव में उतारा जा सकता है, लेकिन कांग्रेस के इस फैसले ने मंडी और कुल्लू वासियों की उम्मीदों को पुनः धो दिया, जिसका सीधा परिणाम लोकसभा चुनाव में देखने को मिलेगा। कौल सिंह को चुनाव मैदान में न उतार कर मंडी जिला में भाजपा को एकछत्र राज्य करने का लाइसेंस देने वाला कांग्रेस हाइकमान दिल्ली दरबार में बहुमत की चाहत नहीं रखती है।

यदि कांग्रेस हाईकमान ने समय रहते मामला नहीं सुलझाया तो हिमाचल में कांग्रेस के लिए राह और कठिन हो जाएगी। (अनंत ज्ञान)

**सियासत** क्रॉस वोटिंग के डर से कुछ विधायकों की हो सकती है सरकार में ताजपोशी

# हर्ष महाजन के मैदान में उतरने से कांग्रेस विधायकों की नैया होगी पार

**अरविंद शर्मा, शिमला**

राज्यसभा के लिए भाजपा द्वारा हर्ष महाजन को उम्मीदवारी देने के बाद प्रदेश के कई कांग्रेस विधायकों की नैया पार लग सकती है। कांग्रेस के कई विधायक सरकार से नाराज चल रहे हैं। ऐसे में राज्यसभा चुनावों में क्रॉस वोटिंग के डर से कांग्रेस भी अब अलर्ट हो गई है। कांग्रेस अब अपने नाराज विधायकों को मनाने के लिए नया दांव खेलने की तैयारी कर रही है।



अब जल्द ही नाराज विधायकों को कांग्रेस कई ओहदे प्रदान कर सकती है। इस मसले पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सहित प्रदेश कांग्रेस प्रभारी राजीव शुक्ला के बीच गहरी मंत्रणा हुई है। वीरवार देर शाम शीशल होटल में मुख्यमंत्री और राजीव शुक्ला सहित कुछ मंत्रिमंडल के सदस्यों के बीच गहरी मंत्रणा हुई है। इस बैठक के कई मायने लगाए जा रहे हैं। बैठक में सामने आया है कि कांग्रेस के जो विधायक नाराज चल रहे हैं, उनकी नाराजगी दूर करने के लिए अलग से बैठक की जाएगी। इस बैठक में पार्टी प्रभारी राजीव शुक्ला ने नाराजगी भी व्यक्त की है कि मीडिया में जाकर कांग्रेस विधायक सरकार के विरुध बयानबाजी कर रहे हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार शुक्ला ने मुख्यमंत्री और संगठन को साथ चलने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में प्रदेश की आर्थिक स्थिति को देखते हुए समय आने पर विधायकों और संगठन के लोगों को सरकार में नए ओहदे प्रदान किए जाएंगे। इस बैठक में खास तौर पर धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा और सुजानपुर के विधायक राजेंद्र राणा को किस ओहदे पर बिठाया जाए इस पर खास चर्चा की गई। (अनंत ज्ञान)

### मुख्यमंत्री और कांग्रेस प्रभारी राजीव शुक्ला के साथ ताजपोशी को लेकर हुई गहरी मंत्रणा

### लोकसभा चुनावों में बढ़त दिलाने वाले विधायकों को मिलेगा तोहफा

**आगामी** लोकसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी विधानसभा स्तर पर अपने-अपने उम्मीदवारों को बढ़त दिलाने के लिए भी रणनीति तैयार कर रही है। पार्टी प्रभारी के साथ हुई बैठक में लोकसभा उम्मीदवार को लेकर भी चर्चा की गई है। इस दौरान विधायकों द्वारा लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को बढ़त दिलाने वाले विधायकों के पोर्टफोलियों के आधार पर भी उनकी ताजपोशी की जा सकती है। पार्टी सूत्रों के अनुसार जिन मंत्रियों और विधायकों को ओहदे प्रदान किए गए हैं, उन विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी को बढ़त नहीं मिलती है तो ऐसे विधायकों व मंत्रियों को अपनी ओहदे से भी हाथ धोना पड़ सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### चुनावी बॉन्ड योजना को निरस्त करने का स्वागत

**शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिभा सिंह ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा चुनावी बॉन्ड योजना को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने के मामले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस शुरू से ही इस प्रस्ताव व बॉन्ड के खिलाफ थी। प्रतिभा सिंह ने कहा है कि 2017 में जब एनडीए सरकार ने इस चुनावी बॉन्ड योजना को वित्त विधेयक के रूप में संसद में पेश किया था। उस समय भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने इसकी अपारदर्शी अलोकतांत्रिक और हानिकारक प्रकृति की स्पष्ट रूप से इसका विरोध करते हुए इसकी निंदा की थी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिभा सिंह को कांग्रेस सेवार्थ ट्रस्ट सोलन का सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया है। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में आयोजित ट्रस्ट की बैठक में प्रतिभा सिंह, बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी, विधायक सुधीर शर्मा, पूर्व मंत्री गंगू राम मुसाफिर, विशेष आमंत्रित सदस्य स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर कर्नल धनीराम शांडिल, सुरेंद्र सेठी व कांग्रेस सेवार्थ ट्रस्ट के सचिव अरविंद गुप्ता उपस्थित थे।

### किन्नौरी, पहाड़ी व फिल्मी गीत प्रस्तुत किए

**रिकांगपिओ।** केंद्रीय विद्यालय रिकांगपिओ में 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के लिए विदाई एवं आशीर्वचन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य संजीव राणा ने दीप प्रज्ज्वलन कर की। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए छात्रों द्वारा किन्नौरी, पहाड़ी व फिल्मी गीत प्रस्तुत किया गया। इसके बाद सभी कक्षा बारहवीं के छात्र-छात्राओं ने अपना परिचय देते हुए विद्यालय में गुजारे हुए पलों की यादें साझा की। इस अवसर पर मिस्टर फेयरवेल आर्यन को चुना गया। मिस्टर पारंपरिक पोशाक कृष्ण कांत नेगी ,सुश्री पारंपरिक पोशाक कोमल नेगी को चुना गया। विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह के दौरान पीजीटी इतिहास त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को शिक्षा ग्रहण करने के दौरान सौ प्रतिशत योगदान देने की बात कही।

### सड़क दुर्घटनाओं के कारणों पर चर्चा की

**रिकांगपिओ।** किन्नौर जिला परिवहन विभाग द्वारा उपायुक्त कार्यालय में सुरक्षा सप्ताह के समापन के अवसर पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उपायुक्त किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं के कारणों पर चर्चा करना और उन्हें कम करने के उपायों विचार-विमर्श करना था। कार्यशाला में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, होमगार्ड के कमांडेंट सहित विभिन्न हितधारक विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

### रंगोली में दिव्यांश व कृतिका सर्वश्रेष्ठ चुने

**सुन्नी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलसिंडी में रंगोत्सव कार्यक्रम के तहत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के कला अध्यापक अनिल कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। रंगोली प्रतियोगिता का अवलोकन विद्यालय के प्रधानाचार्य बेली राम ठाकुर द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों की ओर से बनाई गई रंगोली की प्रशंसा करते हुए इस प्रकार क्रियाकलापों में बढ़-चढ़कर भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया। रंगोली प्रतियोगिता में दिव्यांश कक्षा सातवीं और कृतिका कक्षा छठी की रंगोली को सर्वश्रेष्ठ चुना गया।

### वंदे भारत में सुखद सफर का हुआ अनुभव

**शिमला।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश प्रभारी अविनाश राय खन्ना ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को वंदे भारत रेलगाड़ी में पीने के लिए दी जाने जाने वाली पानी की बोतल को शताब्दी की तरह आधा लीटर करने के लिए पत्र लिखकर यह कहा था कि पूर्व में शताब्दी में पीने के लिए एक लीटर पानी की बोतल दी जाती थी। मैने यह विषय पूर्व रेलमंत्री के समक्ष रखा था और उनसे आग्रह किया कि वंदे भारत में भी शताब्दी की तरह आधा लीटर की पानी की बोतल उपलब्ध करवाई जाए। अविनाश राय खन्ना ने कहा कि उन्हें वंदे भारत में बहुत सुखद एवं आरामदायक सफर करने का अनुभव हुआ इसके लिए भी रेल मंत्री का हार्दिक धन्यवादी है। इसमें भी यात्रियों को दी जाने वाली एक लीटर पानी की जगह पहले आधा लीटर बोतल दी जाए।

### सुनिधि ने बॉक्सिंग में जीता रजत पदक

**शिमला।** राजशनी शिमला के एकमात्र सरकारी गर्ल्स कॉलेज आरकेएमवी की छात्रा सुनिधि नेगी ने चेन्नई के तमिलनाडु में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स के बॉक्सिंग प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल किया। यह प्रदेश के साथ कॉलेज के लिए गर्व की बात है। सुनिधि ने शुरू 54- 57 किलो भार वर्ग में भाग लिया। चेन्नई के तमिलनाडु में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स की बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जेएसडब्ल्यू परियोजना की तरफ से किन्नौर की चार लड़कियां खेलने गई थी, इसमें से सुनिधि नेगी ने रजत पदक हासिल कर उपलब्धि हासिल की। यह प्रतियोगिता 18 जनवरी से 24 जनवरी तक आयोजित की गई थी।

### रिज पर नाबार्ड मेले का किया आयोजन

**शिमला।** राजधानी शिमला के ऐतहासिक रिज मैदान पर नाबार्ड मेले का आयोजन किया गया। विभिन्न राज्यों के लोगों द्वारा इसमें प्रदर्शनी लगाई गई है। यह पांच दिवसीय मेला है। अरब महेक और पठान असीम ने गुजरात की संस्कृति को बढ़ावा देते हुए अपने सामानों में कांच का काम किया है। पहली बार शिमला में यह प्रदर्शनी लगाई गई। इसमे बैग, शॉल और कपड़े आदि सामान को रखा गया है। इन वस्तुओं को बनाने में दो महीने लगते हैं। इन सभी वस्तुओं को हाथों से बनाया गया है। बता दें कि इन सभी सामानों को एक ही महिला बनाती है। इसे महिला शौकिया तौर पर बनाती है। कोरोना काल के बाद इस कार्य को शुरू किया गया। अरब महेक ने बताया कि इस सामान की बनाने की ट्रेनिंग गुजरात के कछ भोज से ली है।

### खाली पदों को कब भरेगी सरकार : नंदा

**शिमला।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और नागरिक चिकित्सालय में मरीजों के उपचार का जिम्मा एक-एक डॉक्टर के पास है। कई महीनों से लगातार 24 घंटे से भी अधिक समय तक ड्यूटी देने के कारण अब चिकित्सक मानसिक रूप से परेशान हो रहे हैं। यह बात हिमाचल भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने कही। राज्य में भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा मानक के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और नागरिक चिकित्सालय में तय स्वीकृत पदों के तहत चिकित्सकों की तैनाती नहीं की है। नजाने यह सरकार इन खाली पदों को कब भरेगी, एक लाख नौकरी देने वाले आज एक भी नौकरी नहीं दे पा रहे।

### सुनील को किन्नौर कल्याण समिति की कमान

**सुन्नी।** किन्नौर कल्याण समिति का गठन पुरषोत्तम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सर्वसम्मति से गठित हुई इस समिति के अध्यक्ष पद के लिए सुनील नेगी को मनोनीत किया गया, जबकि उपाध्यक्ष पद के लिए संबल राम, मंजू मेहता को महासचिव ,प्रकाश चंद को सहसचिव, चंद्रावती को कोषाध्यक्ष तथा मंच संचालन सचिव के लिए विमल डेरमान को मनोनीत किया गया।

---

शिमला में सीटू ने पंचायत भवन से उपायुक्त कार्यालय तक किया धरना-प्रदर्शन, विभिन्न विभागों के कर्मचारियों के नारों से गूंज उठा शहर

# सरकार जनता को बना रही मूर्ख : सीटू

**आशिमा बैरागी, शिमला**



देशव्यापी प्रदर्शन के दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ रैली से पहले पंचायत भवन में एकत्र सीटू कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए।

राजधानी शिमला में केंद्रीय ट्रेड यूनियन द्वारा धरना-प्रदर्शन किया गया। विभिन्न विभाग के कर्मचारी इसमे शामिल रहे। शुक्रवार को पंचायत भवन से उपायुक्त कार्यालय तक धरना-प्रदर्शन किया गया। इसमे सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी शामिल रहे। किसानों से लेकर अस्पताल आंगनबाड़ी वर्कर्स इसमे शामिल रहे।

आंगनबाड़ी कर्मियों के वेतन में एक भी रुपए की बढ़ोतरी नहीं की है। बीते पंद्रह वर्षों में मिड-डे-मील कर्मियों के वेतन में एक भी रुपए की बढ़ोतरी नहीं की गई है। मजदूरों व कर्मचारियों के लिए खजाना खाली होने का रोना रोने वाली केंद्र सरकार ने पूंजीपतियों से लाखों करोड़ रुपए के बकाया टैक्स को वसूलने पर एक शब्द तक नहीं बोला है। टैक्स चोरी करने वाले पूंजीपतियों को सरकार ने पिछले पांच वर्षों में लगातार संरक्षण दिया है। आगनबाड़ी वर्कर्स का कहना है कि वह बारह घंटे ड्यूटी करते हैं बावजूद उसके आय में एक रुपए नहीं बढ़ाया जा रहा। दूसरी ओर आरकेएस कर्मचारी भी अपनी मांगों को लेकर इसमे शामिल रहे। सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा ने कहा कि मोदी सरकार पूरी तरह पूंजीपतियों के साथ खड़ी है। सीटू ने कहा कि सरकार जनता को मूर्ख बना रही। केंद्र सरकार आर्थिक संसाधनों को आम जनता से छीनकर अमीरों के हवाले करने के रास्ते पर आगे बढ़ रही है। (अनंत ज्ञान)

### रोहड़ू में जनसभा का किया आयोजन

**रोहड़ू।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच व संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर शुक्रवार को देशव्यापी हड़ताल व ग्रामीण बंद के तहत मनरेगा, निर्माण, आंगनबाड़ी, मिड-डे मील, आउटसोर्स, पनविद्युत परियोजनाओं, सफाई व सुरक्षा कर्मी सिविल अस्पताल रोहड़ू व सेब उत्पादक संघ आदि से सैकड़ों लोगो ने भाग लिया। इस दौरान रोहड़ू के रामलीला मैदान से मीट मार्किट होते हुए पुराने बस स्टैंड तक रैली का आयोजन किया गया। जंहा जनसभा की गई। उसके बाद रैली एसडीएम रोहड़ू के कार्यालय तक चली और फिर वहां पर जनसभा का आयोजन किया गया।

### रिकांगपिओ में केंद्र के खिलाफ निकाली रैली

**रिकांगपिओ।** संयुक्त ट्रेड यूनियन मंच और संयुक्त किसान मंच के आह्वान पर किन्नौर में भारतीय राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस (इंटक) के बैनर तले सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) और शोंगटोंग हाइड्रो प्रोजेक्ट में कार्यरत मजदूरों ने पूर्ण हड़ताल कर रिकांगपिओ में केंद्र सरकार के खिलाफ रैली निकाली। मजदूरों को संबोधित करते हुए इंटक राज्य उपाध्यक्ष बिहारी सेवगी, कुलवंत नेगी, मान चंद नेगी ने कहा कि मोदी की केंद्र सरकार और भाजपा शासित राज्यों में सत्तारूढ़ पार्टी की नीतियां मजदूर विरोधी, जन विरोधी और हमारे देश के राष्ट्रीय हितों के खिलाफ हैं।

---

# डीएवी स्टूडेंट्स से मिले विधानसभा अध्यक्ष

## सदन की कार्यवाही देखने आए अमृतसर कॉलेज के छात्रों से पठानिया ने किया संवाद

**अनंत ज्ञान शिमला, शिमला**



स्टूडेंट्स से विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से संवाद करते हुए।

डीएवी कॉलेज अमृतसर, पंजाब से विशेष रूप से विधानसभा की कार्यवाही देखने आए स्टूडेंट्स ने शुक्रवार को प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से मुलाकात की।

स्टूडेंट्स से संवाद करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने पूछा कि आपको ऐसा क्या लगा कि इतनी दूर से हिमाचल की विधानसभा की कार्यवाही देखने आप शिमला स्थित विधानसभा पहुंचे। जवाब में कहा कि यहां पर बाल सत्र का आयोजन किया गया था तथा हमने भी विधानसभा की उच्च परंपराओं, गौरवमयी इतिहास, गरिमा तथा वरिष्ठता के बारे में बहुत सुना है इससे प्रभावित होकर वे यहां आए हैं और आज यहां आकर उनका यह सपना पूरा हुआ है। इस अवसर पर संवाद करते हुए विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने स्टूडेंट्स को अवगत करवाते हुए कहा कि वर्ष 1947 में विभाजन के बाद पजांब विधानसभा भी कौंसिल चेंबर में स्थानान्तरित हो गई थी तथा पंजाब विधानसभा के सत्रों का आयोजन वर्ष 1948 से 1953 तक इसी कौंसिल चैंबर में किया गया था।

### प्रदेश विधानसभा की देशभर में अलग पहचान

प्रदेश विधानसभा की अपनी एक अलग पहचान है, जिससे बाहरी राज्यों के युवा भी प्रेरित होकर सदन की कार्यवाही देखने यहां आ रहे हैं, यह मजबूत लोकतंत्र का आधार है तथा संसदीय प्रणाली मजबूती की ओर अग्रसर है। उन्होने पत्रकारिता विभाग के इन सभी स्टूडेंट्स को अपनी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दी।

### विधानसभा, लोकसभा लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर

पठानिया ने कहा कि विधानसभा तथा लोकसभा लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर हैं, जहां पर कानून बनाए जाते हैं, महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होती है तथा समस्याओं का समाधान सार्थक चर्चाओं के माध्यम से निकलता है।

---

# नाबार्ड से राज्य में अधोसंरचना विकास के लिए प्रयास किए जा रहे : अनिरुद्ध



समर्थ मेले के उद्घाटन अवसर पर स्टॉल का निरीक्षण करते ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने शुक्रवार को रिज मैदान पर नाबॉर्ड द्वारा आयोजित पांच दिवसीय नाबॉर्ड समर्थ मेले का शुभारंभ किया। यह मेला 20 फरवरी, 2024 तक जारी रहेगा।

मेले में भारत के विभिन्न राज्यों एवं हिमाचल के विभिन्न जिलों के बंबू क्राफ्ट, जूट क्राफ्ट, सिल्क के उत्पाद, पहाड़ी मसाले, दाल, शहद, अखरोट, मशहूर ऊनी हैंडलूम जैसे शॉल, टोपी एवं मफलर जो ग्रामीण महिलाओं द्वारा हाथ से तैयार किए गए उत्पाद उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नाबार्ड द्वारा राज्य मे अधोसंरचना विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहे हैं और नाबार्ड समर्थ मेले के माध्यम से महिला स्वयं सहायता समूहों, कृषक उत्पादक संगठनों, कारीगरों के लिए अपने उत्पाद बेचने के लिए उपयुक्त मंच प्रदान किया जाता है। इससे उन्हें विपणन की सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है जिससे महिला सशक्तिकरण को बल मिलता है तथा रोजगार के साधन घर द्वार पर उपलब्ध होते हैं।

---

# बस सेवा के लिए तरस रहे टिकराल क्षेत्र की आठ पंचायतों के लोग

**दशमी रावत, रोहड़ू**

धमवाड़ी व चिड़गांव से चलने वाली चंडीगढ़, पांवटा साहिब, पालमपुर, डेरा ब्यास बस सेवाओं को जल्द बहाल कर गंतव्य स्थानों तक भेजा जाए, क्योंकि बस सेवा रोहडू तक ही चलने से टिकराल क्षेत्र के लोगों को भारी कठिनाई पेश आ रही है।

तहसील चिड़गांव के टिकराल क्षेत्र की आठ पंचायतों के लोग जर्जर परिवहन व्यवस्था से परेशान हैं, पिछले दो सालों से इस क्षेत्र से शिमला व अन्य क्षेत्रों के रूट बंद कर दिए गए हैं या फिर रोहडू से चलाए जा रहे हैं। इस क्षेत्र से शिमला के लिए कोई भी बस नहीं चलती है। चांशल लड़ोट चंडीगढ़ बस सेवा बंद पड़ी हुई है। राधा स्वामी सत्संग ब्यास व योग होशियारपुर के अनुयायी इस क्षेत्र में भारी संख्या में हैं। उनकी मांग पर ही धमवाड़ी से डेरा ब्यास बस सेवा शुरू हुई थी, लेकिन इस बस सेवा को रोहड़ू से ही चलाया जा रहा है। इस क्षेत्र के पुराने बस रूट धमवाड़ी पालमपुर को भी चिड़गांव से चलाया जा रहा है। माशड़ू -धमवाड़ी बस रूट पहले ही बंद हैं। इस क्षेत्र की लगभग 10 पंचायतों के लोगों व कर्मचारियों को बसों के निर्धारित रूट पर न चलने के कारण भारी परिवहन असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में क्षेत्र के लोग परिवहन मंत्री से भी मिल चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

### नई बसें उपलब्ध करवाने की मांग की

राष्ट्रीय कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विपन डोगरा व इस क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों ने सरकार से अविलंब इस क्षेत्र की परिवहन सुविधा को सुधारने के लिए इन सभी रूटों पर बसें चलाने व चिड़गांव बस अड्डा के लिए पर्याप्त व नई बसें उपलब्ध करवाने की मांग की है, ताकि तहसील चिड़गांव जो कि पिछड़ा विकास खंड है, ताकि वहां के लोगों को उचित परिवहन सुविधा उपलब्ध हो सके। यदि परिवहन निगम के अधिकारियों ने शीघ्र निर्धारित रूटों पर बसें न चलाई, तो वे उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर करने को मजबूर होंगे।

> धमवाड़ी से राधा स्वामी सत्संग ब्यास बस सेवा सर्दियों के मौसम में बर्फबारी के कारण बंद कर दी गई थी। वहीं, माशड़ू धमवाडी बस रूट पिछले पांच सालों से बंद है, जैसे ही क्षेत्रिय बेड़े में नई बसें आती हैं, तो बंद पड़े हुए रूट बहाल कर दिए जाएंगे।
>
> **राजेंद्र शर्मा, क्षेत्रिय प्रबंधक रोहड़ू।**

---

हिमाचल प्रदेश की आर्थिकी पर भारी पड़ रहा किसान आंदोलन

# 90 फीसदी होटलों की बुकिंग रद्द

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

किसान आंदोलन की आंच अब प्रदेश की आर्थिकी पर भी भारी पड़ रही है। किसान यूनियनों के द्वारा आज बुलाए गए भारत बंद के आह्वान से प्रदेश में पर्यटन सीजन ठप हो गया है।

दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और राज्यस्थान से आने वाले अधिकांश पर्यटकों ने अपनी एडवांस बुकिंग बंद करवा दी है। शिमला सहित मनाली, डलहौजी और अन्य पर्यटन क्षेत्रों में 90 फिसदी तक बुकिंग कैसंल की जा चुकि हैं। ऐसे में हर समय पर्यटकों से गुलजार रहने वाले अधिकांश क्षेत्र अब सूने ही नजर आ रहे हैं। हिमाचल की जीडीपी में आठ प्रतिशत तक का योगदान देने वाले पर्यटन क्षेत्र के लिए यह आंदोलन अब नासूर बन रहा है। बीते तीन दिन से लगातार प्रदेश में आने के लिए पहले से कार्यक्रम बना चुके पर्यटक अब अपनी बुकिंग कैंसिल कर रहे हैं।

किसानों के द्वारा किए जा रहे प्रदर्शन का समाधान नहीं निकला, तो आने वाले सयम में प्रदेश की आर्थिकी को यह आंदोलन और भी संकट में डाल सकता है। पर्यटन कारोबार के मंदा होने से होटलों के साथ-साथ ढ़ाबा, रेस्टोडेंट, पर्यटन स्थलों पर गाईड, हजारों टैक्सी व टूअर ऑपरेटरों की आर्थिकी पर इसका असर पड़ रहा है।

शिमला के होटिलियर शेर सिंह जिस्टू ने कहा कि उनके होटल सहित अन्य होटलों की पहले हो चुकि 90 फिसदी बुकिंग कैसिंल हो गई हैं। किसान आंदोलन से पूरा कारोबार प्रभावित हो चुका है।

### ट्रांसपोर्ट सेक्टर पर भी पड़ रही भारी मार

प्रदेश में पहले से घाटे की मार झेल रहा ट्रांसपोर्ट सेक्टर अब आंदोलन के कारण प्रभावित हुआ है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में रोजाना हजारों की संख्या में ट्रक बाहरी राज्यों में माल ढोने का काम कर रहे हैं, लेकिन आंदोलन के चलते बीते तीन दिन से चंडीगढ़ से आगे नहीं जा पा रहे हैं। वहीं, नालागढ़ दाड़लाघाट बघेरी सहित अन्य क्षेत्रों के ट्रक ऑपरेटरों के लिए भी यह आंदोलन भारी पड़ रहा है। दाड़लाघाट माईनिंग यूनियन के ट्रक ऑपरेटर देशराज ठाकुर ने बताया कि बीते तीन महीने से पहले ही मंदी के चलते उन्हें दो लाख के करीब आर्थिक नुकसान हो चुका है।

---

# दिनेश को मिला पेंटिंग के लिए प्रतिष्ठित कला शिखर सम्मान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट काम करने के लिए दिए जाने वाले प्रतिष्ठित कला शिखर सम्मान से इस बार चित्रकला के लिए दिनेश अत्री को सम्मानित किया गया है।

शिमला में हिम कला मंच की ओर से आयोजित कार्यक्रम में चित्रकला के क्षेत्र में उनके सराहनीय कार्य के लिए उन्हें कला शिखर सम्मान 2024 दिया गया है। प्रदेश के रमणीय शहर चंबा से आने वाले दिनेश अत्री कला जगत में अपनी अलग पहचान बनाए हुए हैं। अपने ब्रश और विभिन्न रंगों का जादू बिखेरने वाले दिनेश अत्री वर्तमान में प्रदेश विश्वविद्यालय से पीएचडी कर रहे हैं। इससे पहले भी चित्रकला के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए कार्य को अनेक सम्मान मिल चुके हैं।

### बचपन में ही रंग लगते थे बहुत अच्छे

अदभुत कला के धनी दिनेश अत्री बताते हैं कि बचपन में ही उन्हें रंग बहुत अच्छे लगते थे और जैसे-जैसे वे बड़े होते गए उनकी रूचि इनमें और अधिक गहरी होती गई। एक स्वतंत्र कलाकार के रूप में अत्री के चित्रों का संग्रह 22 देशों अमेरिका, कनाडा, इंग्लैंड, चीन, ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, न्यूजीलैंड, रसिया, तक फैला हुआ है, जो विभिन्न माध्यमों में उनकी बहुमुखी प्रतिभा और दक्षता को प्रदर्शित करता है।

---

चुनाव प्रक्रिया महत्वपूर्ण, इसलिए चुनाव प्रक्रिया से जुड़े अधिकारी, कर्मचारी सोच समझकर लें निर्णय : डीसी

# आदर्श मतदान केंद्र के लिए अधिकारी दें नए सुझाव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



डीसी लोस चुनाव के दृष्टिगत जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर और असेंबली स्तरीय मास्टर ट्रेनर के लिए आयोजित प्रशिक्षण में अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए।

जिलाधीश शिमला अनुपम कश्यप ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया बेहद महत्वपूर्ण होती है, इसलिए इस प्रक्रिया से जुड़े सभी अधिकारी व कर्मचारी अच्छे से सोच समझकर ही सभी निर्णय लें।

जिलाधीश बचत भवन में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर और असेंबली स्तरीय मास्टर ट्रेनर के लिए आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण में उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी प्रशिक्षण में बताई जा रही बातों पर विशेष ध्यान दें, ताकि उन्हें चुनाव से संबंधित चीजों की अच्छी जानकारी हो और जरूरत पड़ने पर वह अपने अधीन कार्यरत कर्मचारियों का भी मार्गदर्शन कर सकें। हाल ही हुए प्रशासनिक फेरबदल में जिले में विभिन्न स्थानों पर अधिकारी नए आए हैं इसलिए सभी अधिकारी व कर्मचारी अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय होकर सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि मतदान केंद्र ठीक स्थिति में हो।

आपदा से अगर किसी मतदान केंद्र को क्षति पहुंची है, तो समय रहते आवश्यक कार्रवाई करें। आदर्श मतदान केंद्र के लिए भी सभी अधिकारी नए सुझाव दें, ताकि जिला में भी विभिन्न स्थानों पर नई पहल के तहत आदर्श मतदान केंद्र बनाए जा सकें।

### प्रशिक्षण से होगा ज्ञानवर्धन : एडीसी

प्रशिक्षण के दौरान एडीसी अभिषेक वर्मा ने कहा कि सभी अधिकारी समय रहते समितियों का गठन करना सुनिश्चित करें, ताकि चुनाव की घोषणा होने पर वह पूर्ण रूप से तैयार हों। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण से सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का ज्ञानवर्धन होगा और चुनाव के दौरान उन्हें इसका पूरा लाभ मिलेगा।

---

**आयोजन** कुमारसैन कप-2024 क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन, कोटेश्वर युवक मंडल ने आयोजित की प्रतियोगिता

# रझाणा डाइनामाइट विजेता व थानेश्वर इलेवन उपविजेता

**अमित सूद, कुमारसैन**



कुमारसैन कप-2024 क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर रझाणा डाइनामाइट विजेता टीम ट्रॉफी के साथ।

दरबार मैदान कुमारसैन में वीरवार को कोटेश्वर युवक मंडल कुमारसैन द्वारा आयोजित पंचायत स्तरीय कुमारसैन कप-2024 क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ।

समापन अवसर पर कुमारसैन के समाजसेवी नवीन वर्मा व नरेंद्र वर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि अनीश सोनी बतौर वशिष्ठ अतिथि मौजूद रहे। कोटेश्वर युवक मंडल के महासचिव अंकुर चौहान ने बताया कि इस पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में 64 टीमों ने भाग लिया, जिसमें विजेता टीम रझाणा डाइनामाइट को ट्राफी सहित 80 हजार रुपए नकद, जबकि उपविजेता टीम थानेश्वर इलेवन शिवान को ट्राफी सहित 40 हजार रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके अलावा हर मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार भी दिया गया। आयोजक कमेटी के मुख्य सलाहकार राजेश कुमार ने बताया कि रझाणा डाइनामाइट के अमित को मैन ऑफ द सीरीज, जबकि विक्की मेहता को बेस्ट बॉलर, अज्जू को बेस्ट बैट्समैन, अंकू को बेस्ट फील्डर और लक्की को बेस्ट विकेट कीपर का पुरस्कार मिला। राजेश कुमार ने बताया कि विजेता व उपविजेता की ट्रॉफी मोहनलाल धीमान की ओर से स्पॉन्सर की गई। मुख्यातिथि नवीन वर्मा व नरेंद्र वर्मा ने आयोजक कमेटी को 21 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की, जबकि विशिष्ट अतिथि अनीश सोनी ने 11 हजार रुपए की राशि का योगदान दिया।

प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में थानेश्वर इलेवन शिवान की टीम ने पहले खेलते हुए 80 रन बनाए और जीत के लिए 81 रनों का लक्ष्य रखा, जवाबी पारी में रझाना डायनामाइट की टीम ने बेहतर बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए कुमारसैन कप 2024 की ट्रॉफी अपने नाम की। (अनंत ज्ञान)

---

पेन डाउन स्ट्राइक से अस्पताल में सुरक्षाकर्मी न होने से मरीजों की लगी लंबी लाइन

# आईजीएमसी में बिगड़ रहे हालात

**अनंत ज्ञान,शिमला**



प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में शुक्रवार को स्वास्थ्य सुविधाएं चरमराई नजर आई। पेनडाउन स्ट्राइक के चलते मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

ट्रेड यूनियन की हड़ताल के कारण आइजीएमसी और केएनएच अस्पताल में मुश्किलें सामने आ रही हैं। ट्रेड यूनियनों की हड़ताल का असर अस्पताल में भी पड़ा। अस्पतालों में किसी भी प्रकार की सफाई नहीं हुई, जिससे गंदगी फैली हुई थी। इससे संक्रमण फैलने का भी भय बना रहा क्योंकि मरीजों को जल्द ही इन्फेक्शन हो जाता है। इसके अलावा ओपीडी के बाहर सुरक्षा कर्मी न होने से लोगों की लंबी कतारें लगी रही। मरीज स्वयं ही ओपीडी में जाकर अपनी पर्ची देने को मजबूर थे। अपना इलाज करवाने के लिए मरीजों को करीब एक से आधा घंटा लगा। मरीजों में पर्ची बनाने के लिए धक्कामुक्की लगी रही। अस्पताल में पहले ही आरकेएस के कर्मचारी एक घंटे की हड़ताल पर है। अस्पताल में मरीजों को सुबह दस से ग्यारह बजे तक दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

> शुक्रवार को अस्पताल के एमएस के साथ सीएम व स्वास्थ्य सचिव से मिलने गए थे, लेकिन इस दौरान उनसे मुलाकात नहीं हो पाई है।
>
> **अरविंद पाल, आरकेएस यूनियन के अध्यक्ष।**

> अस्पताल में 550 कर्मचारी कार्यरत थे, जिससे अस्पताल में काम सुचारू रूप से किया जा रहा था। ऑप्रेशन थियेटर में शुक्रवार को 43 मामले आए, जिसमें से 42 ऑपरेट किए गए और उच्च रक्त चाप की वजह से एक ऑपरेशन नहीं हो पाया।
>
> **डॉक्टर राहुल राव, एमएस आईजीएमसी**

# ट्रेड यूनियनों के सदस्य उतरे सड़कों पर

## सोलन में रैली निकाल कर केंद्र सरकार पर बोला हल्ला, कहा-पूंजीपतियों को छोड़ समाज के सभी वर्गों के शोषण को है उतारू

**तेजपाल नेगी, सोलन**

एटक के बैनर तले विभिन्न ट्रेड यूनियनों के सदस्यों ने केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में रैली निकाली। रैली पुराने बस स्टैंड स्थित रेस्ट हाउस से मॉल रोड होते हुए चिल्ड्रन पार्क पहुंची, जहां पर ट्रेड यूनियनों के सदस्यों ने केंद्र सरकार के खिलाफ खूब नारेबाजी की।

एटक प्रदेश अध्यक्ष जगदीश चंद भारद्वाज ने कहा कि अच्छे दिनों का वादा कर सत्ता में आई भाजपा सरकार पूंजीपतियों को छोड़कर समाज के सभी वर्गों मजदूरों, कर्मचारियों, किसानों, ट्रांसपोर्टर्स सभी के शोषण को उतारू है, इसलिए शुक्रवार को सारे देश में केंद्र सरकार के खिलाफ हड़ताल हो रही है। सरकार इंडिया ओन सेल, बंधुआ मजदूरी और गुलामी की थ्योरी लागू कर रही है। जगदीश ने कहा कि बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, सांप्रदायिकता का उन्माद बंद होना चाहिए। चार लेबर कोड रद्द होने चाहिए, देश में 26 हजार न्यूनतम वेतन लागू किया जाना चाहिए। 15 हजार, पेंशन, कार्यस्थलों पर सुरक्षा, ईएसआई द्वारा इलाज व सभी संस्थानों, कारखानों में भविष्य निधि स्कीम लागू की जानी चाहिए। इस दौरान हेमराज, अनूप, अतुल भारद्वाज, पराशर, धर्मपाल ठाकुर, राजेंद्र कुमार कश्यप, दिनेश शर्मा, नीलम कुमारी, मोहित वर्मा, रामलाल, इंदर ठाकुर, वीना कटोच, किसान मोर्चा प्यारे लाल, अशोक ठाकुर सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। (अनंत ज्ञान)


सोलन में रैली निकालते सीटू व अन्य वामपंथी संगठनों के कार्यकर्ता।

## ट्रेड यूनियनों ने केंद्र के खिलाफ खोला मोर्चा, जगह-जगह प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

केंद्रीय श्रम यूनियनों, किसान व मजदूरों द्वारा किए गए भारत बंद का प्रदेश के सबसे बड़े औद्योगिक क्षेत्र बीबीएन पर मिलाजुला असर रहा। जहां कुछ उद्योग बंद दिखे, वहीं चल रहे उद्योगों कोट्रेड यूनियन के नेताओं ने बंद करवाया। भारत बंद आंदोलन में बीबीएन के सैकड़ों मजदूरों ने हनुमान चौक से झाड़माजरी तक प्रदर्शन करते हुए रोष रैली निकाली।

संयुक्त ट्रेड यूनियनों ने दोटूक कहा के अगर कामगार विरोधी कानून वापस नहीं हुए तो दोबारा फिर सड़कों पर उतरकर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा।। इंटक के प्रदेशाध्यक्ष हरदीप बावा ने कहा है कि केंद्र की मोदी सरकार पूरी तरह पूंजीपतियों के साथ खड़ी हो गई है व आर्थिक संसाधनों को आम जनता से छीनकर अमीरों के हवाले करने के रास्ते पर आगे बढ़ रही है। इंटक के प्रदेश प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी ओम शर्मा ने कहा के मोदी की गारंटी, अच्छे दिन का वादा करने वाली गरीब हितैषी का दम भरने वाली मोदी सरकार गरीबों को खत्म करने पर आमदा है।


मजदूर विरोधी कानूनों की वापसी को लेकर प्रदर्शन करते कामगार।

# पांवटा में भी इंटक, किसान सभा ने निकाली रोष रैली

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

राष्ट्रीय संयुक्त ट्रेड यूनियन के आह्वान पर पांवटा साहिब में इंटक और किसान सभा पांवटा साहिब ने एक रोष रैली निकाली, साथ ही अपनी मांगों को लेकर एसडीएम के माध्यम से एक ज्ञापन राष्ट्रपति को भेजा गया। इसमें अपनी मांगे रखी गई। संयुक्त रैली में इंटक जिला अध्यक्ष सुभाष शर्मा, रमजान मोहम्मद, शौकत अली, किसान सभा के तरसेम सिंह सगी, गुरविंदर सिंह गोपी, हरदेव सिंह, दारा सिंह फौजी, कमलजीत सिंह, सतविंदर सिंह, जोगा सिंह आदि मौजूद रहे।



रैली निकालते मजदूर किसान संगठनों क लोग।

# शालाघाट-मयावण सड़क खस्ताहाल

**अनंत ज्ञान, अर्की**

उपमंडल अर्की के अंतर्गत शालाघाट से मयावण सड़क मार्ग की हालत बहुत दयनीय हो चुकी है। यह सड़क लगभग 10 वर्ष पहले प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत बनाई गई थी। इस सड़क मार्ग से घुमारी, प्योठा, दधोगी, मयावण व अन्य बहुत से गांवों के ग्रामीणों का प्रतिदिन आना होता है। दधोगी गांव के समाजसेवी रत्न शर्मा ने इस सड़क की दुर्दशा पर रोष प्रकट करते हुए कहा कि वे अपने गांव से प्रतिनिधिमंडल लेकर कई बार पीडब्ल्यूडी विभाग के आला अधिकारियों से मिल चुके हैं, पर सड़क की हालत जस की तस बनी हुई है। रत्न शर्मा सहित सभी ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग से इस सड़क में जल्द से जल्द टारिंग करवाने की मांग की है।

अधिशाषी अभियंता शशिपाल धीमान ने कहा कि सड़क का पैचवर्क करवा कर इसे जल्द दुरुस्त करवा दिया जाएगा।


शालाघाट-मयावण सड़क का हाल।

## हनुमान की मूर्ति का स्थापना दिवस 21 को

**श्रीरेणुका जी।** ददाहू के समीप खदाल में 11 मुखी भगवान हनुमान की मूर्ति का स्थापना दिवस 21 फरवरी को जोर-शोर से मनाया जाएगा। मंदिर के पुजारी राकेश शर्मा और मुख्य यजमान पुष्पा देवी तथा विनीत अग्रवाल ने बताया कि क्षेत्र में यह एकमात्र मंदिर है, जहां 11 मुखी हनुमानजी की मूर्ति लगी है। आयोजकों ने बताया कि 11 मुखी हनुमान की मूर्ति कल्याण और सुख-शांति के लिए की गई है। मंदिर के पुजारी ने बताया कि 11 मुखी हनुमान मंदिर की 108 परिक्रमा करने से मनोवांछित फल प्रदान होता है। इस दौरान 20 फरवरी को यहां अखंड रामायण पाठ का आयोजन भी किया गया है। मूर्ति स्थापना दिवस मनाने के बाद हवन यज्ञ तथा पूर्णाहुति व विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के पुजारी ने बताया कि यह मंदिर ददाहू के खदाल में भक्तों के लिए अब दर्शनीय स्थल बन गया है।


11 मुखी भगवान हनुमान की मूर्ति के साथ पुजारी।

शिव तांडव गुफा विकास समिति व शम्भू परिवार की बैठक सोमवार को

## 19 को शिवपुराण के कार्यक्रमों पर होगी चर्चा

**कुनिहार।** प्राचीन शिव तांडव गुफा कुनिहार में 19 फरवरी ज्येष्ठ सोमवार को गुफा विकास समिति व शंभू परिवार की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। समिति अध्यक्ष रामरतन तनवर ने बताया कि यह बैठक शाम 5 बजे रखी गई है जिसमें गुफा में 26 फरवरी से आयोजित होने वाली 11 दिवसीय शिव महापुराण कथा व शिवरात्रि कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जाएगी। उन्होंने बताया कि 26 फरवरी से सात मार्च तक 11 दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन होगा, 8 मार्च को शिवरात्रि महोत्सव कार्यक्रम व 9 मार्च को विशाल भंडारे का आयोजन गुफा परिसर में होगा। इन्हीं कार्यक्रमों को अंतिम रूप देने के लिए यह बैठक रखी गई है। उन्होंने बताया कि 19 फरवरी को परिसर में विशाल भंडारा भी आयोजित होगा।

# तिरला के जंगल में पेड़ से लटका मिला नालागढ़ का व्यक्ति

**बीबीएन।** नालागढ़ थाना के तहत गांव तिरला के जंगल में नालागढ़ के व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में पेड़ से लटका हुआ शव मिला है। मृतक की पहचान मोहम्मद असलम निवासी वार्ड. नं. एक नालागढ के रूप में हुई है। थाना नालागढ़ के तहत मामला दर्ज कर आगामी तफ्तीश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार सूचना मिलते ही नालागढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को सूचित किया। डीएसपी नालागढ़ फिरोज खान ने शव का पोस्टमार्टम आईजीएमसी शिमला में करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्राथमिक जांच में मौत का कारण फिलहाल आत्महत्या का लग रहा है, जबकि अन्य पहलुओं पर भी जांच की जा रही है।

# निजी बसें लगा रहीं प्रमुख मार्ग पर जाम

**अनंत ज्ञान, नाहन**

शहर की प्रमुख सड़क पर जगह-जगह से सवारियां उठाने के चक्कर में नाहन से पांवटा व कालाअंब की ओर आने जाने वाली निजी बसें शहर की प्रमुख सड़क पर जाम लगा रही हैं। ऐसे में छोटे वाहनों और पैदल चलने वाले लोगों की जान पर जोखिम में पड़ गई है। इस मामले में पुलिस चुप्पी साधे हुए है। शहर में ये निजी बसें सबसे पहले प्रमुख बस अड्डा कच्चा टैंक पहुंचती हैं, जहां से सवारियां बैठाकर वाया रानीताल, पक्का टैंक गुन्नुघाट, माल रोड होकर दिल्ली गेट पहुंचती हैं।

आरोप है कि बस स्टैंड से निकलते ही यह निजी बसें जगह-जगह खड़ी होने लगती हैं। लोगों का कहना बस स्टैंड से लेकर दिल्ली गेट तक निजी बसों को यात्री सड़क पर जहां भी बस रोकने के लिए हाथ देते है, ये वहीं खड़ी देते हैं। इसका असर यह हुआ है कि अब लोग स्टॉपेज पर इन बसों का इंतजार नहीं करते जहां भी निजी बस दिखे उसे हाथ देकर रुकवाने लगते हैं। दूसरी ओर एचआरटीसी की तमाम बसें सरकार के आदेशों का पालन करके तय स्टॉपेज पर ही सवारियों को चढ़ाती व उतारती हैं।

शहर में प्रमुख सड़क पर जहां स्थाई स्टॉपेज वहीं पर निजी बसों को सवारियां चढ़ाने और उतारने के आदेश को यातायात पुलिस को लागू करवाने के लिए शिकंजा कसना चाहिए ताकि शहर की प्रमुख सड़क पर निजी बसों के कारण जाम न लगे।


सड़क पर खड़ी निजी बस, जिस कारण जाम लगा है।

## एथलेटिक में महक करेगी प्रदेश का प्रतिनिधत्व

**पांवटा साहिब।** एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा पांवटा साहिब में 25 जनवरी को संपन्न हुई सब जूनियर एथलेटिक चैंपियनशिप में खिलाड़ी छात्रों ने भाग लिया। प्रदर्शन के हिसाब से खिलाड़ियों का चयन आज से अहमदाबाद में शुरू हुई 19वीं निडजेम राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए हुआ। शहीद कमलकांत स्मारक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोटडी व्यास स्कूल दसवीं की छात्रा महक को भी इस टीम में चयन हुआ है। महक कोटड़ी गांव से मूलराज की इकलौती बेटी है। महक के कोच की भूमिका में स्कूल के शारीरिक शिक्षक धर्मेंद्र चौधरी गए हैं। सेवानिवृत्त सूबेदार लेखराज, निरंजन, कोटडी व्यास प्रधान सुरेश कुमार, उपप्रधान अनिल कुमार व बीडीसी सदस्य शशि बाला व युवा समाजसेवी सुखविंद्र सिंह ने इस उपलब्धि हेतु महक और माता-पिता को बधाई दी है।


महक व अन्य।

## एनएसएस शिविर का रंगारंग समापन

**नाहन।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नाहन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशिष्ट आवासीय शिविर का समापन रंगारंग कार्यक्रम के साथ हुआ। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पंकज चांडक ने बताया कि 9 से 15 फरवरी तक चले शिविर में कुल 80 स्वयंसेवियों की उपस्थित रही। विभिन्न तकनीक सत्रों में सुनील कमल, सोमदत्त, विवेक अरोड़ा, शिवराज सिंह, शैलश सैनी, राजीव बंसल, प्रदीप शर्मा, राजन शर्मा व सत्येन्द्र ठाकुर ने स्वयंसेवियों का ज्ञानवर्धन किया। कार्यक्रम अधिकारी लक्षिता ने बताया कि बेस्ट कैंपर प्रवेश व जयश्री रहे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिरमौर पुलिस अधीक्षक रमन कुमार मीणा ने भारत निर्माण में एनएनएस की भूमिका को स्पष्ट किया। कार्यक्रम के अंत में अधिकारी डॉ. पंकज चांडक ने मुख्य अतिथि रमन कुमार मीणा, विशिष्ट अतिथि अमर सिंह चौहन, सुनील कमल, शिवराज सिंह, राजन शर्मा, शैलाश सैनी, उपप्रधान सत्येंद्र ठाकुर, वरिष्ठ आचार्य उत्तमा पांडे, नीलकांत सहित समस्त महाविद्यालय कर्मचारी व अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# हिमाचल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत प्रेरणास्त्रोत: प्रो. खोसला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

शूलिनी विवि के चांसलर प्रो. प्रेम कुमार खोसला ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और बौद्धिक विरासत दुनिया के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

नेरी, हमीरपुर में ठाकुर राम सिंह इंस्टिट्यूट ऑफ हिस्ट्री रिसर्च में आयोजित ठाकुर राम सिंह की 109वीं जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए प्रो. खोसला ने वैश्विक क्षेत्र पर भारतीय सभ्यता के दीर्घकालिक प्रभाव पर भी जोर दिया। प्रो. खोसला ने नारायण सिंह राव द्वारा लिखित ट्राइबल पॉलिटी सोसाइटी एंड कल्चर ऑफ अरुणाचल प्रदेश और स्मारिका वार्षिक प्रतिवेदन द्वारा ठाकुर राम सिंह इतिहास अनुसंधान संस्थान पुस्तकों का विमोचन भी किया।

यह स्मरणोत्सव ठाकुर राम सिंह इतिहास अनुसंधान संस्थान द्वारा अपने संस्थापक ठाकुर राम सिंह के दूरदर्शी योगदान को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में सचिव डा. चेत राम गर्ग द्वारा प्रो. खोसला और सरोज खोसला को सम्मानित किया गया। अंबेडकर सेंटर, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ एचपी डा. किस्मत कुमार व हिंदी विद्वान और इतिहासकार डा. गौतम शर्मा व्याधित ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।



कार्यक्रम में गणमान्यों को सम्मानित किया गया।

## ददाहू व आसपास आज नहीं आएगी बिजली

**श्री रेणुका जी।** ददाहू व आसपास के क्षेत्र में 17 फरवरी को बिजली आपूर्ति सुबह 9 बजे से सायं छह बजे तक बंद रहेगी।

ददाहू बिजली उपमंडल की एसडीओ कोमल ने बताया कि 132 केवी विद्युत सब स्टेशन गिरिनगर में आवश्यक रखरखाव है मरम्मत कार्य होना प्रस्तावित है। इस कारण 33 केवी के सब स्टेशन ददाहू व व 33 केवी के सब स्टेशन संगड़ाह व इससे निकलने वाले सभी फीडर में भी बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

इस कारण से ददाहू सब डिवीजन के अंतर्गत आने वाले सभी गांव व कस्बों में बिजली आपूर्ति शनिवार को सुबह 9 बजे से सायं 6 बजे तक बंद रहेगी।

## मित्तियां स्कूल में पद खाली होने से पढ़ाई प्रभावित

**बीबीएन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मित्तियां में अध्यापकों के पद खाली चलने से छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। स्कूल में इतिहास प्रवक्ता का पद मई 2023 सेए कला अध्यापक का पद तीन साल से और टीजीटी ; कला का पद सितंबर 2022 से रिक्त चल रहा है। इसके अतिरिक्त जब से विद्यालय अपग्रेड हुआ है, कंप्यूटर शिक्षक यहां पर तैनात नहीं हुआ। इसके अतिरिक्त यहां पर चतुर्थ श्रेणी कर्मी का भी पद भी बीते एक वर्ष से खाली चल रहा है। स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष और पंचायत प्रधान गुरदास चंदेल ने शिक्षा विभाग से खाली पदों को तुरंत भरने का आग्रह किया है। उधर, शिक्षा विभाग के उपनिदेशक जगदीश नेगी ने बताया कि इस बारे में उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है।

**इंतजार** फोरलेन निर्माण के समय तोड़ा गया था फुटपाथ, धनराशि मिलने पर शुरू होगा कार्य

# सपरून फुटपाथ निर्माण को डीपीआर सरकार को भेजी


यहां बनना है फुटपाथ, जिसके लिए 24 लाख की डीपीआर भेजी गई है।

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम सोलन ने सपरून में प्रस्तावित फुटपाथ निर्माण के लिए 24 लाख की डीपीआर तैयार कर प्रदेश सरकार की मंजूरी को भेजी है। यदि समय रहते सरकार से धनराशि मिलती है तो फुटपाथ निर्माण का रास्ता आसान हो जाएगा।

वहीं, फुटपाथ निर्माण को लेकर निगम के पदाधिकारियों की रेलवे के अधिकारियों से बातचीत जारी है, जबकि एनएचएआई निगम को फुटपाथ बनाने की सैद्धांतिक मंजूरी दे चुका है। बता दें कि सपरून में फोरलेन निर्माण के चलते फुटपाथ को तोड़ा गया था। इसके बाद से यहां पैदल चलने की जगह नहीं बची, जिससे राहगीरों को खासकर स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को सड़क किनारे पैदल चलना जोखिम भरा होगया है। लोगों की मांग पर यहां स्लिप रोड़ का निर्माण तो हुआ लेकिन रेहड़ियों के कब्जे से यहां पैदल चलने की जगह नहीं बची है। (अनंत ज्ञान)

> सपरून में फुटपाथ निर्माण को लेकर 24 लाख की डीपीआर तैयार की गई है। डीपीआर को सरकार की मंजूरी के लिए भेजा गया है। सरकार से मंजूरी मिलते ही निर्माण कार्य की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।
> **-उषा शर्मा, मेयर, नगर निगम सोलन।**

### निर्माण की जगह पर रेहड़ी-फड़ी धारकों का कब्जा

शहर के लाइसेंसधारक रेहड़ी चालकों को नगर निगम ने वेंडर मार्केट में करीब 54 दुकानों का आवंटन कर दिया है। बावजूद इसके सपरून फुटपाथ के लिए प्रस्तावित जमीन में अवैध रूप से रेहड़ी-फड़ी चालकों का कब्जा हो गया है। इस कार्य में देरी से इस स्थान पर अवैध रूप से रेहड़ियां लग गईं। इससे लोगों को सड़क पर चलना जोखिम भरा हो गया। लोगों को उम्मीद थी कि रेहड़ी चालकों को वेंडर मार्केट में शिफ्ट करने के बाद फुटपाथ में लगी रेहड़ियों को हटा दिया जाएगा, लेकिन यहां रेहड़ियां कम होने के बजाए दिनोंदिन बढ़ रही हैं। यहां नगर निगम की ढीली कार्यप्रणाली से पिछले एक वर्ष के दौरान अवैध तौर पर दर्जनों रेहड़ी चालकों के कब्जे हो गए। स्थानीय सामाजिक संस्थानों के विरोध के बावजूद नगर निगम ने आज तक रेहड़ियों को हटाने की कार्रवाई नहीं की।

### चार वार्डों के लोगों को मिलेगी सुविधा

सपरून में फुटपाथ बनने से शहर के चार वार्डों के लोगों को सुविधा मिलेगी। वार्ड-14 की हाउसिंग कॉलोनी, कमल ऑर्चर्ड सोसायटी, वार्ड-13 का क्लीन, सपरून पंचायत, वार्ड -16 का रबोन, आंजी, तथा वार्ड-एक का देउघाट सहित बाहर से आने वाले यात्रियों की आवाजाही सुगम होगी।

## बद्दी में चलेगा युवाओं के लिए रोजगार काउंसलिंग केंद्र

**बीबीएन।** औद्योगिक नगरी बद्दी -बरोटीवाला-नालागढ़ के उद्योगों में हिमाचली युवाओं को योग्यता के आधार पर रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए बद्दी में हिमालया फाउंडेशन और बिरला ग्रुप संयुक्त रूप से रोजगार काउंसलिंग केंद्र स्थापित करने जा रहा है। इसके लिए हिमालया फाउंडेशन के चेयरमैन डा. रणेश राणा और बिरला समूह के कार्यकारी अध्यक्ष रोहित अरोड़ा एवं उपाध्यक्ष रमेश शर्मा ने बैठक के उपरांत जानकारी देते हुए बताया कि हिमाचल के दूरदराज क्षेत्र के युवक युवतियों को रिजगार उपलब्ध करवाया जाएगा।

## छोग टाली के छात्रों के सिडकु ने लुभाया मन

**राजगढ़।** जिला शिक्षण तथा प्रशिक्षण संस्थान कुल्लू में 12 से 14 फरवरी तक राज्य फूड महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें सभी जिलों से चयनित विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस महोत्सव में भोजन बनाने की प्रतियोगिता में जिला सिरमौर का प्रतिनिधित्व करने का अवसर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छोग टाली के छह विद्यार्थियों मोनिका, महक, अनामिका, अंकिता, दीक्षित तथा आकाश को मिला तथा राजकीय उत्कृष्ट कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पांवटा साहिब की प्रांजल चौहान तथा पूजा कुमारी ने केरल राज्य के नृत्य की प्रस्तुति दी। इस दल का नेतृत्व जिला समन्वयक मोनिका वालिया तथा प्रवक्ता राजनीति शास्त्र रामानंद सागर ने किया जबकि सरला चौहान मुख्य सहायक रहीं। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छोग टाली के कार्यकारी प्रधानाचार्या सुरेन्द्र पुंडीर ने बताया की इस अभूतपूर्व गतिविधि में विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सिरमौर के परंपरागत व्यंजन जैसे असकली, धरोटी, पुड़े, सिडकु आदि तैयार किया गया, जिसके जायके की भरपूर प्रशंसा हुई। इन विद्यार्थियों ने राज्य में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि के लिए स्थानीय पंचायत प्रधान अंजना ठाकुर, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष देशराज ठाकुर, वरिष्ठ प्रवक्ता भूपेंद्र चौहान आदि ने बधाई दी। प्रारंभिक पाठशाला की मुख्याध्यापिका मीरा वर्मा तथा शिक्षक राजेंद्र चौहान ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से विद्यार्थी अपनी संस्कृति एवं परंपराओं को संजोय रखने के लिए प्रेरित होंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### अभिषेक और साहिल को मिला इंस्पायर्ड अवॉर्ड

**श्रीरेणुका जी।** कोटीधमान स्कूल के अभिषेक चौहान और साहिल शर्मा इंस्पायर मानक अवॉर्ड 2023-24 के लिए चयनित किए गए हैं। यह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोटी धीमान के लिए खुशी की बात है कि पूरे हिमाचल प्रदेश में से 437 बच्चों में और सिरमौर के 27 छात्रों में से दो बच्चे कोटी धीमान स्कूल के भी इंस्पायर मानक अवार्ड के लिए चयनित हुए हैं। स्कूल के विज्ञान अध्यापक सुभाष ठाकुर ने बताया की छात्रों को मॉडल बनाने के लिए 10 हजार की राशि इंस्पायर टीम के द्वारा उनके खातों में दी जाएगी। स्कूल के प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने विज्ञान अध्यापक सुभाष ठाकुर और बच्चों को चयन के लिए बहुत बधाई दी।


अभिषेक एवं साहिल।

### सिरमौर में 60803 बच्चे पिएंगे दो बूंद जिंदगी की

**नाहन।** तीन मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पोलियो टीकाकरण दिवस के सफल आयोजन के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी और ग्रामीण विकास पंचायतीराज आदि सभी विभाग आपसी तालमेल स्थापित कर कार्य करेंगे। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एलआर वर्मा ने शुक्रवार को नाहन में राष्ट्रीय पोलियो दिवस के लिए गठित डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए ये निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त एलआर वर्मा ने बताया कि सिरमौर जिले में 3 मार्च को पोलियो राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के अवसर पर 0 से 5 आयु वर्ग के 60803 शिशुओं को पोलियो की ड्रॉप पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। पोलियो की ड्रॉप पिलाने के लिए जिले में 538 पोलियो बूथ स्थापित किए जा रहे हैं और इस कार्य को पूरा करने के लिए 1076 टीमों का गठन किया जाना प्रस्तावित है। इसके अलावा जिला के 11 स्थानों पर ट्रांजिट प्वाइंट स्थापित किए जा रहे हैं। ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. मोनिषा अग्रवाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुनील शर्मा, जिला पंचायत अधिकारी विक्रम ठाकुर, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नासिर अहमद के अलावा शिक्षा, स्वास्थ्य व अन्य विभागों के अधिकारी भी बैठक में उपस्थित रहे।

### परीक्षा में पद्मावती कॉलेज की छात्राएं टॉप 10 में


परीक्षा में टॉप 10 में स्थान बनाने वाली संस्थान की छात्राएं अपने गुरुजनों के साथ।

**नाहन।** सिरमौर जनपद के प्रदेश के माता पद्मावती कॉलेज ऑफ नर्सिंग की पोस्ट बीएससी नर्सिंग की छात्राओं ने एक बार फिर से अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। माता पद्मावती कॉलेज ऑफ नर्सिंग का पोस्ट बेसिक फर्स्ट ईयर का परिणाम अटल मेडिकल रिसर्च यूनिवर्सिटी मंडी द्वारा घोषित किया गया। इसमें माता पद्मावती कॉलेज ऑफ नर्सिंग की दो छात्राओं मोनिका पवार ने चौथा स्थान व अर्चना ने दसवां स्थान पूरे प्रदेश में हासिल किया है। कॉलेज स्तर पर मोनिका ने प्रथम स्थान, अर्चना ने द्वितीय स्थान व रानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। माता पद्मावती एजुकेशनल सोसाइटी के अध्यक्ष अनिल जैन व माता पद्मावती एजुकेशनल सोसाइटी के सेक्रेटरी सचिन जैन ने छात्राओं को बधाई दी। प्रधानाचार्य रिजी गीवर्गीस ने बताया कि कालेज की छात्राएं देश के नामी संस्थानों में अपनी सेवाएं देकर न केवल माता पद्मावती कॉलेज आफ नर्सिंग का, बल्कि सिरमौर जिला का भी नाम रोशन कर रही हैं।

### जिला स्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिता संपन्न

**नाहन।** जिला भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा आज जिला स्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डीएलओ सिरमौर कांता नेगी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जिला सिरमौर के 16 दलों ने हिस्सा लिया जिसमें पंजीकृत, अपंजीकृत दल और शिक्षण संस्थानों के लोक नृत्य शामिल है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता विजेता सांस्कृतिक दल राज्य स्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिता में जिला सिरमौर का प्रतिनिधित्व करेगा। इसके अलावा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले मेलों और उत्सवों में भी इस दल को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का मौका दिया जाएगा।

### जागृति व शोमेश बने मिस और मिस्टर फेयरवेल


कार्यक्रम के बाद संयुक्त चित्र में स्कूल के बच्चे।

**अर्की।** लक्ष्य कॉन्वेंट स्कूल मन्जयाट पंचायत देवरा में फेयरवेल समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि लक्ष्य शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष डॉ. प्रेम गुप्ता रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ. कुसुम गुप्ता ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व वंदेमातरम् से हुआ। इस मौके पर विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर निशिता मिस क्रिएटिव, रिद्धि हेल्पिंग हैंड, जागृति मिस पॉजिटिव एटीट्यूट, करविका मिस एनरजेटिक, आदित्या मिस्टर जेन्टलमेंन, भुवनेश कूल डूड, नमन काइनहरटिड, काव्या बोल्ड पर्सनेलिटी, प्रणव हीरो ऑफ द क्लास, रेन मिस्टर हैंडसम, हिमांशु मिस्टर स्वीट मुंडा, हिमांशु कुमार स्पोर्ट्स स्टार, मोहित मिस्टर चार्मिंग, विपुल लाफिंग स्टॉक, सोमेश साइलेंट ऑब्जर्वर, मृदुल मिस्टर स्टूडियस, मनीष मिस्टर इंटरोवर्ड्स चुने गए। इस अवसर पर शोमेश मिस्टर फेयरवेल व जागृति मिस फेयरवेल चुनी गई। इस मौके पर कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### जमीनी सुधार तकनीक पर सेमिनार आयोजित

**सोलन।** ग्रीन हिल्स इंजीनियरिंग कॉलेज सोलन के सिविल इंजीनियरिंग विभाग ने जमीनी सुधार तकनीक पर सेमिनार का आयोजन किया। यह सेमिनार सिविल इंजीनियरिंग क्षेत्र में हाल के विकास और उनके प्रभावों की पृष्ठभूमि में आयोजित किया गया था। सहायक प्रोफेसर अर्चना ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने कहा कि आज का सेमिनार इस क्षेत्र में नए विकास के संदर्भ में आवश्यक परिवर्तनों को पहचानने के लिए तकनीकों में नए विचार-विमर्श और चर्चा को बढ़ावा देने के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए था। सिविल इंजीनियरिंग विभाग के एचओडी प्रो. दिनेश ने इस क्षेत्र में उभरती हुई कुछ प्रौद्योगिकियों पर प्रकाश डाला।

### 'आप' ने किया किसान आंदोलन का समर्थन

**सोलन।** आम आदमी पार्टी ने किसानों के दिल्ली कूच के बीच राजधानी की सीमा पर चल रहे किसान आंदोलन का समर्थन किया है। पार्टी के प्रवक्ता राजीव शर्मा ने सोलन में पत्रकार वार्ता कर कहा कि अगर किसानों को कहीं भी जरूरत पड़ती है, तो वे उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। शर्मा ने कहा कि वर्तमान में किसान परेशान हैं और इस वर्ग को सड़कों पर उतरने को मजबूर किया जा रहा है। केंद्र सरकार राम राज्य की बात कर रही है, लेकिन अन्नदाता को परेशान कर वह कैसे राम राज्य की परिकल्पना कर रहे हैं।


सोलन में आम आदमी पार्टी की पत्रकार वार्ता।

### राजगढ़ में डेढ़ साल से एसबीआई का एटीएम बना शोपीस

**राजगढ़।** राजगढ़ शहर में लगा एसबीआई का एटीएम शोपीस बन कर रह गया है। यहां भारतीय स्टेट बैंक परिसर में बैंक का एटीएम पिछले डेढ़ साल से बंद पड़ा है। इस कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राजगढ़- सोलन मार्ग में नए व पुराने बस अड्डे के बीच में प्रमुख स्थान पर भारतीय स्टेट बैंक की शाखा के साथ एटीएम लगा हुआ है। लोगों का कहना है कि भारतीय स्टेट बैंक देश का एक बड़ा व नामी बैंक है, लेकिन इसकी सेवाएं यहां पर उच्च स्तर की उसके अनुरूप नहीं मिल पा रही है।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पच्छाद की बैठक आयोजित

**राजगढ़।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पच्छाद द्वारा आज राजगढ़ में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रणधीर सिंह पंवार ने की। इस बैठक में विशेष रूप से प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सचिव दयाल प्यारी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। इस बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति तैयार की गई। इस बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव के लेकर पच्छाद विधानसभा क्षेत्र में बूथ लेवल कमेटियों को एक्टिव करने का निर्णय लिया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### निशांत बने एसबीआई में ब्रांच मैनेजर



**गरली ।** जिला कांगड़ा स्थित एक छोटे से गांव जठमा (घलौर) में 24 वर्षीय निशांत शर्मा सरकारी स्कूलों मे शिक्षा ग्रहण करने वाले तमाम छात्रो के लिए प्रेरणास्रोत्र बने है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धलौर मे शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्र निशांत शर्मा ने छोटी सी ही उम्र में इंडिया लेबल पर हुए टेस्ट को क्वालीफाइड कर एसबीआई बैंक में ब्रांच मनैजर की हाट सीट पर तैनात हुए है जो कि अब मौजूदा समय में निशांत शर्मा एसबीआई बैंक बसौली जम्मू में बतौर ब्राच मनैजर अपनी सेवाएं दे रहे है जो कि क्षेत्र के लिए बडे गर्व की बात है।

### बैह ढौंटा के बच्चों ने किया स्कूल का नाम रोशन



इंस्पायर अवार्ड मानक प्रतियोगिता के लिए चयनित छात्र।

**डाडासीबा।** इंस्पायर अवार्ड मानक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग केंद्र सरकार का एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है। वहीं, इंस्पायर अवार्ड मानक के तहत पूरे हिमाचल में 437 विद्यार्थी सेलेक्ट हुए तथा जिला कांगड़ा के 58 विद्यार्थियों का चयन इसमें हुआ तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक बैह ढौटा विद्यालय के दो विद्यार्थी, नव्या कक्षा आठवीं तथा सुरभि ठाकुर कक्षा दसवीं का चयनित होना गर्व की बात है। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुखराम, एसएमसी प्रधान राज कुमारी ने इन दोनों बच्चों तथा विज्ञान अध्यापक कपिल देव को बधाई दी है। इस अवॉर्ड का उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना है। वहीं, जल्द ही जिला स्तरीय प्रतियोगिता करवाई जाएगी।

### योजना के साथ जुड़ेंगे छूटे हुए किसान

**धर्मशाला।** किसान सम्मान निधि योजना के लाभ से वंचित पात्र किसानों के लिए शामिल करने के लिए 21 फरवरी तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यह जानकारी एडीएम डा हरीश गज्जू ने देते हुए बताया कि इस अभियान के तहत केवाईसी तथा लैंड सीडिंग तथा आधार मैपिंग के साथ पटवार सर्किल स्तर पर छूटे हुए पात्र किसानों का पंजीकरण लोक मित्र केंद्र की टीम के माध्यम से करवाना सुनिश्चित किया जाएगा ताकि किसान सम्मान निधि योजना के तहत शतप्रतिशत पंजीकरण हो सके। डॉक्टर हरीश गज्जू ने कहा कि इस बाबत राजस्व अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जा चुके हैं तथा विलेज नोडल आफिसर भी तैनात किए जाएंगे, ताकि पात्र किसानों को इस योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि विभिन्न स्तरों पर उपमंडलाधिकारियों, तहसीलदारों तथा नायब तहसीलदारों को विशेष कैंप लगाने के भी निर्देश दिए गए हैं।

### केंद्र ने हिमाचल को दी 34000 करोड़ की मदद

**धर्मशाला।** प्रदेश भाजपा प्रवक्ता राकेश शर्मा ने कहा कि हिमाचल की कांग्रेस सरकार को केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार अब तक 34000 करोड़ की मदद मुहैया करवा चुकी है। प्रदेश कांग्रेस सरकार के कुप्रबंधन व आपसी कलह के चलते हिमाचल पिछड़ता जा रहा है। शुक्रवार को जारी प्रेस बयान में प्रदेश भाजपा प्रवक्ता राकेश शर्मा ने कहा कि हाल ही धर्मशाला दौरे पर आए भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नडडा जी ने कांगड़ा के साथ केंद्र की ओर से दी गई मदद को आम जनता के समक्ष रखा था। राकेश शर्मा ने कहा कि मात्र पिछली सरकार को कोस कर कांग्रेस के लोग सरकार चलाना चाह रहे हैं। आज विपक्ष ही नहीं कांग्रेस के विधायक और महत्वपूर्ण पदाधिकारी सरकार की कार्यप्रणाली और नीतियों पर सवाल उठा रहे हैं। राकेश शर्मा ने कहा कि पूरे देश में कांग्रेस ने हर राज्य में झूठी गारंटीयां दी, उसी तर्ज पर विधानसभा चुनावों से पहले हिमाचल प्रदेश में भी झूठी दस गारंटीयां दी और सत्ता हासिल की है।

### 25 मार्च तक आयोजित होगा होली महोत्सव

**पालमपुर।** राज्य स्तरीय होली महोत्सव का आयोजन 22 से 25 मार्च तक शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा मैदान पालमपुर में धूमधाम से किया जाएगा। महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर आतमा परियोजना के सभागार में महोत्सव समिति की अध्यक्ष एवं एसडीएम नेत्रा मेती की अध्यक्षता में बैठक आयोजन किया गया। एसडीएम ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी लोगों की भागीदारी और सहयोग से भव्य रूप में राज्य स्तरीय होली उत्सव का आयोजन किया जाएगा। बैठक में महोत्सव के दौरान विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियां, खेलकूद प्रतियोगिताओं फ्लावर शो, फैंसी ड्रेस, बेबी शो, फन गेम्स इत्यादि के आयोजन पर चर्चा की गई। बैठक में संस्कृत संध्याओं के आयोजन में स्थानीय प्रतिभाओं को अधिक मंच प्रदान करने तथा कलाकारों को रिपीट ना कर,नए कलाकारों को अवसर देने पर सुझाव दिया गया। बैठक में होली महोत्सव में शोभा यात्रा, महिला और पुरुष दंगल के आयोजन पर भी चर्चा की गई।

### सुरजीत सिंह को सौंपी कमान

**नूरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत कर्मचारी यूनियन के यूनिट सुलयाली का चुनाव जोनल सचिव रवि धीमान की अध्यक्षता में सब-स्टेशन सदवां में सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। इसमें भी सुरजीत सिंह प्रधान पद पर चुना गया और सचिव राजीव कुमार चुना गया जिसमें विशेष रूप में मैवर ऑफ एडवाइजरी कॉन्सल हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड कर्मचारी यूनियन पवन मोहल व राज्य संगठन सचिव अश्वनी ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। बंठक में व्यापी मुद्दों पर विस्तारपूर्वक बात हुई। इसमें विशेष रूप से पुरानी पेंशन का आज दिन तक विजली विभाग ये लागू न होना और एमडी पद पर स्थायी अधिकारी का ना बैठना और व्यापी मुदों पर चर्चा हुई।

## खनन का न होना खनन होने से भी ज्यादा घातक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

गत साल बरसात के तांडव ने भले ही प्रदेश में अवैध खनन पर सवाल उठाए हों लेकिन ये भी सच है कि खनन का न होना भी आपदा का कारण हो सकता है, बशर्ते ये अवैज्ञानिक न हो। ताबड़तोड़ निर्माण के लिए धरती का सीना चीर अमूल्य खनिज संपदा का दोहन मानवता के आस्तित्व के लिए भारी पड़ने लगा है।

बरसात के बाद प्रदश की जियोलॉजिकल विंग समेत जिला प्रशासन आदि को भेजी जा रही रिपोर्ट में ये बात खनन विभाग की टीम ने प्रभावित हुए क्षेत्रों की साइटों में दौरे के बाद कही थी। हालांकि इसमें और भी कई पहलू शामिल हैं, लेकिन अवैज्ञानिक पहलू इसमें अहम है। खनन न होना खनन होने से भी ज्यादा घातक है, ऐसा खनन मामलों के विशेषज्ञ भी मानते हैं। वहीं, ताबड़तोड़ खनन करने से खतरा कई गुना बढ़ जाता है। विशेषज्ञों की मानें तो नदियों तथा खड्डों में पाए जाने वाले खनिजों यानी रेत, बजरी तथा पत्थर के मूल्य का पूर्व आकलन करने के बाद शॉर्ट पीरियड के लिए नीलाम किए जाने से इस समस्या का हल भी हो सकता है, तो वहीं सरकार को राजस्व के रूप में आमदनी भी हो सकती है। बड़ी बात यह है कि ऐसे में बरसात में होने वाली त्रासदियों के लिए दीर्घगामी हल मिल सकता है। जब तक वैज्ञानिक ढंग से खड्डों से रेत-बजरी निकालने का बेहतर प्रबंधन होना शुरू नहीं होता, तब तक ऐसी आपदाओं से सुरक्षित होने की बात सोचना धोखा है। प्रदेश में कुछ सालों से बरसातों का मानवीय जिंदगियों पर भारी पड़ने के साथ लोगों के आशियानों व अन्य संपत्तियों को भी नुकसान पहुंचाने का क्रम जारी है, तो वहीं निकट भविष्य में इसके उपाय के कारगर कदमों के न उठाए जाने तक इसका थमना मुश्किल ही लगता है।

### खनन पर विभाग कार्रवाई को देता है अंजाम

**जिला** खनन अधिकारी राजीव कालिया ने कहा कि अवैध खनन को रोकने के लिए विभाग कार्रवाई को अंजाम देता रहता है। उन्होंने बताया कि कुछ खड्डों को नीलाम भी किया गया है। उन्होंने माना कि खनन पर पूरी तरह से रोक भी आपदाओं को न्यौता दे सकती है, तो वहीं नदियों के खनिजों की मात्रा व मूल्य का आकलन करने के बाद उन्हें छोटे समय के लिए नीलाम करने से इस समस्या का हल हो सकता है।

### नगर निगम के वार्ड-15 और सौकणी दा कोट पंचायत के किसानों ने समस्या को लेकर एडीएम को सौंपा ज्ञापन

# दो साल से कूहलें बंद, ऊपर से लावारिस पशु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

सिंचाई कूहलों की मरम्मत और लावारिस पशुओं की समस्या को लेकर शुक्रवार को नगर निगम धर्मशाला के वार्ड-15 के किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल ने एडीएम धर्मशाला को ज्ञापन सौंपा।

एडीएम धर्मशाला को ज्ञापन सौंपने के बाद प्रतिनिधि मंडल में शामिल सेवानिवृत्त एडीएम त्रिलोक शर्मा, सौकणी दा कोट पंचायत प्रधान अमर सिंह, किसान सभा सदस्य ईश्वर दास और ईश्वर सिंह राणा ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि नगर निगम के वार्ड-15 की शहरी कूहलें दो वर्षों से बंद हैं। गत वर्ष घूरलू नाला में बाढ़ व भू-स्खलन होने से इस क्षेत्र के सभी छोटे बड़े किसान काफी प्रभावित हुए हैं और सिंचाई कूहलें पूरी तरह तबाह हो गई हैं। उन्होंने कहा कि आज दिन तक उक्त शहरी कूहलों की ओर किसी का ध्यान नहीं गया। यहां के किसानों ने कई बार विभाग को आवेदन किया, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि नगर निगम से पूर्व ग्राम पंचायत के समय गांवों को थोड़ा बहुत काम होता भी था, परंतु जब से यह क्षेत्र नगर निगम के अधीन गया है। इस क्षेत्र की शहरी कूहलों के निर्माण की ओर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है। उन्होंने कहा कि यही हालात रहे तो आने वाले समय में लोग खेती बाड़ी करना भी बंद कर देंगे। प्रतिनिधि मंडल ने जिला प्रशासन से वार्ड-15 की शहरी कूहलों के स्थायी निर्माण या अस्थायी रूप से सुचारु करने की मांग रखी है।






लावारिस पशु।

### छुटकारे की भी लगाई गुहार

**प्रतिनिधिमंडल** ने कहा कि इस क्षेत्र के किसानों की फसलों पर लावारिस पशुओं की समस्या से काफी परेशान चल रहे हैं। छोटे किसान बड़ी मुश्किल से खेती करने के लिए बीज, खाद व हल जुताई करवाते हैं। इतने महंगे उत्पाद के बावजूद खेती कर रहे हैं। लेकिन जब फसल उगने की कगार पर आती है तो लावारिस पशु खेती को तबाह कर देते हैं। लोगों ने सरकार से आग्रह किया है कि जो भी लोग आवारा पशुओं को छोड़ते हैं, उनके लिए गोशाला का प्रबंध किया जाए और उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई का प्रावधान किया जाए।

### पशु प्रेमी संस्थाओं पर भी साधा निशाना

**प्रतिनिधिमंडल** में शामिल लोगों ने कहा कि फसलों को बचाने के लिए यदि किसान लावारिस पशुओं को बांधते हैं तो कुछ लोग झूठ में ही वीडियो बना पर बढ़ा-चढ़ाकर सोशल मीडिया में डाल कर हंगामा खड़ा कर देते हैं। उन्होंने पशु प्रेमियों से आग्रह किया है कि किसानों के हित को देखते हुए किसानों की मदद करें और पशुओं को गोशाला पहुंचाने अथवा उनके असल मालिकों को ढूढ़ने मदद करें, न कि सोशल मीडिया के माध्यम से किसानों को ही निशाना बनाएं।

### अपादा को लेकर एजेंसी समूह किया गठित

**धर्मशाला।** बेहतर आपदा प्रबंधन के लिए कांगड़ा जिला के देहरा उपमंडल में आपदा प्रबंधन अंतर एजेंसी समूह गठित किया गया है। इस बाबत पंचायत स्तर पर आपदा प्रबंधन प्लान तैयार करने के लिए दो दिवसीय परामर्श-सह-प्रशिक्षण कार्यशाला भी देहरा के बचत भवन में आयोजित की गई। शुक्रवार को कार्यशाला के समापन पर मुख्यातिथि उपमंडलाधिकारी शिल्पी बेक्टा ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर आपदा प्रबंधन में आम जनमानस की सहभागिता सुनिश्चित करने की दिशा में कांगड़ा जिला के देहरा उपमंडल में आपदा प्रबंधन अंतर एजेंसी समूह गठित करने की पहल की गई है। इसमें महाविद्यालयों के छात्र, सेवानिवृत्त कर्मचारी तथा अन्य नागरिकों को इन समूहों के साथ जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि देहरा उपमंडल के 118 पंचायतों के 40 क्लस्टर बनाए गए हैं। इनके माध्यम से आपदा प्लान के तैयार किया जाएगा।

## कांग्रेस दिग्गजों का आवेदन न करना हैरानी भरा

### कांगड़ा-चंबा के लिए कुल 13 आवेदनों में से मात्र डॉ. राजेश शर्मा को है चुनावी अनुभव

**कपिल पंडित, धर्मशाला**




राजनीति में पार्टी के हालात ठीक हों और परिस्थितियां बिलकुल अनुकूल हों तो पार्टी टिकट के लिए दिग्गज सबसे आगे की लाइन में दिखते हैं। इस दौरान कोई आम कार्यकर्ता टिकट के लिए आवेदन कर दे तो वह दिग्गजों के निशाने पर आ जाता है।

पार्टी के लिए परिस्थितियां कुछ हद तक विपरित हों तो सबसे पीछे दिग्गज ही नजर आते हैं। मोदी सरकार के दस साल पूरे होने और इस दौरान उनकी नीतियों पर जम कर हमला बोलने वाले दिग्गज कांग्रेसी नेताओं को अपनी नेतागिरी पर इतना भी भरोसा नहीं रहा है कि वह आगामी लोकसभा में विपक्षी पार्टी को टक्कर दे पाएं। कांगड़ा चंबा संदसीय क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी टिकट पर चुनाव लड़ने के लिए कुल 13 आवेदनों में से एक मात्र उम्मीदवार ऐसे हैं जिन्हें पार्टी टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ने का अनुभव है और वह लोकसभा चुनाव के लिए भी तैयार हैं। हैरानी की बात यह है कि अभी तक कांग्रेस के वह नेता तो मंहगाई, नोटबंदी, बेराजगारी, घटती जीडीपी, 15 लाख व पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दाम आदि विभिन्न मुद्दों पर मोदी सरकार पर सवाल उठाते रहे हैं, वह दिग्गज कांग्रेसी नेता टिकट आवेदन के लिए सामने नहीं आए हैं। (अनंत ज्ञान)

### डॉ. राजेश शर्मा ने दिखाया दम

**गत** विधानसभा चुनावों में देहरा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे डॉ. राजेश शर्मा ने दम दिखाया है और वह लोकसभा चुनाव में भाजपा को टक्कर देने के लिए तैयार हैं।

### आवेदन मात्र औपचारिकता

**कांग्रेस** पार्टी टिकट के लिए आवेदन मात्र औपचारिकता प्रतीत हो रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री एवं तमाम नेताओं की हिमाचल प्रभारी एवं हाई कमान से गत माह हुई बैठक में मौजूद विधायकों को ही पार्टी टिकट देने पर चर्चा हुई थी। कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए आए आवेदनों में से एक भी उम्मीदवार न तो विधायक है और न ही पूर्व विधायक है। यहां तक कि एक उम्मीदवार को छोड़े दे तो किसी के पास विधानसभा चुनाव लड़ने तक का अनुभव नहीं है।

### निर्णय पार्टी हाई कमान करती है

**राष्ट्रीय** प्रवक्ता अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी रितु चौधरी ने कहा कि पार्टी टिकट के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों का स्वागत है, कांग्रेस हाई कमान जमीनी स्तर पर सर्वे करती है और उसी के बाद पार्टी टिकट आबंटित किया जाता है। किसी व्यक्ति में यदि चुनाव लड़ने और जीतने की क्षमता है तो बिना आवेदन के भी पार्टी टिकट दिया जा सकता है, हालांकि यह निर्णय पार्टी हाई कमान ही करती है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केवल अपने उद्योगपति दोस्तों का दिया साथ : रितु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



पत्रकारों को संबोधित करती हुई अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय प्रवक्ता रितु चौधरी।

मोदी सरकार में युवा, महिला, किसान, गरीब, बेटियां, दलित व आदिवासी सहित हर वर्ग का शोषण हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी केवल अपने शौक पूरे करने और अपने चंद उद्योगपतियों को लाभ देने में ही जुटे हुए हैं। पत्रकारों को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय प्रवक्ता और राजस्थान कांग्रेस की मीडिया इंचार्ज रितु चौधरी ने बात कही।

मोदी सरकार पर तीखा हमला करने हुए उन्होंने कहा कि मोदी सरकार झूठ की सरकार है और उन्होंने दस वर्ष पूर्व जिन लोक लुभावने वादों से सत्ता हासिल की थी। उन वादों में से एक भी वादा पूरा नहीं कर पाई है। उन्होंनें कहा कि भाजपा ने एक सपना यह दिखाया था कि हम आएंगे तो सबका साथ सबका विकास करेंगे, लेकिन साथ केवल दो अमीर घरानों का ही रह गया और विकास भी उन्हीं घरानों का हुआ। प्रति वर्ष दो करोड़ नौकरियों के वादे पर रितु चौधरी ने कहा कि नौकरियां देना तो दूर देश भर 30 लाख से अधिक पद रिक्त चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का दावा था कि किसानों की आय दोगुनी की जाएगी लेकिन किसानों की फसल का यह सरकार न्यूनतम मूल्य तक नहीं दिलवा पाई है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार विभिन्न मंचों से महिला सम्मान की बात करती है लेकिन महिलाओं को कुचलने का कार्य इसी सरकार में हुआ है। उन्होंने मोदी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि महिलाओं के सम्मान को तारतार करने वाले और महिला हिंसा के आरोपी संसद में बैठ कर ठहाके मार रहे हैं लेकिन प्रधानमंत्री मोदी और उनके मंत्रियों के मुंह से एक शब्द तक नहीं निकलता। भाजपा नेता बृज भूषण शरण का नाम लेते हुए रितु चौधरी ने भाजपा के कुछ विधायकों एवं मंत्रियों को निशाने पर लिया और उन्होंने महिला अत्याचार का दोषी बताया।

### भाजपा को मिला है 5200 करोड़ रुपए चंदा

**रितु** चौधरी ने कहा कि इलेक्ट्रोल बॉन्ड के माध्यम से भाजपा को 5200 करोड़ रुपए चंदा मिला है और जिन उद्योगपतियों ने उन्हें चंदा दिया, उन्हें सरकार ने सरकारी संपत्तियां बेची। इसके माध्यम से सरकार ने देश को बेचने का कार्य किया है।

## समाजसेवी चक्षु ने स्पेशल चाइल्ड्स को बांटे चॉकलेट व चिप्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

ज़िला कांगड़ा के मुख्यालय धर्मशाला के अप्पर बड़ोल में स्थित हार्मोनी डे केयर सेंटर में शुक्रवार को हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री के मीडिया को-ऑर्डिनेटर व समाज सेवी एडवोकेट विश्व चक्षु ने स्पेशल चाइल्ड्स को चॉकलेट व चिप्स बांटे।

इस दौरान उन्होंने हार्मोनी डे केयर में एक महीने के राशन में चावल देने की बात कही और उन्होंने कहा कि अगर सेंटर में कोई भी समस्या या जरूरत होती है तो वह हर संभव मदद करेंगे। उन्होंने हर मांग को प्रशासन व सरकार के सामने रखने की बात भी कही और कहा कि हार्मोनी डे केयर सेंटर के स्थाई भवन की मांग भी सरकार व प्रशासन के समक्ष रखी जाएगी, जिससे बच्चों को उनका स्थाई परिसर मिल सके। उधर, हार्मोनी डे केयर सेंटर कमेटी के उपाध्यक्ष आरपी चोपड़ा ने कहा कि परिसर में शुक्रवार को पूर्व भाजपा सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री के मीडिया को-ऑर्डिनेटर एडवोकेट विश्व चक्षु बच्चों से बातचीत करने पहुंचे, इस दौरान उन्होंने हार्मोनी डे केयर सेंटर के स्थायी परिसर को लेकर बात कही। आरपी चोपड़ा ने कहा कि उन्होंने बच्चों के लिए एक महीने के राशन में चावल देने की बात कही। चोपड़ा ने कहा कि संस्था की ओर से स्पेशल चाइल्ड को हर तरह की सुविधाएं प्रदान की जा रही है। इस दौरान हार्मोनी डे केयर में संस्था के अध्यक्ष प्रशांत वसीन, उपाध्यक्ष आरपी चौपड़ा, डॉक्टर एलएम शर्मा, कोषाध्यक्ष कुलदीप वंटा, सचिव हर्ष वैद्या, वीके शर्मा उपस्थित रहे।



बच्चों को चॉकलेट बांटते विश्व चक्षु।

### केजरीवाल को झूठे केस में गिरफ्तार करना चाह रही मोदी सरकार: बलदेव



**धर्मशाला।** आम आदमी पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता से घबराई मोदी सरकार आप संयोजक अरविंद केजरीवाल को झूठे केस में फंसाने की कोशिश कर रही है। यह आरोप आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता बलदेव राज ने लगाया है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता बलदेव राज ने बयान जारी करते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की 2021-2022 की आबकारी नीति के संबंध में 16 अप्रैल ,2023 को सीबीआई की लगभग नौ घंटे पूछताछ पर 56 सवालों के जवाब दिए हैं, लेकिन लगभग सात महीने बाद ईडी द्वारा लगातार सम्मन भेज कर परेशान कर रही है। लगभग सात महीने से केजरीवाल से कोई पूछताछ नहीं हुई लेकिन चुनाव नजदीक आते ही मोदी सरकार द्वारा ईडी, सीबीआई जैसी संस्थाओं का राजनीति के प्रभाव से दुरुपयोग करके केजरीवाल को झूठे केस में सम्मन आ रहे हैं । आबकारी नीति से दिल्ली के राजस्व में बढ़ोतरी हुई है, गवाहों को डराकर उनसे बयान लिए गए तथा ईडी ने बयानों के वीडियो ऑडियो भी डिलीट कर दी है, जो कि कोर्ट के एक फैसले के विरुद्ध है। आज तक ईडी कोर्ट के सामने एक भी सबूत नहीं रख पाई है ।

### सक्षम और प्रियांशु ने पास की जेई मेन्स की परीक्षा






**लंबागांव।** उपमंडल जयसिंहपुर के दो होनहार युवाओं ने अपना परचम लहराते हुए जेई मेन्स की परीक्षा में सफलता हासिल करते हुए अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया। लोअर लंबागांव के सक्षम लगवाल ने जेई मेन्स 2024 की परीक्षा 99.45 के साथ प्रथम प्रयास में पास की। सक्षम लगवाल के पिता संजय लगवाल कार्यक्रम प्रबंधक के रूप में कार्य करते हैं, माता अंजना लगवाल गृहणी हैं। सक्षम लगवाल ने जयसिंहपुर के ऐम अकादमी में पढ़ाई कर रहे हैं। सक्षम लगवाल बचपन से ही पढ़ाई में काफी तेज हैं। सक्षम लगवाल अपनी सफलता का श्रय अपने शिक्षकों को और माता-पिता को देते हैं। वहीं, लोअर लंबागांव के टिककरी घुमारणु गांव के ओंकार चंद कटौच के पोते प्रियांशु कटौच ने भी परीक्षा 97.27 के साथ प्रथम प्रयास में पास की।

### सुरक्षा गार्ड के सौ पदों की भर्ती के लिए होंगे साक्षात्कार



**धर्मशाला।** सिस इंडिया लिमिटेड शाहतलाई जिला बिलासपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड व सिक्योरिटी सुपरवाइजर (केवल पुरुष) के 100 पदों के लिए 20 फरवरी को रोजगार उपकार्यालय देहरा, 21 फरवरी को रोजगार उपकार्यालय ज्वालामुखी, 22 फरवरी को रोजगार उपकार्यालय कांगड़ा तथा 23 फरवरी को रोजगार उपकार्यालय नूरपुर में साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी आकाश राणा ने देते हुए बताया कि इन पदों हेतु शैक्षणिक योग्यता दसवीं पास रखी गई है व आयु 21 वर्ष से 37 वर्ष तक रखी गई है तथा कंपनी द्वारा रूपए 16500 से 19500 रुपए प्रति माह वेतन दिया जाएगा। रोजगार अधिकारी आकाश राणा ने बताया कि सभी इच्छुक आवेदक अपने साथ दो पासपोर्ट साइज फोटो, रिहायशी प्रमाण पत्र, मूल प्रमाण पत्र एवं अपना बायोडाटा की कॉपी व अनुभव प्रमाणपत्र साथ लेकर साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि विभागीय साइट पर साक्षात्कार का ब्योरा अपलोड कर दिया गया है । सभी इच्छुक आवेदकों से अनुरोध है कि वह साक्षात्कार में भाग लेने से पहले अपनी ई-मेल आईडी या मोबाइल नम्बर से लॉगइन करने के बाद अपने डैशबोर्ड पर दिख रही सिस इंडिया लिमिटेड की रिक्तियों के लिए आवेदन करना होगा। उन्होंने कहा कि अधिक जानकारी के लिए मो. 8558062252 पर संपर्क कर सकते है।

**कार्यक्रम** भारत-नेपाल उच्च शिक्षा शिखर सम्मेलन में तकनीकी सत्र में बोले प्रो. एसपी बंसल

# भारत में अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए अपार संभावनाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

भारतीय विश्वविद्यालय संघ, काठमांडू विश्वविद्यालय के सहयोग से भारत-नेपाल उच्च शिक्षा शिखर सम्मेलन का आयोजन 15 से 17 फरवरी तक धुलीखेल नेपाल में कर रहा है।

उच्च शिक्षा के वैश्वीकरण और अंतररष्ट्रीयकरण विषय पर एआईयू उत्तरी क्षेत्र के कुलपतियों के सम्मेलन के संयोजन में आयोजित शिखर सम्मेलन, भारत और नेपाल के 150 से अधिक विश्वविद्यालय भाग ले रहे हैं।

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से इस सम्मेलन में कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल, कुलसचिव प्रो. सुमन शर्मा और अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. प्रदीप शिरकत कर रहे हैं। वीरवार को इस सम्मेलन का आगाज हुआ। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड ने इसका शुभारंभ किया। केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बंसल ने प्रधानमंत्री का हिमाचल की परंपरा के अनुसार कुल्लू टोपी और मफलर भेंट कर स्वागत किया। सम्मेलन के दूसरे दिन केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बंसल ने छात्र गतिशीलता एवं विविधता अंतरराष्ट्रीय एक्पोजर का वर्द्धन विषय पर तकनीकी सत्र की अध्यक्षता की। उन्होंने विद्यार्थियों की गतिशीलता के आलोक में अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर के महत्व को रेखांकित किया ।



सम्मलेन में भाग लेते हुए भारत और काठमांडू के सदस्य।

### सफल कहानियों को भी किया प्रस्तुत

**उन्होंने** अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के उदाहरणों सहित भारत की सफल कहानियों को भी प्रस्तुत किया। उन्होंने सार स्वरूप भारतीय शिक्षण प्रणाली के वैश्विक प्रभाव को आंकड़ों और उदाहरणों से पुष्ट किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत अतिथि देवो भव की भावना पर विश्वास करता है और इस आलोक में भारत अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए अतुल्य संभावनाओं से परिपूर्ण है।

### सम्मेलन सार्थक चर्चा को देगा बढ़ावा

**इस** संबंध में केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने दूरभाष पर बताया कि शिखर सम्मेलन विभिन्न शैक्षिक और औद्योगिक क्षेत्रों के नेताओं, शिक्षाविदों, संकाय सदस्यों और छात्रों को एक साथ लाएगा एवं सार्थक चर्चा और सहयोग को बढ़ावा देगा। शिखर सम्मेलन अन्य संस्थानों के साथ जुड़ने, अनुसंधान सहयोग पर चर्चा करने, संकाय/छात्र विनिमय कार्यक्रमों का पता लगाने, ट्विनिंग कार्यक्रम या संयुक्त/दोहरी डिग्री स्थापित करने और विदेशी छात्रों को विश्वविद्यालय में अध्ययन करने के लिए आकर्षित करने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान कर रहा है।

### वेद व्यास परिसर में शिविर का हुआ समापन

**गरली।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली के तत्वावधान में जिला कांगड़ा के परागपुर के निकटवर्ती गांव बलाहार में चल रहे वेदव्यास परिसर में शुक्रवार को विगत दो दिनों से चल रहे शिविर का समापन कर दिए गया। इस दौरान वेदव्यास परिसर के स्वयंसेवियों ने परिसर के अंदर व बाहर सफाई व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त किया। परिसर के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी अमित वालिया एवं संयोजक कवि पंकज ने बताया की समय-समय पर ऐसे शिवरों का आयोजन वेदव्यास परिसर की एन एस एस इकाई द्वारा किया जाता है, ताकि परिसर सहित समस्त क्षेत्र में सफाई व्यवस्था चुस्त दुरुस्त बनी रहे। इस अवसर पर परिसर के प्रभारी निदेशक प्रो. शीशराम सहित कार्यक्रम अधिकारी मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### पॉसिंग व ड्राइविंग टेस्ट 19 और 20 को

**नगरोटा बगवां।** उपमंडल नगरोटा बगवां के अंतर्गत पंचायत घोड़ब के टीका भद्रेहड़ में 19 फरवरी को गाड़ियों की पॉसिंग एवं 20 को ड्राइविंग टेस्ट होंगे। इसकी जानकारी एसडीएम नगरोटा बगवां मुनीश शर्मा ने देते हुए बताया कि पहले आओ पहले पाओ आधार पर ऑन लाइन स्लॉट बुकिंग की जाती है। अतः गाड़ियों की पॉसिंग एवं ड्राइविंग टेस्ट के लिए आवेदन परिवहन विभाग की ई परिवहन व्यवस्था के माध्यम से 17 फरवरी को प्रातः दस बजे से अपना स्लॉट बुक कर सकते हैं।

### छात्रों ने रैली निकाल कर बताए ट्रैफिक नियम



जागरूकता रैली निकालते हुए ज्वालाजी कॉलेज के छात्र।

**ज्वालामुखी।** राजकीय महाविद्यालय ज्वालाजी में रोड सेफ्टी क्लब के सौजन्य से जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य सड़क सुरक्षा विषय पर लोगों को जागरूक करना था। रैली की शुरुआत महाविद्यालय प्रांगण से नागरिक अस्पताल ज्वालाजी तक आयोजित की गई। इसमें महाविद्यालय के सभी छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सुशील कुमार बस्सी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इसमें प्रोग्राम अधिकारी डॉक्टर अनुपम बाहरी और अन्य सभी प्राध्यापक वर्ग शामिल रहें।

### मूहल के लोगों ने जानी बैंकिंग प्रणाली



वित्तीय साक्षरता शिविर के दौरान मौजूद ग्रामीण।

**ज्वालामुखी।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा मूहल द्वारा नाबार्ड द्वारा प्रायोजित एवं वित्त पोषित एकदिवसीय वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत मूहल में किया गया। यह शिविर पंचायत प्रधान संजय कुमार की अध्यक्षता में लगाया गया। शिविर में केसीसी बैंक शाखा मूहल के प्रबंधक नीलम वर्मा द्वारा शिविर में आए हुए लोगों को वित्तीय प्रबंधन, ऋण, सरकार द्वारा जनहित में चलाई गई विभिन्न स्कीमों के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही शिविर में आधार नंबर व ओटोपी द्वारा किए जा रहे फ्रॉड के बारे में ग्रामीणों को विस्तृत जानकारी दी गई।

### निधन पर शोक जताया

**नूरपुर।** हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच का एक प्रतिनिधिमंडल करीब 40 कार्यकर्ताओं के साथ जिसमें प्रदेश अध्यक्ष बल रामपुरी, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बृजलाल ठाकुर, अर्की के अध्यक्ष बलबीर चौधरी, ऊना के अध्यक्ष रमेश शर्मा सहित अजमेर ठाकुर जिलाध्यक्ष हमीरपुर की अध्यक्षता में माननीय उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के निवास पर उनकी पत्नी स्वर्गीय सिमी अग्निहोत्री के निधन पर शोक व्यक्त करने पहुंचे। उन्होंने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के साथ उनकी पत्नी के निधन होने का शोक व्यक्त किया व उन्हें फूल अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। हिमाचल प्रदेश सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच नूरपुर जोन के सचिव शाम सिंह ने बताया हमारे कल्याण मंच के सभी सदस्य शोक व्यक्त करने उपमुख्यमंत्री के घर गए हुए थे।

### बैसाखी मेला को कमेटी की गठित

**जवाली।** विधानसभा क्षेत्र जवाली में होने वाले दो दिवसीय जिला स्तरीय बैसाखी मेला के सफल आयोजन के लिए जिला स्तरीय बैसाखी मेला कमेटी जवाली का गठन नगर पंचायत जवाली के चेयरमैन राजिंदर राजू की अध्यक्षता में हुआ। जबकि एसडीएम जवाली विचित्र सिंह ने विशेषरूप से शिरकत की। सर्वसम्मति से राजिंद्र राजू को जिला स्तरीय बैसाखी मेला कमेटी का दूसरी बार अध्यक्ष बनाया गया। पार्षद जगपाल जग्गू को वरिष्ठ उपप्रधान। जबकि कर्णदेव मेहरा, सुरिंद्र छिंदा, महेंद्र सिंह, रघुवीर सिंह, अमित चौधरी, सौरभ चौधरी, पंकज शर्मा (अनु), गुरनाम सिंह, सौरव मल्होत्रा, सुश्रुत शर्मा को उपप्रधान, अजय विवेक पठानिया, मनु शर्मा, विजय कुमार बीजू को महासचिव, रमेश पंडित, प्रकाश मेहरा, वेद प्रकाश, दयाराम चौधरी, विवेक शर्मा, राजीव गुगलु, धर्मेंद्र कपूर को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया। रविंद्र कपिला, मनीष गौतम, अंकुश गोस्वामी, अनुराग डोगरा, हन्नी टिक्का, राज चौधरी को दंगल कमेटी का दायित्व सौंपा गया।

### कांगड़ा में चार अप्रैल को होगी मॉक ड्रिल

**धर्मशाला।** कांगड़ा जिला में आपदा प्रबंधन को लेकर मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए एडीएम डॉक्टर हरीश गज्जू ने बताया कि इस बाबत सभी उपमंडलाधिकारियों, शिक्षा उपनिदेशक उच्च शिक्षा तथा प्रारंभिक शिक्षा को मॉक ड्रिल के आयोजन को लेकर दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। एडीएम ने बताया कि कांगड़ा जिला में चार अप्रैल 1905 को भूकंप के कारण 20 हजार लोगों ने जान गंवाई थी। जबकि एक लाख से भी ज्यादा भवन क्षतिग्रस्त हुए थे इस तरह की आपदा की स्थिति से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन पर विशेष बल दिया जा रहा है ताकि आपदा की स्थिति में नुक्सान को कम किया जा सके। एडीएम डॉक्टर हरीश गज्जू ने बताया कि जिला स्तर तथा उपमंडल स्तर पर आपदा प्लान तैयार किए गए हैं इसके साथ ही स्कूलों, अस्पतालों में भी आपदा प्लान तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी भी स्तर पर नुक्सान को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि इसी आपदा प्रबंधन प्लान को परखने के लिए नियमित तौर पर मॉकड्रिल का आयोजन किया जाता है ताकि आपदा के दौरान आपदा प्रबंधन प्लान के हिसाब से कार्य किया जा सके और संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को किसी तरीके से आपदा की स्थिति से निपटना है उसका भी अभ्यास हो सके।

## राज्यसभा चुनावों में कांग्रेस सरकार की होगी अग्निपरीक्षा, भाजपा की तैयारियां भी जोरों पर

# कांग्रेस को संख्याबल तो भाजपा को दोस्तों से आस

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**




हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा प्रत्याशी का चुनाव इस बार अहम देश व प्रदेश की राजनीति में अहम रोल निभाएगा। इसका कारण है कि कांग्रेस के पास विधानसभा में 40 विधायक हैं तथा इसके बावजूद कांग्रेस चूकती है तो इसका सीधा लाभ भाजपा को लोकसभा चुनावों में मिलना तय है। जबकि कांग्रेस प्रत्याशी की जीत से पार्टी का मनोबल निसंदेह बढ़ेगा। राज्यसभा सदस्य के चुनाव को लेकर जहां कांग्रेस के उम्मीदवार वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी को संख्याबल पर विश्वास है तो वहीं मंत्री रहे तथा कांग्रेस से छिटक कर भाजपा के हुए हर्ष महाजन को अपने पुराने संबंधों से उम्मीद है। बताते चलें कि कांग्रेस की अंतर्कलह किसी से छुपी नहीं है। भले ही प्रदेश के सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू अंतर्कलह को दूर करने के लिए काम कर रहे हैं लेकिन कुछ विधायकों की नाराजगी की बानगी से साफ है कि कांग्रेस का सबसे बड़ा डर क्रॉस वोटिंग है।

कांग्रेस पार्टी में काली भेड़ों की संज्ञा तक इसी वजह से दी जाती है तथा कांग्रेस में काली भेड़ों ने उल्टफेर कर कांग्रेस को हैरान भी किया है। ऐसे में कांग्रेस का यह डर अस्वाभाविक नहीं है। अपने व्यक्तित्व तथा सौम्य व्यवहार के साथ सधे हुए रणनीतिकार माने जाने वाले हर्ष महाजन को हिमाचल से राज्यसभा का प्रत्याशी बनाकर 25 विधायकों वाली भाजपा ने सबको हैरान किया है तो वहीं इसे भाजपा का तुरूप का पत्ता भी माना जा रहा है। भाजपा के कोर ग्रुप के सदस्य हर्ष महाजन को पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत वीरभद्र सिंह के करीबियों में से एक थे और उनके प्रमुख रणनीतिकार माने जाते थे। हर्ष तीन बार चंबा विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे। वीरभद्र सरकार में पशुपालन मंत्री भी रहे। वह राज्य सहकारी बैंक के चेयरमैन भी रह चुके हैं।

वहीं, तीन चुनाव जीतने के बाद हर्ष महाजन ने कभी चुनाव नहीं लड़ा जबकि उनके चंबा विधानसभा क्षेत्र के आम लोग प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से उनके चुनाव लड़ने की मांग को सालों से दोहराते रहे हैं। वहीं कई साल तक कांग्रेस पार्टी के सिपहसालार रहे हर्ष महाजन के जाहिर है कांग्रेस के दिग्गजों से पुराने रिश्ते उनकी राजयसभा की दावेदारी को मजबूत करते दिख रहे हैं। वहीं हर्ष महाजन ने ये भी कहा कि भले ही हम कम हैं लेकिन चुनाव जीतने के लिए नंबर गेम क्या होगा इसका खुलासा तो 27 को ही होगा। (अनंत ज्ञान)

### पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह के करीबियों में से एक थे हर्ष महाजन



**भाजपा** के कोर ग्रुप के सदस्य हर्ष महाजन को पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत वीरभद्र सिंह के करीबियों में से एक थे और उनके प्रमुख रणनीतिकार माने जाते थे। हर्ष तीन बार चंबा विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे। वीरभद्र सरकार में पशुपालन मंत्री भी रहे। वह राज्य सहकारी बैंक के चेयरमैन भी रह चुके हैं। तीन चुनाव जीतने के बाद हर्ष महाजन ने चुनाव कभी नहीं लड़ा। जबकि उनके चंबा विधानसभा क्षेत्र के आम लोग तक प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से उनके चुनाव लड़ने की मांग को सालों से दोहराते रहे हैं।

### नामी वकील हैं अभिषेक मनु सिंघवी, 2012 में सीडी प्रकरण की वजह से उछला था नाम

**कांग्रेस** के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी भारत में अग्रणी वकीलों में से एक हैं। वे भारत के उच्चतम न्यायालय के सबसे कम उम्र के नामित वरिष्ठ अधिवक्ता थे। वे भारत के एक पूर्व अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल भी थे। हाल के इतिहास में उन्हें कुछ सबसे उच्च प्रोफाइल के मामलों में देखा गया है। वे राजस्थान से राज्यसभा सांसद रहे हैं तथा पार्टी के बड़े नेताओं में शुमार हैं। उनका नाम चर्चा में उस समय बहुत आया था जब साल 2012 में कथित सेक्स सीडी प्रकरण में उनका नाम उछला था तथा पूरे देश में इसकी चर्चा लंबे समय तक रही थी।

### बैठक में 12 बूथों के सदस्यों ने लिया भाग

**नूरपुर।** नूरपुर विधानसभा में कांग्रेस पार्टी ने ब्लॉक स्तरीय बूथ संगठित व बूथों को मजबूत करने को लेकर ब्लाक नूरपुर अध्यक्ष सुशील मिंटू की अध्यक्षता में एक बैठक की। इसमें मुख्यातिथि के रूप में नूरपुर पूर्व विधायक अजय महाजन ने शिरकत की। इस बैठक में छह पंचायतों के 12 बूथों के सदस्यों ने भाग लिया। इस बैठक में सभी बूथों सदस्यों को पार्टी की विचारधारा तथा प्रदेश मुख्यमंत्री द्वारा जो गरीब परिवारों तथा आम जनता के लिए जो भलाई के कार्य किए गए हैं उसके बारे में अवगत करवाया तथा आगामी लोकसभा चुनावों में किस तरह पार्टी को मजबूत बनाया जा सकता है उसकी समीक्षा की गई। नूरपुर पूर्व विधायक अजय महाजन ने कहा कि यह हमारे संगठन की मीटिंग है और जो हमारे हाई कमान का दिशानिर्देश हुआ है कि हर ब्लॉक में स्तर पर बूथ कमेटियां संगठित की जाए। हर दस बूथ पर अलग कमेटी बनेगी इस संदर्भ में यहां 12 बूथों कमेटियों के सदस्यों की मीटिंग है और हम इन्हें पार्टी के आदेशानुसार संगठित कर रहे हैं।

## शादी के विवाद को निपटाने के लिए 20 हजार रुपए रिश्वत लेने पर महिला अरेस्ट

**ओपी वर्मा, शाहपुरकंडी**


विजिलेंस टीम के साथ आरोपी महिला।

विजिलेंस ब्यूरो ने पंजाब में भ्रष्टाचार विरोधी चलाए गए अभियान के तहत एक महिला मनमीत कौर निवासी गांव भोलापुर, बमियाल जिला पठानकोट को 20 हजार रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए विजिलेंस ब्यूरो के सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि उपरोक्त आरोपी को बलजीत कौर निवासी सिबल स्कोल, तहसील नरोट जैमल सिंह, जिला पठानकोट द्वारा मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार विरोधी एक्शन लाइन में दर्ज करवाई गई आनलाइन शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि उक्त महिला मनमीत कौर ने उसके पति के साथ वैवाहिक विवाद को निपटाने के बदले में 20 हजार रुपए रिश्वत के तौर पर लिए और थाना नरोट जैमल सिंह के एसएचओ सब-इंस्पेक्टर अजविंदर सिंह के नाम पर इसके अतिरिक्त रिश्वत की मांग कर रही है।

शिकायतकर्ता ने पैसे की मांग करते समय आरोपी के साथ हुई बातचीत को रिकॉर्ड कर लिया। उन्होंने कहा कि विजिलेंस रेंज अमृतसर ने इस शिकायत की जांच की और आरोप सही पाए गए। इस संबंधी आरोपी मनमीत कौर के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7-ए के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले की आगे की जांच जारी है और संबंधित पुलिस कर्मियों की भूमिका की भी जांच की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### रिश्वत मांगने की बातचीत की रिकॉर्ड

**शिकायतकर्ता** ने पैसे की मांग करते समय आरोपी के साथ हुई बातचीत को रिकॉर्ड कर लिया। उन्होंने कहा कि विजीलेंस रेंज अमृतसर ने इस शिकायत की जांच की और आरोप सही पाए गए।

## मास्टर हॉकी स्पर्धा में छाई नीलम, रजत पदक किया हासिल




**सुभाष मिंटू, कांगड़ा**

राष्ट्र स्तरीय मास्टर महिला हॉकी प्रतियोगिता में हिमाचल की टीम ने रजत पदक प्राप्त किया है। महिला टीम ने सेमीफाइनल में केरल को हराकर खिताब तक पहुंची और रजत पदक हासिल किया।

वहीं, फाइनल में हिमाचल की टीम को महाराष्ट्र की टीम ने 1-0 से हराया। यह प्रतियोगिता गोवा में 11 से 13 फरवरी तक आयोजित की गई। इसमें जिला कांगड़ा की चार लड़कियों कैप्टन मीना, नीलम कुमारी, शगुन डोगरा व अंजना पठानिया ने प्रतिनिधित्व किया। इस प्रदर्शन के दौरान दरगेला (शाहपुर) की नीलम का प्रदर्शन पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन रहा। इसके दम पर हिमाचल की टीम फाइनल तक पहुंची। नीलम वर्तमान में दरगेला स्कूल के टीजीटी हिंदी के पद पर कार्यरत है तथा ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी पंजाब में हॉकी में स्वर्ण पदक विजेता रही है। (अनंत ज्ञान)



हिमाचल प्रदेश गोस्वामी विकास कल्याणकारी सभा के प्रदेशाअध्यक्ष पवन गोस्वामी ने अपनी समस्त सभा सदस्यों के द्वारा बैजनाथ में इंदु गोस्वामी के घर जाकर उनके पिता के निधन की तेहरवी में उनके निवास स्थान में जाकर उनको सांत्वना दी, शोक जताया। इस अवसर पर संजीव गोस्वामी, पवन गोस्वामी, मदन गोस्वामी, कामदेव गोस्वामी, सुखदेव गोस्वामी, विशाल गोस्वामी, बाबू राम गोस्वामी, बॉबी गोस्वामी आदि सदस्यों ने भाग लिया।

## पूर्व सैनिक का सैन्य सम्मान के साथ किया अंतिम संस्कार



**पंकज सोनी, ज्वालामुखी**

ज्वालामुखी की तहसील खुंडियां के अघार टिहरी गांव के 90 वर्षीय नायब सूबेदार सीता राम का गत रात अल्प बीमारी के उपरांत निधन हो गया। पूर्व सैनिक लीग खुंडियां के अध्यक्ष रिटायर्ड कर्नल एम एस राणा ने बताया कि सीता राम मई 1956 में डोगरा रेजिमेंट में भर्ती हुए थे तथा 1962, 1965 और 1971 के तीनों युद्धों में 14 डोगरा के सक्रिय हिस्सा रहे थे। रिटायरमेंट के उपरांत कृषि उत्पादन के साथ इलाके के विकास में अनेकों सभाओं का हिस्सा भी रहे थे। वह बड़े मिलनसार, सामाजिक तथा रसूखदार व्यक्तित्व के साथ इलाके में गहरी पैठ रखते थे। स्टेशन हेडक्वार्टर योल की सैन्य टुकड़ी ने सेना प्रमुख की ओर से श्रद्धा सुमन के साथ अंतिम सैल्यूट दिया।

इस अवसर पर विकास सभा खुंडियां के अध्यक्ष डॉक्टर बलदेव, प्रिंसिपल रघुवीर, सूबेदार मेजर बिहारी लाल, सूबेदार माधो, सूबेदार दलीप, सूबेदार जसवंत, सूबेदार पृथी आदि सैंकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे और परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की। (अनंत ज्ञान)

### चुनाव 27 फरवरी को होंगे

**डाडासीबा।** डाडासीबा तहसील के अंतर्गत आने वाली दी कस्बा स्यूल कृषि सेवा सहकारी सभा के प्रधान व अन्य कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव 27 फरवरी को होंगे।


# कार्यालय नगर परिषद हमीरपुर हि. प्र.

क्रमांक संख्या/3678 एमसीएच/ दिनांक16-2-2024

**कबाड़ सामग्री की निविदाएं आमंत्रित करने बारे**

नगर परिषद हमीरपुर अपने कार्यालय की कबाड़ सामग्री को बेचने के लिए आमजन साधारण/रजिस्ट्रर एजेंसी/रजिस्ट्रर फर्म/रजिस्ट्रर टेकेदार/कबाड़ियों से लिफाफा बंद निविदाएं आमंत्रित करती है। निविदाएं डालने वाले को नगर परिषद कार्यालय में 50,000/-रुपए सिक्योरिटी मनी जमा करवानी होगी। यह सिक्योरिटी मनी दिनांक 28.02.2024 को सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक नगर परिषद कार्यालय में जमा करवानी होगी। नगर परिषद हमीरपुर द्वारा इस कबाड़ सामग्री का आरक्षित मूल्य जीएसटी सहित 6,90,000/- रुपए रखा गया है। कोई भी व्यक्ति आरक्षित मूल्य से कम मूल्य की निविदाएं नहीं डाल सकता। निविदाएं दिनांक 29.02.2024 को नगर परिषद कार्यालय में 11:00 बजे तक जमा होंगी तथा दिनांक 29.02.24 को ही 12:00 बजे नगर परिषद कार्यालय में कार्यकारी अधिकारी प्रधान व सहायक अभियंता तथा सभी कोटेशन होल्डर की उपस्थिति में खोली जाएंगी। निविदाएं डालने वाले को कम से कम तीन निविदाएं डालनी होंगी। निविदाएं खोलने पर जिन तीन व्यक्तियों की निविदाओं का मूल्य सबसे अधिक होगा, उनकी सिक्योरिटी मनी रखी जाएगी और अन्य लोगों की सिक्योरिटी मनी उसी समय वापस कर दी जाएगी। अधोहस्ताक्षरी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी निविदा को स्वीकार या निरस्त करने का अधिकार होगा। जिन तीन व्यक्तियों की निविदाओं का मूल्य सबसे अधिक होगा, उनमें से जिस व्यक्ति की निविदा का मूल्य सबसे अधिक होगा पहले उसे कबाड़ सामग्री उठाने का समय दिया जाएगा। अगर वह दिए गए समय में कबाड़ सामग्री नहीं उठाता है, तो उसकी सिक्योरिटी मनी जब्त कर ली जाएगी। उसके बाद दूसरे कोटेशन होल्डर जिसकी निविदा का मूल्य सबसे अधिक होगा उसको कबाड़ सामग्री उठाने का समय दिया जाएगा। यदि यह भी दिए गए समय में कबाड़ सामग्री नहीं उठाता है तो उसकी भी सिक्योरिटी मनी जब्त कर ली जाएगी तथा तीसरे कोटेशन होल्डर जिसकी निविदा का मूल्य सबसे अधिक होगा उसको कबाड़ सामग्री उठाने का समय दिया। यदि तीसरा भी नहीं उठाता है तो उसकी भी सिक्योरिटी मनी जब्त कर ली जाएगी और निविदाएं रद्द समझी जाएंगी। कबाड़ सामग्री उठाने वाले को उसी समय पूरी राशि नकद एक मुश्त नगर परिषद कार्यालय में जमा करवानी होगी। कबाड़ सामग्री एक सप्ताह के भीतर नगर परिषद के कनिष्ठ अभियंता व अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति में उठानी होगी। जो भी कबाड़ समान लोहे का, लकड़ी का, डस्टबिन, ऐंगल, अल्मारियां, बिजली का सामान आदि है, वो सारा सामान सॉलिड वेस्ट मेनेजमैंट प्लॉट दगनेड़ी, बजूरी, नगर परिषद के विश्राम गृह, टाउन हॉल में तथा नगर परिषद के पुराने कार्यालय भोटा चौक में है।

(अजमेर सिंह ठाकुर)
कार्यकारी अधिकारी
नगर परिषद, हमीरपुर


## अनंत ज्ञान — आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष :** किसी भी कीमत पर अपना काम करवा लेंगे। जीवनसाथी की मदद से कार्य पुरे होंगे। विरोधियों से सावधान रहें।

**वृषभ :** दिन श्रेष्ठ है। व्यावसायिक संबंधों का लाभ मिलेगा। बुद्धि से कार्य में सफलता के योग। पद-प्रतिष्ठा में वृद्धि से संतोष रहेगा।

**मिथुन :** गलत निर्णय का गलत नतीजा। व्यवसाय में परिवर्तन करने का मन होगा। मान-सम्मान बढ़ेगा। उधार दिया पैसा वापस नहीं मिलने से परेशानी बढ़ेगी।

**कर्क :** आप की मेहनत के अनुरूप आप को फल न मिलने से मन दुखी होगा। संतान से मदद मिलेगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा।

**सिंह :** कार्यस्थल पर सकारात्मक विचारों के कारण प्रगति के अवसर आएंगे। धन प्राप्ति के योग हैं। व्यर्थ के विवादों से दूर रहें।

**कन्या :** दोस्तों से मन की बात होगी। अनसोचे कामों में हाथ नहीं डालें। पारिवारिक मामले अशांत रखेंगे।

**तुला :** तुला राशि- अपनों के व्यवहार से मन दुखी होगा। किसी भी काम को करने से पहले रणनीति तय करें।

**वृश्चिक:** आप की दिनचर्या में बदलाव आयेगा। अपने लक्ष्य को ध्यान में रखकर प्रयत्न करें, सफलता मिलेगी।

**धनु :** आप की कार्यशैली और वाक् चातुर्य से काम पुरे होंगे। व्यावसायिक अनुकूलता रहेगी। निवेश करने में जल्दबाजी न करें।

**मकर :** दिन की शुरुआत में आलस हावी रहेगा। दोस्तों के साथ मोज-मस्ती में समय बीतेगा। नए वस्त्रों की प्राप्ति होगी।

**कुंभ :** राजनीतिक दबाव के कारण होते कार्य अवरुद्ध हो सकते है। आज आर्थिक विशेष लाभ होने की संभावना है।

**मीन :** आप के अपनों द्वारा प्रताड़ित हो सकते है। अपने उद्देश्य की पूर्ति के प्रयास में आलस्य व विलंब नहीं करें।

### आज का पंचांग

(17 फरवरी, 2024)

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत :** 1945 (शोभकृत), **मास :** माघ, **तिथि : अष्टमी** (08:18): **नक्षत्र :** कृत्तिका (08:46), **पक्ष :** शुक्ल (01:43), करण: वणिज (08:13) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित, राहुकाल 12:12 - 12:57।

### विशेष दिन

- 17 फरवरी 2024 मासिक दुर्गा अष्टमी आज।
- 18 फरवरी 2024 गुप्त नवरात्र समाप्त

### कैंप आज

**बैजनाथ।** लाला रामजी दास नाथो देवी सोनी रोटरी विजन सेंटर (डीम्ड आई हॉस्पिटल) चौगान चौक बीड (बैजनाथ) में निशुल्क नेत्र जांच शिविर 17 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। इसमें मदर रोटरी आई हॉस्पिटल मारंडा के वरिष्ठ डॉक्टर मरीजों की जांच करेंगे। साथ में मोतियाबिंद सर्जरी के लिए चिन्हित मरीजों का ऑपरेशन रोटरी आई हॉस्पिटल मारंडा में किया जाएगा। आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों का निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन किया जाएगा। उन्होंने इलाके के सभी लोगों से इस शिविर में उपस्थित हो कर निशुल्क लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

**बुराई** से बुराई कभी खत्म नहीं होती। घृणा को तो केवल प्रेम द्वारा ही समाप्त किया जा सकता है, यह एक अटूट सत्य है।
–महात्मा बुद्ध



# समलैंगिक विवाह को मंजूरी से रूढ़िवादी ईसाई देश बना ग्रीस

**सिकंदर** के देश ग्रीस की सरकार ने समलैंगिक विवाह को मान्यता देकर ऐतिहासिक पहल की है। ग्रीस ऐसा करने वाला पहला रूढ़िवादी ईसाई देश बन गया है। हालांकि ग्रीस में कानूनी मान्यता देने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा। प्रधानमंत्री मित्सोटाकिस ने इसे मानवाधिकारों के लिए मील का पत्थर बताया है। बिल के समर्थकों ने जश्न मनाकर एक-दूसरे को गले लगाकर बधाई दी। तमाम संगठन इस फैसले को ग्रीस में मानवाधिकारों के लिए ऐतिहासिक जीत के तौर पर देख रहे हैं।

जनमत सर्वेक्षणों से पता चलता है कि अधिकांश यूनानी बिल के समर्थक हैं। समान लिंग वाले जोड़ों के माता-पिता के पास अभी भी अपने बच्चों को उनकी जरूरत की चीजें उपलब्ध कराने के लिए समान कानूनी अवसर नहीं हैं, लेकिन यह विधेयक विवाहित समान-लिंगी साझेदारों और उनके बच्चों को पूर्ण माता-पिता का अधिकार प्रदान करता है। यह ग्रीस में समलैंगिक जोड़ों को सरोगेट माताओं के माध्यम से माता-पिता बनने से रोकता है, यह विकल्प वर्तमान में उन महिलाओं के लिए उपलब्ध है, जो स्वास्थ्य कारणों से बच्चे पैदा नहीं कर सकती हैं।

भेदभाव मानसिक स्वास्थ्य के लिए सबसे बड़ा जोखिम होता है। सर्वेक्षणों से पता चलता है कि ज्यादातर यूनानी समलैंगिक विवाह के लिए सहमत हैं, हालांकि वे पुरुष जोड़ों को सरोगेसी के माध्यम से पितृत्व प्रदान करने के विचार को अस्वीकार करते हैं। ग्रीस में 2015 से समान-लिंग नागरिक भागीदारी की अनुमति दी गई है, लेकिन ऐसे पिता सिर्फ जैविक पिता ही कहलाते हैं, उन्हें बच्चों को पालने का अधिकार नहीं है। यह मामला अभी भी ग्रीस में अफसरशाही में उलझा हुआ है।

भारत में सुप्रीम कोर्ट से समलैंगिक शादी को वैधता नहीं मिली और गेंद संसद के पाले में डाल दी गई है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अब यह तय हो गया है कि समलैंगिक विवाह मामले पर अब जो कुछ भी होगा, जब तक संसद इस संबंध में कोई कानून नहीं बना देती, भारत में यथास्थिति कायम रहेगी। ऐसे विवाह कानून की नजर में अवैध माने जाएंगे। जहां दुनियाभर के गे अपने अधिकारों की मांग कर रहे हैं, वहीं केंद्र सरकार भारत में उनकी बढ़ती संख्या को लेकर चिंतित है। हाल ही में केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि देश में 25 लाख पुरुष समलैंगिक हैं। इनमें से सात प्रतिशत से ज्यादा समलैंगिक एचआईवी संक्रमित हैं। विश्व के 33 देश ऐसे हैं, जहां समलैंगिक विवाह मान्य है।

नीदरलैंड पहला देश है, जहां इस विवाह को साल 2001 में मंजूरी मिली थी। ज्यादातर देशों में अदालत के फैसले के माध्यम से समलैंगिक रिश्तों को कानूनी जामा पहनाया गया। अफगानिस्तान, पाकिस्तान, यूनाइटेट अरब अमीरात, कतर, ईरान, सोमालिया, नाइजीरिया आदि कुछ देशों में समलैंगिक संबंध गंभीर अपराध की श्रेणी में आते हैं। इसमें मौत की सजा तक हो सकती है। 70 से ज्यादा देश ऐसे हैं, जहां समलैंगिकता को अपराध की श्रेणी में रखा गया है। कानूनी तौर पर इस मामले में जेल हो सकती है।

# देश में सनातन के प्रति श्रद्धाभाव का उत्कर्ष दुनिया ने देखा

**22** जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य दिव्य मंदिर में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद देशभर में सनातन के प्रति श्रद्धा भाव का उत्कर्ष पूरी दुनिया ने देखा और अनुभव किया जा रहा है। पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र के मान बिंदुओं के प्रति स्पष्ट नीति के कारण देश पुन: परम वैभव की ओर बढ़ रहा है। प्रत्येक भारतीय अपने आप को देश की मूल संस्कृति और गौरवमयी इतिहास के साथ जुड़कर गर्व का अनुभव कर रहा है। 10 वर्षों में देश में विकास और देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सार्थक पहल देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और कल्याणकारी योजनाओं में स्पष्ट दिखती है। दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था बनने के साथ ही सनातन के प्रति अटूट श्रद्धा और विश्वास के साथ आज भारत नई ऊंचाइयों को छू रहा है ।

आज देश लोकसभा चुनाव की दहलीज पर खड़ा है, लोकतंत्र का महापर्व कुछ माह बाद प्रारंभ हो जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन दिन-प्रतिदिन मजबूत होता जा रहा है। प्रधानमंत्री की नीतियों और नेतृत्व में विश्वास करके विभिन्न राजनीतिक दल और दलों के नेता भाजपा और एनडीए में शामिल हो रहे हैं। देश की 140 करोड़ जनता का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति विश्वास और मोदी सरकार की गरीब, किसान, महिला व युवाओं के सशक्तिकरण की नीतियों से भाजपा के समर्थक और शुभचिंतक आत्मविश्वास से भरे हुए हैं। बिहार में जदयू का पुन: एनडीए में आना, उत्तर प्रदेश में जयंत चौधरी का एनडीए का घटक बनना, महाराष्ट्र के अशोक चौहान का भाजपा में शामिल होना यह साबित करता है कि देश नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में कांग्रेस मुक्त होने की ओर आगे बढ़ रहा है। भाजपा केंद्रीय नेतृत्व का भारत को कांग्रेस मुक्त करने का संकल्प पूरा होता हुआ दिख रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय राजनीति अब नकारात्मक और विभाजनकारी अल्पसंख्यकबाद से सकारात्मक और समावेशी विकास की ओर स्थानांतरित हो रही है। पिछले 10 सालों में नरेंद्र मोदी की कार्यशैली से और प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद देश की राजनीति के संदर्भ और मायने बदल गए हैं। देश के गरीब का विकास और सनातन का संवर्धन भारत की राजनीति के केंद्र में आ गए हैं ।

21वीं सदी के 20 वर्षों के प्रथम 10 वर्ष (2004-14) में मनमोहन सिंह की यूपीए सरकार और 2014-24 के दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार का तुलनात्मक अवलोकन करें तो एनडीए सरकार का पलड़ा बहुत भारी दिखता है। देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा जारी किया श्वेत पत्र और कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे द्वारा जारी किया ब्लैक पेपर का अध्ययन व विश्लेषण बताता है कि यूपीए सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार किस प्रकार सब जगह व्यापत था। जनता में निराशा का वातावरण था, देश आर्थिक दृष्टि से कमजोर, महंगाई दर अपने चरम पर थी, सरकार पर परिवारवाद (गांधी) का दबदबा और हस्तक्षेप, संवैधानिक संस्थाओं और पदों का अपमान सरेआम कांग्रेस के युवराज द्वारा किया जाता था। गांधी परिवार से हटकर कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ नेताओं का अपमान और समानांतर सरकार चलाने का काम



**लेखक : महेन्द्र धर्माणी**
संस्थापक, संस्कार सोसायटी घुमारवीं, प्रदेश प्रवक्ता, भाजपा

यूपीए के कार्यकाल में होता रहा ।

'सबका साथ सबका विकास' के संकल्प के साथ मोदी ने विकास के नए आयाम स्थापित किए। देश की अर्थव्यवस्था, राष्ट्रीय सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि मजबूत और सुदृढ़ हुई। किसान, गरीब, महिला व युवाओं की उन्नति और सशक्तिकरण की विभिन्न योजनाएं शुरू करके देश के सामाजिक सरोकार को साधने का कार्य पिछले 10 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईमानदारी से किया है। दलगत राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में लिए निर्णय लेने से मोदी की छवि एक राष्ट्र पुरुष के रूप में स्थापित हुई है। राष्ट्रहित के निर्णय के साथ-साथ भारत को दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था बनाने का काम इन 10 वर्षों में प्रधानमंत्री ने किया है। गरीब उत्थान के लिए विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत के अंतर्गत 26 करोड़ लोगों को लाभ, उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 31.54 करोड़ घरों में गैस कनेक्शन, किसान सम्मान योजना के अंतर्गत 12 करोड़ किसानों को लाभ, नारी शक्ति बंदन अधिनियम के अंतर्गत लोकसभा व विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण, मुस्लिम महिलाओं के सम्मान व सुरक्षा के लिए तीन तलाक कानून, देश के शिल्पकारों और कारीगरों के लिए विश्वकर्मा योजना तथा खेलों में आज तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन केंद्र सरकार की बड़ी उपलब्धियां हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना में 2004 से 2014 में 8.04 लाख के मुकाबले 2015 से 2023 से 77.1 लाख मकान, एम्स आठ से बढ़कर 23 , मेडिकल कॉलेज 2014 तक 641 थे, 2023 में बढ़कर 1341, गरीब कल्याण योजना से 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज देकर 1.70 लाख करोड़ की राहत गरीबों को दी गई ।

मनमोहन सिंह की यूपीए सरकार ने अपने कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण योजनाएं प्रारंभ कीं, लेकिन इस कालखंड में हुए घोटालों के कारण 2014 में उसे सत्ता से जाना पड़ा। 194 कोयला ब्लॉकों की नीलामी में 1.86 करोड़ का घोटाला, टूजी स्पेक्ट्रम में घरेलू कंपनियों को 122 नई दूरसंचार लाइसेंस जारी करने में 1.76 लाख करोड़ का घोटाला, राष्ट्रमंडल खेल आयोजन में भ्रष्टाचार व धोखाधड़ी करने के कारण 70000 करोड़ का घोटाला, आदर्श घोटाला, सत्यम कंप्यूटर घोटाला और फिनमेकेनिक कंपनी से हेलिकॉप्टर खरीद में 3600 करोड़ की रिश्वत के आरोप यूपीए सरकार में लगे। आमजन के विरोध और आंदोलन से मनमोहन सरकार शक के घेरे में आ गई और उसे 2014 में सत्ता से बाहर होना पड़ा। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वच्छ व भ्रष्टाचार मुक्त शासन देकर एक स्वच्छ छवि की सरकार देश को देने का अपना वादा पूरा किया, वहीं मनमोहन सिंह अपनी सरकार की ऐसी छवि बनाने में कामयाब नहीं हो पाए।

देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने और भारत को दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का श्रेय मोदी को जाता है, वहीं दूसरी ओर मनमोहन सिंह के कार्यकाल में देश की अर्थव्यवस्था की स्थिति ढुलमुल थी। सुयोग्य अर्थशास्त्री होने के बावजूद भी गांधी परिवार के आंतरिक दबाव के कारण वह स्वतंत्र रूप से काम करने में कामयाब नहीं हो पाए। राष्ट्रीय सुरक्षा, संस्कृति, विरासत और देश की अखंडता के प्रति वचनबद्ध मोदी सरकार ने कई अनेक निर्णय लेकर आतंकवाद और अलगॉववाद को कुचलने के सार्थक प्रयास किए, लेकिन मनमोहन सिंह सरकार के कार्यकाल में तुष्टिकरण की नीति अपनाकर एक समुदाय विशेष को खुश करने के प्रयास होते रहे। महिला सुरक्षा व सुशक्तिकरण के लिए मोदी सरकार ने दृढ़ इच्छा शक्ति का परिचय देकर कई ऐतिहासिक निर्णय और कानून बनाए।

मोदी सरकार के 10 वर्ष भारत के विकास, अंतरराष्ट्रीय छवि, राष्ट्रीय सुरक्षा व राष्ट्रीय मुद्दों पर स्पष्ट नीति के कारण गौरवमयी रहे हैं। आज देश में सबका विकास जाति, पंथ, संप्रदाय के आधार पर नहीं बल्कि 'सर्वे भवंतु सुखिन:' की परिकल्पना के साथ विकास की नई गाथा लिखी जा रही है। विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए एक बार पुन: केंद्र में मजबूत और राष्ट्रवादी सरकार की आवश्यकता है ।

# नजरिया: संशोधन के बाद पंगु हो चुका है सूचना अधिकार अधिनियम

**आरंभ** में जब सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 लागू हुआ तो इसका महत्व एवं भय सरकारी तंत्र पर इतना था कि जैसे ही किसी का भी आरटीआई के अंतर्गत प्रार्थना पत्र किसी भी सरकारी कार्यालय में पहुंचता था तो उस विभाग के अधिकारी तथा अन्य कर्मचारी सतर्क और कर्तव्यनिष्ठ होकर तथ्यों एवं वास्तविकता को ध्यान में रखकर उसका उत्तर तैयार करने में जुट जाते थे तथा निर्धारित समय से पूर्व ही प्रार्थी को पंजीकृत डाक से अवगत करा देते थे।

उस समय प्रार्थी के छंद एवं शब्द का उत्तर अति सरल, सटीक और विस्तारपूर्वक दिया जाता था। उपरोक्त, सब इसलिए भी संभव था कि टालमटोल या पूछे गए हरेक पहलू का सही उत्तर न देने वाले कर्मचारी को तुरंत भारी जुर्माना अदा करना पड़ता था। दूसरा सूचना अधिकार आयोग में भीम सेन जैसे कुशल, उत्कृष्ट एवं कड़क सूचना आयुक्त की नियुक्ति होती थी। तीसरा, दूसरी अपीलेट अथॉरिटी का न होना जिससे भ्रष्ट कर्मचारी को कोई संरक्षण नहीं मिलता था। चौथा, एक बार सूचना अधिकार अधिनियम के संबंध में कार्यवाहियों के लिए दोषी और गलत पाए जाने वाले कर्मचारी को क्षमा दान नहीं मिलती है। अब जब आरटीआई से कई भ्रष्ट राजनीतिज्ञों और उनसे जुड़े प्रशासनिक भ्रष्ट तंत्र पर सच्चाई उगलने के लिए शिकंजा कसने लगा तो सत्तापक्ष ने बिना किसी को विश्वास में लिए तुरंत इस सूचना अधिकार अधिनियम में संशोधन कर इसे पंगु बना दिया। जब इस संशोधन के विरोध में कुछ विद्वान एवं देशभक्तों ने आवाज उठाई तो सत्तापक्ष ने उसे यह राजनीतिक तर्क देकर नजरअंदाज कर दिया कि सूचना अधिकार अधिनियम से ईमानदार, देशभक्त, कर्मठ राजनेताओं और कर्मचारियों को खतरा उत्पन्न हो गया है।



**रामेश्वर सिंह कटोच**
महावीर क्रांति दल के प्रदेशाध्यक्ष तथा सूचना अधिकार अधिनियम के प्रायोजक, चिकित्सक

इस प्रथम संशोधन के उपरांत ही सूचना अधिकार अधिनियम सदैव के लिए भ्रष्टाचार और जवाबदेही पर रोक लगाने में विफल हो गया। सूचना अधिकार अधिनियम के अंतर्गत कई बार निचले स्तर पर सूचना नहीं मिलती। केंद्रीय सूचना अधिकार आयोग से अपील करने के बाद भी सूचना देने से गुरेज किया जाता है और अगर सूचना दे भी जाती है तो उससे सूचना लेने वाले को संतुष्टि नहीं होती। सूचना अधिकार अधिनियम संशोधनों के बाद प्राणहीन एवं मजाक विधि बन चुका है।

## अंदाज-ए-बयां: बदलियां गल्लां (पहाड़ी कविता)

*अज्ज कल बदलना लग्गियां*
*तेरियां गल्लां*
*तेरे शहरे दे मौसमे सैंईं।*
*अज्ज कल बदलना लग्गा।*
*तेरा अंदाज*
*गिरगिटे दे रंगे सैंईं।*
*अज्ज कल बदलना लग्गा*
*तेरा प्यार*
*तेरे रुसदे चेहरे सैंईं।*

*अज्ज कल बदलना लग्गा*
*तेरा व्यवहार*
*तेरियां नजरा सैंईं।*
*अज्ज कल बदलना लग्गे तेरे जज्बात*
*तेरे लफ्जां सैंईं।*
*अज्ज कल बदलना लग्गी*
*मेरी अहमियत*
*तेरी बदलिया सोच्चा सैंईं।*



**डॉ.राजीव डोगरा**
युवा कवि व लेखक

# किसानों को शांतिपूर्ण तरीके से अपना आंदोलन करने की अनुमति केंद्र सरकार को देनी चाहिए

**अपनी** 12 सूत्री मांगों को केंद्र सरकार से मनवाने को लेकर आंदोलित चल रहे किसानों पर सेना, पुलिस द्वारा आंसू गैस, रबड़ की गोलियां मारना गलत है। सुरक्षा कर्मियों द्वारा ऐसा किए जाने का साफ मतलब है कि किसानों की आवाज बंद किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। किसानों को शांतिपूर्ण तरीके से अपना आंदोलन करने की अनुमति केंद्र सरकार को देनी चाहिए। भारत बंद कारण देश की अर्थव्यवस्था पर जो विपरीत असर पड़ा, उसका जिम्मेदार अन्नदाता को ठहराया जाएगा। कोरोना कॉल दौरान तीन कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली की सड़कों पर 13 महीनों तक डेरा जमाकर रखने बाले किसान क्या आज आंसू गैस से डरकर घर वापस चले जाएंगे, सुरक्षा कर्मियों को सोचना चाहिए।



**सुखदेव सिंह**
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

किसानों की मांगें जब दो महीने बाद लोकसभा चुनाव होने वाले हैं, अब उठाए जाने को लेकर भी खूब चर्चा है। राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दावा किया की केंद्र में कांग्रेस सत्तासीन होने पर किसानों को फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) मुहैया करवाएगी। कांग्रेसी वरिष्ठ नेताओं द्वारा अब ऐसे बयान किसानों के पक्ष में दिए जाने को लेकर भी बहस छिड़ चुकी है। देश की राजधानी दिल्ली के बॉर्डरों को आंदोलनकारी आए दिन बंद करके अपनी मांगें जबरदस्ती मनवाने की कोशिशें करते हैं। इस दौरान आम आदमी का जीवन अस्त-व्यस्त होने के साथ देश की अर्थव्यवस्था पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है, इस पर जरूर चिंतन करना चाहिए। आज प्रत्येक राज्य के किसानों की अपनी अलग समस्याएं हैं, मगर पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के किसान ही हमेशा सड़कों पर उतरने के लिए तैयार रहते हैं, बड़ा सवाल है? सच बात यह की पंजाब, हरियाणा राज्यों के किसानों को सबसे अधिक एमएसपी (42 प्रतिशत) का लाभ मिलता है। किसान आजकल बैंकों, मंडियों के आढ़तियों के कर्जधार हैं। हालात ऐसे नाजुक बन चुके हैं कि किसान कर्जधारी के बोझ से तंग आकर आत्महत्याएं कर रहे हैं। किसान फसल बिजाई पर जितना खर्च कर रहा, उतनी उपज नहीं हो रही है। किसान नेताओं की मांग की तमाम फसलों को एमएसपी के दायरे में लाकर उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बनाया जाए। गुणवता विहीन फसलों पर भी किसानों को एमएसपी मिले, यह केंद्र सरकार के लिए बहुत बड़ी चुनौती है। ऐसी फसलों की कौन उचित दाम में खरीददारी करे, इसकी समस्या किसान आंदोलन की प्रमुख वजह है?

किसान देश की रीढ़ की हड्डी हैं, इसलिए केंद्र सरकार को इसका भी कोई विकल्प जरूर निकालकर किसानों को शांत करना चाहिए। स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट सन 2006 में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सरकार समय आई थी। यूपीए ने अपने आठ वर्ष के कार्यकाल में इस रिपोर्ट को लागू करके क्यों किसानों को फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी उपलब्ध नहीं करवाया, किसानों को सोचना चाहिए। आज एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विजयी रथ यात्रा को विराम लगाने की कोशिशें चल पड़ी हैं। केंद्र सरकार को आंदोलित किसानों की मांगें मानकर आगामी कार्यकाल में पूरा करने का उन्हें आश्वासन देना चाहिए।

# जिम के भारी व्यायाम करना शरीर के लिए घातक

**आधुनिकता** की प्रतिस्पर्धा में युवाओं के लिए शारीरिक रूप से चुस्त-दुरुस्त दिखना आज के समय में स्मार्टनेस की निशानी बन गई है। किसी भी हीरो की बॉडी को देखकर उसी के अनुरूप युवा जिम में घंटों पसीना बहाकर सुडौल बॉडी टोन के लिए मेहनत करते हैं। हमारे समाज में देखा देखी का यह सबसे बड़ा नकारात्मक रूप है कि हम अपने स्वास्थ्य को, शरीर के अनुसार पहले जांच कर नही भांपते बल्कि अंधानुकरण कर नकल करने लग जाते हैं। सर्वप्रथम अपने शरीर की तुलना अन्य शरीर के साथ करना सही बात नहीं।

सभी का शरीर, उसकी ऊर्जा का स्तर, मजबूती, कार्यक्षमता, स्टैमिना अलग-अलग प्रकार का होता है। लड़कों की तुलना में लड़कियों का शरीर कमजोर होता है, लेकिन फिर भी हम जिम में हाड़ तोड़, जीजान से मेहनत कर कम समय में ही सुडौल बॉडी, वाईसेप्स, ट्राइसेप्स, सिक्स पैक एब्स बनाने के लिए अत्यधिक पसीना बहाकर घंटों मेहनत करते हैं। अगर शरीर दुबला पतला है, तो जिम ट्रेनर से हम शरीर को मोटा करने की सलाह मांगते हैं। वह आपको महंगे स्प्लीमेंट्स या फिर स्ट्रेरायड ग्रहण करने की सलाह देता है।

युवा वर्ग अपने असल शारीरिक ढांचे से बाहर निकल कर, उसे हर रोज जिम ट्रेनर के डाइट प्लान के मुताबिक एक्सरसाइज की ट्रेनिंग लेने के बाद हर रोज ग्रहण करते हैं। कुछ ही दिनों में दुबले पतले शरीर से भारी भरकम शरीर को हम प्राप्त कर लेते हैं। अत्यधिक भारी भरकम ट्रेनिंग करने से पसीना बहुत मात्रा में शरीर से बाहर निकलता है और प्यास भी बहुत तेज लगती है। जब आप यह एक्सरसाइज छोड़ते हैं या फिर सामाजिक रूप से शादी के बंधन में बंध जाते हैं, जॉब, किसी छोटी मोटी दुर्घटनाओं के शिकार, आर्थिक संकट, घर में जिम्मेदारियों के बोझ तले दबने से या अन्य किसी भी सामाजिक सरोकार में जुड़ जाते हैं, तो फिर आपको सौगात में मिलता है थुलथुला, मांस लटकता हुआ शरीर, जो पहले की तुलना से अधिक विकृत होकर प्राकृतिक बॉडी सेप में नहीं होता। अच्छे परिणामों को प्राप्त करने के लिए लंबे समय तक यह प्रक्रिया निरंतर जारी रखने की आवश्यकता होती है। इसमें केवल हल्की-फुल्की जितना की, शरीर के लिए उम्र बढ़ने के बाद घातक न हो, उतनी ही एक्सरसाइज, स्ट्रैचिंग इत्यादि कर सकते हैं। इसका लंबे समय के बाद भी शरीर का लचीलापन बरकरार रहने के साथ-साथ आपके बॉडी पार्ट के हर ज्वाइंट लंबे समय तक दर्द रहित रह सकें।



**लेखक : ठाकुर तारा**
समाजशास्त्री, सुंदरनगर

हेवी-हेवी ट्रेनिंग एक ओर शरीर को मजबूती प्रदान करती है, दूसरी ओर उम्र बढ़ने के साथ घुटनों के दर्द, कमर दर्द, एंकल ज्वाइंट दर्द, कंधे के जोड़ के दर्द, कलाइयों के दर्द, एलबो ज्वाइंट के दर्द आदि से शीघ्र ग्रसित होने की संभावना रहती है। भारी वेट ट्रेनिंग करते समय कार्डियक अरेस्ट आने की संभावना भी बनी रहती है। इसी कारण हाल ही में जाने माने फिल्म अभिनेता, गायक, हास्य कलाकार भी भारी एक्सरसाइज करने के गंभीर परिणामों से मृत्यु को प्राप्त हुए हैं। बहुत से युवा जल्द शारीरिक सुडौलता प्राप्त करने के चक्कर में ताउम्र डिस्क दर्द की समस्या से जूझते रहते हैं। इस स्थिति में वह दर्द निवारक औषधि का इस्तेमाल कर कुछ समय तक दर्द से निजात तो पा लेते हैं, जैसे ही दवा का असर खत्म दर्द की प्रक्रिया पुन: दोहराव को प्राप्त होती रहती है। इसका एकमात्र लंबा इलाज सिर्फ फिजियोथेरेपी ही है। भारी मशीनों को खींचने की यह प्रक्रिया छोड़ने से उच्च रक्तचाप, अनिद्रा जैसी गंभीर बीमारियों के शिकार होने का भी खतरा बन जाता है। पुरुषों द्वारा ज्यादा हैवी एक्सरसाइज करने से इनफर्टिलिटी रेट का स्तर जीरो होने की भी संभावना बनी रहती है।

अगर हम किसी भी चीज की अति या फिर हद की तयशुदा सीमा से बाहर जाकर उसे प्राप्त करने की कोशिश करते हैं, तो वह शरीर के लिए हानिकारक असर डालती है। आज के सामाजिक परिवेश के अनुसार निष्क्रिय जीवन शैली की सक्रियता को बनाए रखना, व्यायाम करना किसे पसंद नहीं है, लेकिन भ्रामक प्रचार, झूठी जानकारी व विभिन्न जिम संस्थान ट्रेनरों के दावे के चंगुल में समाज के युवा वर्ग को नहीं फंसना चाहिए और न ही अपने शरीर के साथ गलत सप्लीमेंट्स प्रयोग करने चाहिएं। सबसे अच्छी बात खुले मैदान में, सड़कों के ऊपर जॉगिंग करना, पार्क में टहलना, हिलना डुलना, योगा, साइकिल चलाना, स्ट्रैचिंग, रस्सी कूदना, आदर्श एवं नुकसान रहित एक्सरसाइज में से एक है।

भले ही आपका शरीर गठीला, उभार वाले ट्राइसेप्स, वाईसेप्स, सिक्स पैक एब्स से सुसज्जित न दिखे, लेकिन बंद कमरों, हेवी व्यायाम के अलावा आप स्वतंत्र रूप से एक सकारात्मक एकाग्रचित्तता, फेफड़ों के फुलाव, ऑक्सीजन की अच्छी मात्रा, पूरे शरीर के भीतर बेहतर रक्त संचार व लंबी दूरी तक पैदल चलने फिरने एवं योग प्रक्रिया के माध्यम से शरीर के हर अंग को प्राकृतिक रूप से बिना छेड़खानी, डिब्बा बंद सप्लीमेंट्स, स्ट्रेरायड इंजेक्शन इत्यादि को अपने सुंदर शरीर में प्रवेश किए उम्र भर के लिए बरकरार रख सकते हैं तथा आपका हृदय प्राकृतिक रूप से बीमारियों से दूर रहेगा।

आप छह महीने एक साल किसी कारणवश यह शारीरिक व्यायाम नहीं भी कर सके तो आपको इनके नकारात्मक असर का भी भुक्तभोगी नहीं बनना पड़ेगा। हमेशा अपने मन के अंदर एक बात मजबूती से रखिए कि जो शरीर मुझे प्राप्त हुआ है, यह ईश्वर की सबसे अलग, विलक्षण व अनुपम कृति है। अपने आप को सदैव इन दूषण फैलाने वाले प्रयोगों से दूर रखें। इस तरह से समाज का हर युवा वर्ग,अपने भीतर पारंपरिक व्यायामों की अलख जगा कर, उन प्रक्रियाओं को आत्मसात कर एक स्वस्थ,सुंदर समाज का निर्माण करने में अग्रणी भूमिका निभा सकता है।

# स्पष्टवादी व्यक्ति कभी कपटी नहीं होता, न पीठ पीछे बात करता है

**स्पष्टवादी** व्यक्ति कभी कपटी नहीं होता। स्पष्टवादी व्यक्ति पीठ पीछे बात नहीं करते, जो भी करते हैं, सामने करते हैं। यह अटल सत्य है क्योंकि जो आदमी स्पष्टवादी नहीं होता, वह कपटी होता है। आजकल कलयुगी नारदों की प्रजाति पैदा हो चुकी है। ये कपटी लोग मरते दम तक कपट ही करेंगे।

स्पष्टवादी आदमी कभी भी विश्वासघात नहीं करता। स्पष्टवादी मानव अपने स्वाभिमान को बरकरार रखता है। कपटी व कलयुगी नारद टाइप लोग जब तक कपट न कर लें, तब तक उन्हे चैन नहीं आता। यह इनका कसूर नहीं है क्योंकि छल-कपट तो इन लोगों को विरासत में ही मिला है तथा गंदे संस्कार भी विरासत में ही मिले हैं। ये सूअर हैं, जो दिन भर गंदगी ही खाते हैं। सूअर तो जानवर है। इंसान पशु से भी बदतर होता जा रहा है क्योंकि यदि पशु को एक जगह खूंटे से बांध दिया जाए, तो वह अपने आप को उसी अवस्था में ढाल लेता है, जबकि मानव परिस्थितियों के मुताबिक गिरगिट की तरह रंग बदलता है। मगर यह कपटी हैवान है, जो चारों तरफ गंदगी ही फैलाते हैं। अगर आप किसी को अच्छी सलाह देंगे, तो लोग आपकी बात का मजाक उड़ाएंगे।



**ब्लॉगर**

**नरेंद्र भारती**
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें। ई-मेल editoranantgyaan@gmail.com

आज आपको गिरगिट की तरह रंग बदलने वाले व नारद प्रवृति के लोग हर जगह मिल जाएंगे, जो समाज में जहर घोल रहे हैं। एक दूसरे की बातें इधर से उधर करते हैं, ऐसे लोगों को समाज से बाहर करना चाहिए, जो किसी के घर में आग लगाते हैं। मगर कहते हैं दूसरों के घरों को जलाने वाले को तब होश आता है, जब उसका अपना घर जलता है। आज लोग अपने आप को चालाक समझते हैं कि हमारी चालें किसी को समझ नहीं आतीं। पड़ोसियों में फूट डालते हैं। एक दूसरे की मनघड़ंत बातें करते हैं। ऐसे लोग समाज पर कलंक होते हैं जो अपने निजी स्वार्थों की पूर्ति के लिए ऐसे षड्यंत्र रचते रहते हैं। आधुनिक समाज में आत्मकेंद्रित व दोहरे चरित्र के लोगों का जमावड़ा बढ़ता जा रहा है।

ये दोहरे चरित्र के लोग समाज के लिए बहुत ही घातक हैं। मतलब निकल जाने पर यह लोगों को पहचानने से इंकार करते हैं। ये दोहरे चरित्र के लोग समाज के नाम पर कलंक हैं। ये अपने स्वार्थों के लिए समाज की फिक्र नहीं करते कि उनके नापाक कर्मों का समाज पर क्या असर पड़ेगा। ये लोग अपनी गंदी हरकतों से बाज नहीं आते। एक दो बार तो इन लोगों की इतनी फजीहत हुई कि आदमी शर्म से मर जाता है, मगर इनको कोई असर नहीं पड़ता। मार खाकर भी सुधरते नहीं हैं।

समाज को ऐसे लोगों का बहिष्कार करना चाहिए जो अपनी काली करतूतों से बचने के लिए समाज के लोगों का दुरुपयोग कर रहे हैं। समाज को ऐसे लोगों का साथ देने वाले लोगों को भी मुख्यधारा से हटाना चहिए, ताकि ऐसे घिनौने कर्म करने वालों को उनके कर्मों की सजा मिल सके। ये दोहरे चरित्र के लोग समाज के लोगों को बांटने का काम करते हैं तथा नारद का रोल खेलते हैं। कहते हैं दुनिया में कैंसर का इलाज है, मगर दोहरे चरित्र बेशर्मों का कोई इलाज नहीं है। ये बहुत ही नीच प्रजाति के प्राणी होते हैं। दोहरे चरित्र के ये प्राणी जगह-जगह हाजिरी भरते हैं। जब तक हाजिरी नहीं लगाते, तब तक इन्हे चैन नहीं आता।

ये लोग इतने शातिर होते हैं कि पीठ पीछे गाली देते हैं और सामने गले लगते हैं। यह दूसरों को अंधेरे में रखते हैं, मगर एक दिन इनकी काली करतूतें सामने आ जाएंगी। ऐसे जी हुजूरी करने वालों से अच्छा तो एक मजदूर है, जो स्वाभिमाान से जीता है। मेहनत से जो कमाता है, जी भरकर सोता है। बेईमान को नींद नहीं होती, बीमारियों से ग्रस्त रहते हैं। दूसरों को सताने वालों को ईश्वर जरूर सजा देता है। ईश्वर की चक्की जब चलती है, ऐसे गिरगिटों को पिस कर रख देती है। यह अटल व साक्षात सच्चाई है।

## अपनी बात

**पढ़ाई** का हम सबके जीवन में बेहद महत्वपूर्ण योगदान होता है। पढ़ाई हमें रोजगार करने लायक बनाती है, अर्थात यह हमें जीवन में अपने पैरों पर खड़ा होने का सामर्थ्य प्रदान करती है। पढ़ाई यानी शिक्षा हमारे अंदर संस्कार विकसित करती है और यह हमें एक सभ्य मनुष्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। एक शिक्षित और अशिक्षित व्यक्ति में क्या अंतर होता है, इसी से पढ़ाई के महत्व को समझा जा सकता है। पढ़ाई न केवल हमारे जीवन में हमें सभ्य और संस्कारी बनाती है, बल्कि यह हमारे लिए अपने पैरों पर खड़ा होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

पढ़ाई की सहायता से ही हम किसी न किसी विशेष क्षेत्र में विशेषज्ञता प्राप्त कर लेते हैं, जो हमें कोई व्यापार करने अथवा नौकरी प्राप्त करने में मदद प्रदान करता है। पढ़ाई हमें सभ्य बनाने एक माध्यम है। यदि मनुष्य के जीवन में शिक्षा यानी पढ़ाई न होती तो वह भी आज भी असभ्य मनुष्य रहा होता। वह जंगलों से बाहर ही नहीं निकल पाया होता और यदि जंगल से निकल भी गया होता, तो भी उसने एक सभ्य समाज का निर्माण न किया होता। पढ़ाई यानी शिक्षा मनुष्य को सभ्यता से सभ्यता की ओर ले जाने वाला एक सशक्त माध्यम है, इसलिए पढ़ाई के महत्व को बिलकुल भी नकारा नहीं जा सकता।

–सोनिका शर्मा ( जंडपुर, बैजनाथ )

## आपकी डायरी

*दुनिया लोभी लाभ की,*
*पैसा इसकी जान।*
*पैसे पीछे बिक रहा,*
*कैसा यह इंसान।।*
*दुनिया लोभी लाभ की,*
*खाता सबसे खार।*
*बिखर रहे रिश्ते सभी, रहा नहीं है प्यार।।*
*दुनिया लोभी लाभ की,*
*पूजा रिश्वत खास।*
*दो पैसे का दान दे, पूरी मांगे आस।।*
*दुनिया लोभी लाभ की,*
*रहा जवानी मार।*
*खुले आम है हो रहा,*
*चिट्टे का व्यापार।।*
*पानी डालें दूध में,*
*कैसा है शैतान।*
*दुनिया लोभी लाभ की,*
*भूली धर्म इमान।।*



**शिव सन्याल**
जवाली (कांगड़ा)

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# होली–उतराला सड़क को 53 लाख मंजूर

## संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री व पीडब्ल्यूडी मंत्री का आभार जताया

**ओपी शर्मा, भरमौर**



पत्रकार वार्ता के दौरान होली–उतराला सड़क संघर्ष समिति के सदस्य।

होली–उतराला सड़क निर्माण को लेकर शुक्रवार को होली–उतराला सड़क संघर्ष समिति द्वारा भरमौर रेस्ट हाउस में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। इसमें समिति के अध्यक्ष गगन ठाकुर सहित सभी सदस्यों ने इस सड़क के लिए बजट का प्रावधान करने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह का आभार व्यक्त किय।

पत्रकार वार्ता में समिति के अध्यक्ष गगन ठाकुर ने कहा है कि हाल में ही शिमला जाकर समिति के तमाम सदस्यों ने पीडब्ल्यूडी मंत्री से मुलाकात की थी। जिसके बाद मंत्री ने मौके पर ही इस सड़क निर्माण को लेकर सकारात्मक रूख दिखाया था। जिसके कारण इस सड़क निर्माण के लिए लगभग 53 लाख का बजट मिल गया है। जिसके तहत नाले से पीछे तीन किलोमीटर सड़क को चौड़ा व दूसरे काम किए जाएंगे। इस सड़क के निर्माण के दौरान समिति के सदस्य लगातार सड़क की मॉनिटरिंग करेंगे और समय–समय पर इससे संबंधित सभी प्रकार के कार्य को लेकर सभी सदस्यों को अवगत कराया जाएगा।

उन्होंने इस मौके पर मांग की है कि शेष बचे सड़क मार्ग का काम भी जो वर्तमान में सड़क व पुल का काम कंपनी कर रही है उसी को दिया जाए ताकि इस सड़क निर्माण के दौरान किसी भी प्रकार की बहानेबाजी नजर नहीं आए। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण के दौरान यहां का टूरिज्म व व्यापार को भी नया आयाम मिलेगा। इस सड़क निर्माण के दौरान यहां के लोगों का भी भरपूर सहयोग मिला है जिसके कारण ही यह सब संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि उम्मीद करते हैं कि आने वाले दो–तीन साल में यह सड़क बन जाएगी। दूसरी जगह जिला चंबा में बनने वाली सड़क और टनल के मुद्दे को जो लोग उठा रहे हैं उनकी मांग भी सही है। लिहाजा यहां पर बनाई गई संघर्ष समिति भी उनकी इस मांग का समर्थन करेगी। (अनंत ज्ञान)

## सुंडला में जल्द करवाया जाए पार्किंग का निर्माण

**चंबा।** विकास खंड सलूणी के तहत सुंडला बाजार में पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने के चलते दिन–प्रतिदिन यातायात समस्या गंभीर होती जा रही है। चालक सुंडला बाजार में वाहनों को बेतरतीब तरीके से खड़ा कर देते हैं। जिससे लोगों को आने–जाने में दिक्कत होती है और जाम लगने से दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। पार्किंग की उपयुक्त व्यवस्था नहीं होने के कारण बाजार में जाम लगना आम बात हो गई है। चालकों का कहना है कि टैक्सी स्टैंड न होने से उन्हें गाड़ियां खड़ी करने में दिक्कत हो रही है। टैक्सी चालक अनु कुमार, योगराज, विपन कुमार, सीटू, तिलकराज, विजय कुमार, अमी चंद ने प्रशासन से सुंडला बाजार में टैक्सी स्टैंड बनाने की मांग की है ताकि गाड़ियों को खड़ा करने की सुविधा मिल सके और लोगों को हर रोज हो रही परेशानी से भी छुटकारा मिल सके।

# चंबा में केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ गरजी ट्रेड यूनियनें

## देशव्यापी हड़ताल के आह्वान पर सीटू के बैनर तले किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, चंबा**


केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ रैली निकालते ट्रेड यूनियन वर्कर्स।

जिला चंबा मुख्यालय में देशव्यापी हड़ताल के आह्वान पर सीटू के बैनर तले समस्त ट्रेड यूनियनों ने केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ धरना–प्रदर्शन करने सहित आक्रोश रैली निकाली। सैकड़ों की संख्या में पहुंचे इकाई के लोगों ने जहां एक तरफ किसानों के आंदोलन को ठीक करार दिया वहीं इन प्रदर्शनकारियों ने प्रदेश और केंद्र सरकार को गरीब विरोधी बताते हुए उनकी जमकर आलोचना भी की। उन्होंने कहा कि पार्ट टाईम वर्कर भी जिनकी लगने वाली दिहाड़ियों में भी प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार ने कटौती की हुई है।

प्रदर्शनकारी नेताओं रिजु राम तंवर व नरेंद्र कुमार ने कहा कि पूर्व राज्य सरकार ने मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया है। जबकि गत 10 वर्षों से केंद्र सरकार भी अपने दायित्व से मुंह मोड़ रही है। उन्होंने कहा कि आगामी एक–दो माह में लोकसभा चुनाव होने जा रहे है। जिसका खामियाजा राज्य से लेकर केंद्र सरकार को भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य में आगंनबाड़ी वर्कर्स को सप्ताहिक अवकाश, उच्चतम मासिक वेतन सहित अन्य लाभ प्रदान किए जा रहे है। जबकि हिमाचल प्रदेश में सरकार हरियाण राज्य की तर्ज पर कोई भी सुविधा नहीं दे रही है। हालांकि इस दिशा में हाई कोर्ट दोबारा भी उनके पक्ष में फैसला सुनाया जा चुका है। इसके बावजूद सरकार इसे आलीजामा नहीं पहना रही है। यदि सरकार का यही रवैया रहा तो यह एकदिवसीय आंदोलन अनिश्चितकालीन आंदोलन में तब्दील होने सहित उग्र रूप भी धारण कर सकता है। जिसके जिम्मेवार राज्य व केंद्र सरकार होंगे। इस मौके पर सीटू सहित समस्त ट्रेड यूनियन इकाई पदाधिकारियों व सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

# न्यूज ब्रीफ

## भरमौर के शिक्षक पेन डाउन स्ट्राइक पर

**भरमौर।** भरमौर व पांगी जनजातीय क्षेत्र में शीतकालीन अवकाश के पश्चात स्कूल खुल गए हैं। इन जनजातीय क्षेत्रों में लगभग 280 शिक्षक एसएमसी द्वारा नियुक्त हैं। आठ फरवरी से ही समूचे प्रदेश में पेन डाउन स्ट्राइक पर है। ऐसी स्थिति में बच्चों की शिक्षा पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। भरमौर में लगभग 40 विद्यालयों में यह अध्यापक तैनात हैं। जिसमें से आठ विद्यालय ऐसे हैं जिनमें केवल एसएमसी में ही नियुक्त अध्यापक हैं। शेष स्कूलों में भी अधिकतर विद्यालयों में 70 से 80 फीसदी अध्यापक एसएमसी द्वारा ही नियुक्त है। जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा की लो जलाने वाले यह सभी अध्यापक स्कूल तो जाएंगे, लेकिन किसी भी प्रकार से शैक्षिक एवं गैर शैक्षणिक कार्य नहीं करेंगे। इन शिक्षकों की पेन डाउन हड़ताल शिक्षा व्यवस्था को अस्त व्यस्त कर रही है। इस मौके पर प्रधान एसएमसी अध्यापक संघ भरमौर अनूप कुमार, सचिव देवेंद्र कुमार, उपप्रधान दीपिका ठाकुर उपस्थित रही।

## बेंच की संख्या बढ़ाने की प्रशासन से गुहार

**चंबा।** चंबा वेलफेयर एसोसिएशन प्रधान ओम प्रकाश गोस्वामी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में चंबा शहर के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा रावी व्यू कैफे रोड पर स्टिंग बेंच की संख्या बढ़ाने की प्रशासन से गुहार लगाई गई। चंबा की एकमात्र हरित पट्टी चौगान को प्रतिवर्ष नवंबर माह से 15 अप्रैल तक इसकी जरूरी मरम्मत रखरखाव और इसके भावी विकास की संभावनाओं के लिए बंद रखा जाता है। चौगान के बंद रहने से शहर के बुजुर्गों और अन्य लोगों को सैर करने और विश्राम के लिए रावी व्यू रोड पर सहारा लेना पड़ता है। वहां पर लगाए गए बेंच संख्या में कम पड़ रहे हैं। इसलिए जिला प्रशासन एवं नगर परिषद चंबा से अनुरोध है कि रावी व्यू रोड पर अतिरिक्त स्टिंग बेंच लगाए जाएं। इस मौके पर चंबा वेलफेयर एसोसिएशन महासचिव सुरेश कश्मीरी , वरिष्ठ उपप्रधान ईश्वरी प्रसाद, उपप्रधान विजय नैयर और दर्शन कुमार मैहला मौजूद रहे।

## 104 कामगारों का स्वास्थ्य जांचा

**चंबा।** हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड कार्यालय चंबा के तत्वावधान और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से पंडित जवाहर लाल नेहरु मेडिकल कॉलेज चंबा के निर्माण कार्यस्थल में कार्यरत कामगारों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जाच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 104 कामगारों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस शिविर में ब्लड प्रेशर, दंत, एचआईवी, हेपेटाइटिस बी, सी, सिफिलिस, और टीबी की निशुल्क जांच की गई। इस शिविर के आयोजन का मुख्य उद्देश्य असंगठित क्षेत्र में काम कर रहे कामगारों को जरूरी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। श्रम कल्याण अधिकारी श्वेता कुमारी ने कामगारों को हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड की कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

## पेंशनर्स ने अपनी मांगों पर किया मंथन

**चंबा।** भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ चंबा जिला कार्यकारिणी की बैठक इकाई अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा की अध्यक्षता में परिधि गृह में आयोजित की गई। बैठक में भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. डीके सोनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इकाई अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा ने महासंघ चंबा जिला कार्यकारिणी पदाधिकारी व सदस्यों ने विभिन्न मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। जिसमें कर्मचारियों की मांगों में 1 जनवरी 2016 से जनवरी 2022 के दौरान सेवा निवृत्त पेंशनरों को एरियर, लीव इंकेशमेंट,ग्रेच्युटी तथा डीए की तीन किस्तें न मिलने के कारण पेंशनर्स में बहुत रोष व्याप्त है। वहीं भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ चंबा की कार्यकारिणी के विस्तार के रूप में जर्म सिंह ठाकुर सेवानिवृत डीएसपी चंबा को मुख्य सलाहकार के पद से, रोशन लाल शर्मा सेवानिवृत्त तहसीलदार चंबा को उपाध्यक्ष के पद से अलंकृत किया गया। इसके अतिरिक्त सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ चंबा के विस्तार के लिए अपनी सहमति व्यक्त की। कुछ नए सदस्य संघ में शामिल किए गए। इनमें प्रेम राज शर्मा, उत्तम सिंह राणा, नेक चंद जी, बीआर भंडारी, मस्त राम, कैलाश कमरोय शामिल है।

## नूरपुर की टीम बनी कबड्डी विजेता


कबड्डी प्रतियोगिता की विजेता टीम को सम्मानित करते मुख्यातिथि।

**चुवाड़ी।** एनएसयूआई भटियात द्वारा नगर पंचायत चुवाड़ी के चौगान में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय सिंह कंवर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। एनएसयूआई प्रभारी मनजीत ठाकुर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में बारह टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें नूरपुर की टीम विजेता व टाप सेवन टीम उपविजेता रही। इस मौके पर उपाध्यक्ष नगर पंचायत सुरेंद्र चाड़क, अध्यक्ष को-ऑपरेटिव सोसाइटी राजकुमार चंबियाल, महासचिव नरेंद्र सिंह ठाकुर, सचिव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खुशहाल सिंह चंबियाल,उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस अजीत सिंह चंबियाल आदि मौजूद रहे।

## स्वीप टीम ने फॉर्म नंबर छह वितरित किए

**चुवाड़ी।** स्वीप टीम भटियात ने एसएसआरबी नर्सिंग प्रशिक्षण संस्थान ककीरा का दौरा किया। इस अवसर पर स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. आकाश दीप शर्मा ने कॉलेज में चुनावी साक्षरता समूह बनाए और राज्य और जिले में विभिन्न स्वीप गतिविधियों और प्रतियोगिताओं के बारे में बताया। एक ग्राम जागरूकता समूह और बूथ संख्या 28, 29,30, 33, 35, तनीश, के स्थानीय बीएलओ। संजय थापा, संजय कुमार, मंजीत, राजेश कुमार एवं पर्यवेक्षक अजीत सिंह ठाकुर सेक्टर 3 ककीरा भी मौजूद रहे। पहली बार पंजीकरण के लिए योग्य छात्रों के बीच 50 से अधिक फॉर्म नंबर छह वितरित किए गए हैं। बीएलओ तनीश ने ऑनलाइन मतदाता हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से पंजीकरण प्रक्रिया में शामिल विभिन्न प्रोफार्मा के बारे में भी जानकारी दी। स्वीप सदस्य बलवान सिंह ने लोकतांत्रिक अधिकारों के बारे में बताया।

# कैल स्कूल में सालाना समारोह नौनिहालों को बांटे गए इनाम


कैल स्कूल में समारोह के दौरान रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते स्टूडेंट्स।

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

राजकीय प्राथमिक पाठशाला कैल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें ग्राम पंचायत प्रधान संदेश राणा और उपप्रधान शेर सिंह ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। समारोह में स्कूली बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्याध्यापिका इंदु ठाकुर ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़कर सुनाई और गांव के लोगों द्वारा पाठशाला को चलाने में सहयोग की प्रशंसा की। मुख्यातिथि ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए 3100 रुपए की धनराशि और एक कमरे को कंप्यूटर लैब बनाने की घोषणा की। मंच का संचालन शाम अजनबी और सुषमा राणा ने किया। रंगारंग कार्यक्रमों को देखते हुए गांव के लोगों ने कार्यक्रम की बहुत सराहना की और दस हजार रुपए की धनराशि बच्चों की ड्रेसेज बनवाने के लिए पाठशाला को भेंट की।

# गरोला से भरमौर तक निकाली रैली


एसडीएम भरमौर को ज्ञापन सौंपते हुए इंटक यूनियन के पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

भरमौर में शुक्रवार को इंटक ने गरोला से भरमौर तक रैली निकाली व केंद्र सरकार के खिलाफ अपना विरोध जताया। अपनी मांगों को लेकर एसडीएम भरमौर के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा।

इस मौके पर यूनियन ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर यूनियन ने केंद्र सरकार द्वारा किसानों के खिलाफ की जा रही बर्बरता को लेकर भी जमकर नाराजगी जाहिर की। साथ ही न्यू पेंशन स्कीम को भी बंद करने का आह्वान किया। इस मौके पर यूनियन ने कहा कि किसानों की मांगे बिल्कुल जायज है व उनकी मांगों के अनुसार काम केंद्र सरकार करे।

उन्होंने कहा कि किसानों को वार्ता के लिए बुलाना चाहिए न कि उनके रास्ते में कील और कांटे बिछानी चाहिए। इस दौरान प्रदर्शन की अगुआई करते हुए राम ठाकुर ने कहा है कि केंद्र के काले कानून के कारण वर्तमान में किसानों का बहुत ही नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा है केंद्र के काले कानून के कारण मजदूर वर्ग व मिडिल क्लास आदमी की कमर टूट कर बुरा हाल है लेकिन केंद्र आम लोगों की बात सुनने की बजाय उद्योगपतियों की बातों को ज्यादा तवज्जो दे रही है। उन्होंने कहा है कि आज तमाम मजदूर, किसान, मध्य वर्ग सड़कों पर उतने को विवश है, लेकिन केंद्र सरकार अपनी तानाशाही नीतियों के कारण उनके रास्तों को रोक रही है।

# 1500 मीटर दौड़ में अमित ने जीता गोल्ड

## महाविद्यालय चंबा में हुई दो दिवसीय 56वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, चंबा**


दो दिवसीय 56वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के प्रतिभागी मुख्यातिथि व अन्य के साथ।

महाविद्यालय चंबा में दो दिवसीय 56वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज पुलिस ग्राउंड बारगाह में किया गया। प्रतियोगिता के पहले दिन बतौर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक चंबा अभिषेक यादव ने शिरकत की। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विद्यासागर शर्मा ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ देखकर उनका स्वागत किया ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि जैसे शिक्षा का महत्व है वैसे ही खेलों का भी हमारे जीवन में बहुत महत्व है। खेलों से हमारे जीवन में अनुशासन और सहनशीलता आती है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विद्यासागर शर्मा ने कहा कि कि यह हमारे लिए हर्ष का विषय है कि बतौर मुख्य अतिथि एसपी चंबा हमारे बीच है। उन्होंने कहा कि वर्ष भर की गतिविधियों में खेलकूद प्रतियोगिता का मुख्य स्थान रहा है। प्रतियोगिता के पहले दिन पुरुष वर्ग 1500 मीटर दौड़ में अमित कुमार ने गोल्ड, पंकज कुमार ने सिल्वर और नर सिंह ने ब्रांज मेडल अपने नाम किया। वहीं महिला वर्ग में 1500 मीटर दौड़ में सलीमा ने गोल्ड, किरण ने सिल्वर और प्रिया ने ब्रांज मेडल अपने नाम किया। 400 मीटर पुरुष वर्ग में अमित कुमार ने गोल्ड, पंकज कुमार ने सिल्वर और मनीष कुमार ने ब्रांज मेडल हासिल किया।

वहीं 400 मीटर महिला वर्ग में सलीमा ने गोल्ड, बिंदिया ने सिल्वर मेडल हासिल किया। 100 मीटर पुरुष वर्ग में मोहित ने गोल्ड, शुभम ने सिल्वर और दक्ष ने ब्रांज मेडल हासिल किया । वहीं 100 मीटर महिला वर्ग में स्नेहा ने गोल्ड, र–ाधिका ने सिल्वर और सलीमा ने ब्रांज मेडल हासिल किया। वहीं शॉटपुट महिला वर्ग में मोनिका ने गोल्ड, रीना ने सिल्वर और हिमानी ने ब्रांज मेडल हासिल किया , वहीं शॉटपुट पुरुष वर्ग में हिमांशु ने गोल्ड, प्रशांत ने सिल्वर और नीरज ने ब्रांज मेडल हासिल किया।

# दूसरे दिन भी जारी रहा नगर परिषद चंबा के पार्षदों का धरना

**आरके रांगड़ा, चंबा**

नगर परिषद चंबा कार्यालय के बाहर दूसरे दिन भी हाऊस के निर्णयों से खफा पार्षदों का क्रमिक धरना जारी रहा। वहीं पार्षदों द्वारा अपने धरने के दौरान नप चंबा अध्यक्ष के पक्ष में उतरे पूर्व सदर विधायक को भी आड़े हाथों लेने से जहां गुरेज नहीं रखा, वहीं नप अध्यक्ष द्वारा रखे अपने पक्ष में बेबुनियाद आरोपों का भी जमकर आलोचना करते हुए पारर्दिशता हाऊस चलने तक क्रमिक धरना जारी रखने की चेतावनी भी दी। धरने पर बैठें पार्षदों में चौगान वार्ड पार्षद खालिद मिर्जा ने स्पष्ट करते हुए कहा कि जब सब कार्य सही चल रहे है और सभी आरोप बेबुनियाद है तो नप अध्यक्ष आमने–सामने आकर बात क्यों नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि चौगान वार्ड में सफाई व्यवस्था मुख्य बाजार से लेकर बालू तक है। लेकिन नप अध्यक्ष ने इस दिशा में भेदभाव करते हुए मात्र 12 सफाई कर्मी जहां प्रदान किए गए है, वहीं निकास नालियों व अन्य विकास कार्यों को चौगान वार्ड में नहीं होने दिया जा रहा है।

जिसके लिए कई बार हाऊस बैठक में प्रस्ताव डालें जा चुके है, लेकिन वह धरातल पर कहीं नजर नहीं आते है। वही सुल्तानपुर वार्ड पार्षद सीमा कुमारी ने कहा कि उनके वार्ड में सफाई व्यवस्था बिल्कुल चरमराई हुई है।

कांग्रेस समर्थित पार्षदों ने कहा कि उनकी मांगों को हाउस में पास किया जाता है लेकिन उसके बाद उनकी मांगों पर कोई अमलीजामा नहीं पहनाया जाता। इस मौके पर हरदासपुरा वार्ड पार्षद अंजू कुमारी, चौगान वार्ड पार्षद खालिद मिर्जा, वार्ड उर्मिला जसरोटिया, सुल्तानपुर वार्ड पार्षद सीमा कुमारी, मनोनित पार्षद जीवन सलालिया, भवाना गुलाटी उपस्थित रहें। (अनंत ज्ञान)

## उद्यान विभाग लगाएगा जागरूकता शिविर

**चंबा।** जिला के बागवानों के उत्थान एवं आर्थिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए उद्यान विभाग द्वारा जागरूकता शिविरों के माध्यम से जिला के बागवानों को बागवानी के प्रति जागरूक करने का निर्णय लिया गया है। जिसमें विभाग प्रदर्शनी स्टॉल व शिविरों में विभागीय विशेषज्ञ बागवानों को फसलों संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान करेंगे। यह जानकारी उपनिदेशक जिला उद्यान विभाग चंबा डॉ. प्रमोद शाह ने दी। उन्होंने बताया कि सेब सहित अन्य फलदार पौधों की पैदावार व पौधों की देखभाल संबंधी जानकारी देने के लिए विभाग द्वारा हर पंचायत क्षेत्र में जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाएगा ताकि फल व्यापार से जुड़े बागवानों को उनकी मेहनत के बेहतरीन परिणाम मिल सकें। जिससे जिला के बागवानों की आर्थिक स्थिति को भी मजबूती प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि शिविर के दौरान प्रदर्शनी स्टॉल के माध्यम से भी बागवानों को जानकारी मुहैया करवाई जाएगी।

**मायूसी** | भूस्खलन प्रभावित परिवारों को सुरक्षित भवन शिफ्टिंग के आदेशों का नहीं हुआ पालन

# बालू से मायूस लौटे पीड़ित, अधिकारियों की लगी क्लास

**एमएम डैनियल, चंबा**

किसी ने सच ही कहा है कि जब आफत आती है तो चारों तरफ से ही आ जाती है। जिसमें मददगार भी कई बार उसी चक्रव्यूह में फंस जाते है। ऐसा ही कुछ आलम मोहल्ला कश्मीरी वासियों के साथ इन दिनों घटित हो रहा है। एक ओर जहां प्राकृतिक आपदा के खतरे से जूझ रहे है, वहीं दूसरी ओर भूस्खलन पीड़ित परिवारों को सुरक्षित भवन शिफ्टिंग के आदेशों का पालन न होने से उन्हें रातें अभी उन असुरक्षित मकानों में ही काटनी पड़ रही है।

हालांकि इस बात का संज्ञान होते ही उपायुक्त चंबा व एसडीएम चंबा द्वारा आदेशों की अनुपालना न करने वाले अधिकारियों की जमकर क्लास लगाई गई। गौर हो कि गत वर्ष बरसात से लेकर व हाल ही में हुई बारिश के कारण मोहल्ला कश्मीरी में भूस्खलन का खतरा ओर भी बढ़ गया है। इसकी मुख्य वजह जहां पहले बारिश के दिनों में ही भूस्खलन हो रहा था, वहीं भूस्खलन अब सूखे दिनों में भी हो रहा है। जिसके कारण मोहल्ला कश्मीरी का काफी बड़ा भाग इसकी चपेट में आ चुका है। इन तमाम बातों का जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त चंबा व एसडीएम चंबा द्वारा आकंलन करते हुए भूस्खलन के मुहाने पर पहुंच चुके चार परिवारों रमेश चंद, विक्टर मसीह, जॉन स्टीफन व प्रवीण आनंद को यहां से सुरक्षित स्थान पर शिफ्टिंग करने के आर्डर जारी किए गए। जिसमें पीड़ित परिवारों के लिए जनजातीय भवन बालू को चयनित किया गया। प्रशासन की ओर से जारी आदेशों की डाक जनजातीय क्षेत्र भवनों के इंचार्ज एडीएम भरमौर तक न पहुंच पाने के कारण न आदेश पूर्ण हो पाए और न ही भवन की यथास्थिति स्पष्ट हो पाई।


मोहल्ला कश्मीरी में भूस्खलन वाला स्थल।

जिसके चलते जब भूस्खलन से पीड़ित परिवार जब आश्रय लेने जनजातीय भवन बालू पहुंचे तो उन्हें आशा के स्थान पर यहां एक बार फिर से निराशा मिली। जहां मौजूद भवन प्रभारी द्वारा कमरे देने से इंकार करते हुए कहा कि भवन समारोह की एडवांस बुकिंग है और उन्हें कोई भी सरकारी आदेश प्रदान नहीं हुए है। जिसके चलते पीड़ित परिवारों को बैरंग ही वहां एक एक बार फिर मायूस हो कर लौटना पड़ा। प्रशासनिक आदेशों के बावजूद अधिकारिक तालमेल अभाव से पीड़ित परिवारों को जहां दो चार होना पड़ा। वहीं कहीं न कहीं उच्च अधिकारियों के आदेशों की भी खिल्ली उड़ने में कोई कसर नहीं रही। उपायुक्त चंबा व एसडीएम चंबा ने तत्काल प्रभाव से कदम उठाते हुए पीड़ित परिवारों के लिए मुख्यालय स्थित जनजातीय सराय में अस्थायी ठहराव की व्यवस्था की। (अनंत ज्ञान)

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**



जिला प्रशासन की ओर से भूस्खलन के दायरे में आए मोहल्ला कश्मीरी के चार पीड़ित परिवारों को बालू जनजातीय भवन में अस्थायी ठहराव के आदेश जारी किए गए थे। जिसमें अधिकारिक वर्ग में आपसी तालमेल की कमी के कारण आदेश पूर्ण न हो पाने पर खेद है। जिसके लिए अधिकारियों की जहां जवाब तलबी की गई है वहीं पीड़ित परिवारों के ठहरने के लिए मुख्यालय स्थित जनजातीय भवन सराय में अस्थायी व्यवस्था कर दी है। जबकि नप चंबा का विश्राम गृह का मरम्मत कार्य पूर्ण होते ही उन्हें वहां शिफ्ट कर दिया जाएगा।

-मुकेश रेप्सवाल, उपायुक्त, चंबा।

### किसान विकास संघ लिदांग के सदस्यों ने इस साल 3 आइस स्तूपों का किया निर्माण, सरकारी मदद मिले तो 100 फुट तक बढ़ाई जा सकती है आइस स्तूप की ऊंचाई

# स्पीति में आइस स्तूप के निर्माण से हो रही खेतों की सिंचाई के लिए पानी की व्यवस्था

**सुरेन्द्र तिबोगपा, कुल्लू**

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

स्पीति घाटी में भौगोलिक चुनौतियों और पानी की समस्या के मद्देनजर स्पीति के कुछ युवाओं ने पिछले साल से अब तक अपने गांव के लिए 3 बड़े बड़े और 50 से 60 फुट ऊंचे आइस स्तूपों का निर्माण कर खेती बाड़ी के लिए पानी की व्यवस्था कर दी।

जी, हां ये सच है यह सिलसिला वर्ष 2019-20 के कोरोना काल के दौरान स्पीति घाटी में खेती बाड़ी की चुनौतियों को देखते हुए और लगातार मौसम के बदलते रवैये को देखते हुए लिदांग गांव के युवाओं ने खेती बाड़ी के लिए आइस स्तूप बना कर पानी की समस्या का निवारण कर के दिखाया। कोरोना काल में लगे लॉकडाउन के कारण जब सब कुछ थम गया था तो ऐसे में लिदांग गांव तंडुप छेरिंग जोकि किसान विकास संघ लिदांग के अध्यक्ष भी हैं, ने एक दिन यूट्यूब में लेह लद्दाख के विख्यात समाजसेवी सोमन वांगचुक का वीडियो देखा, जहां पर उन्होंने सर्दियों के समय में बेकार बह रहे चश्में के पानी का संरक्षण करने के लिए आइस स्तूप बनाकर खेती-बाड़ी के लिए इस्तेमाल करने का नायाब ओर अनूठा तरीका खोज निकाला था।

जब पूरा देश लॉकडाउन था तो ऐसे में किसान विकास संघ के लोगों ने कोरोना काल के नियमों का पालन करते हुए आइस स्तूप के बारे चर्चा की और बिना किसी सरकारी या गैरसरकारी मदद के गांव से ऊपर नाले के नज़दीक बह रहे चश्में के पानी को आईस स्तूप बनाने के लिए इस्तेमाल किया। इसी दौरान सभी की मेहनत रंग लाई और प्रदेश का पहला आइस स्तूप लिदांग में बनकर तैयार हो चुका था। तबसे लेकर अब तक लिदांग गांव के युवा लगातार आइस स्तूप बनाकर ग्रामीणों के लिए खेती-बाड़ी के दौरान होने वाली पानी की समस्या का निवारण कर हैं। (अनंत ज्ञान)





### स्पीति के लिए बेहद कारगर साबित हुआ है आइस स्तूप

ग्राम पंचायत डेमुल के प्रधान छेरिंग गटुक और ग्राम पंचायत डेमुल की उप प्रधान यिशे डोलमा ने बताया कि किसान विकास संघ के सदस्यों के द्वारा बनाए गए आइस स्तूप स्पीति के परिवेश की हिसाब से बेहद कारगर है और अब गांव के लोगों को बहुत राहत पहुंची है। यिशे डोलमा के अनुसार ये आइस स्तूप अप्रैल माह से पिघलना शुरू हो जाता है जिस कारण सर्दियों में आइस स्तूप के निर्माण के लिए इस्तेमाल हुआ पानी खेतों तक पहुंचने लगता है। आइस स्तूप गर्मी बढ़ने के साथ ही धूप के हिसाब से पिघलने लगता है जिस कारण सही मात्रा में खेतों तक पहुंच जाता है ओर आईस स्तूप का पानी जून माह तक खेतों में इस्तेमाल किया जाता है।

### आइस स्तूप निर्माण की संख्या बढ़ कर हुई तीन

वर्ष 2019-20 के बीच किसान विकास संघ ने प्रयोग के रूप में प्रदेश के पहले आइस स्तूप का निर्माण किया था और जोकि सोशल मीडिया में खूब वायरल भी हुआ था। जिसके बाद प्रशासन ने ब्लॉक के माध्यम से 7 लाख रुपए का बजट दिया था और इसी धन का उपयोग स्तूप निर्माण के लिए जरूरी समानों के लिए किया गया, लेकिन अभी भी बहुत से सामान की जरूरत है जोकि बेहतर आइस स्तूप के निर्माण में सहायक हो सकता है। फिलहाल गांव के युवाओं ने इसी साल नवम्बर 2023 से लेकर अब तक 3 आइस स्तूपों का निर्माण कर दिया है और ये सभी स्तूप लगभग 50 से 60 फुट ऊंचाई लिए हुए है। किसान विकास संघ के सदस्य फिलहाल जुगाड़ से काम चल रहे हैं।

### दूसरे गांव के लोग बनाना चाहते हैं आइस स्तूप

स्पीति के अन्य गांवों के लोग भी लिदांग गांव से प्रेरित हो कर अपने गांवों में आइस स्तूप का निर्माण करना चाहते हैं, ताकि उनके गांव में भी खेती बाड़ी के लिए होने वाली पानी की समस्या का निवारण हो सके। काजा मुख्यालय के समीप काकटी गांव में भी पानी की समस्या चल रही है ऐसे में काकटी गांव में भी आइस स्तूप बनवाने की दिशा में काम चल रहा है और बहुत से लोग किसान विकास संघ लिदांग से संपर्क स्थापित कर आईस स्तूप निर्माण के बारे जानकारी ले रहे हैं।

### प्रशासन से मदद की दरकार

किसान विकास संघ के अध्यक्ष तंडुप छेरिंग, ग्राम पंचायत डेमुल के प्रधान छेरिंग गटुक, ग्राम पंचायत डेमुल की उप प्रधान यिशे डोलमा ने बताया कि अगर प्रशासन की तरह से उन्हें आईस स्तूप निर्माण में काम आने वाले उपकरणों के लिए बजट जारी किया जाए तो इन 50 से 60 फुट उन्हें स्तूपों को 100 फुट तक ऊंचा किया जा सकता है जिस कारण स्थानीय किसान खेती बाड़ी के लिए भरपूर पानी का इस्तेमाल कर पाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### घर से निकले व्यक्ति का शव जंगल में बरामद

**बंजार।** उपमंडल बंजार की ग्राम पंचायत बाहु के गांव बलोंन के एक व्यक्ति का शव जंगल में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। आखिर व्यक्ति की मृत्यु कैसे हुई बंजार पुलिस की टीम हादसे की जांच में जुट गई है।जानकारी के अनुसार मृतक व्यक्ति ग्राम पंचायत बाहू के धनीराम 58 वर्ष पुत्र भाग सिंह गांव ब्लौण तहसील बंजार जिला कुल्लू जो कि 14 फरवरी 2024 को घर से शाम 7 बजे के करीब गांव बाहू को देवता के कॉरज में गया था व आज तक घर वापस न लौटा था। परिवार जन सहित ग्रामीण में व्यक्ति की तलाश की गई पर आज सुबह पैतृक घर से 1 किलोमीटर दूर जंगल में घियाशू डवार के पास मृत अवस्था में पाया गया जिस की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस द्वारा शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बंजार अस्पताल लाया गया व शव का पोस्ट मार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### जिया गांव को बने टापू मचा सकते हैं तबाही



**भुंतर।** पार्वती नदी में लगे मलबे के ढेर से ग्राम पंचायत जिया के ग्रामीणों को नुकसान होने का खतरा बना हुआ है। साल 2023 में जुलाई महीने में आई प्राकृतिक आपदा के दौरान नदियों का जलस्तर बढ़ जाने से जिया, हाथीथान और भुंतर एरिया में भारी नुकसान हुआ था। उस दौरान ब्यास व पार्वती में जगह-जगह मलबे और पत्थरों के ढेर लग गए । आज सात महीने का समय बीत जाने के बाद भी जिया गांव में पार्वती नदी का तटीकरण नहीं किया गया है। वहीं न तो यहां से मलबा हटाने की कोई गतिविधि नजर आ रही हैं। ग्रामीण भय के माहौल में जीने को मजबूर हैं। सरकार व प्रशासन के ध्यान में भी यह मामला हैं क्योंकि ग्रामीण कब से सुरक्षा को लेकर गुहार लगा रहे हैं। लेकिन जिया के ग्रामीणों की पीड़ा कोई नहीं समझ रहा है। ग्रामीण निक्कू राम, पुने राम, कृष्णा देवी, देवी राम, तनु आदि का कहना है कि प्राकृतिक आपदा में पार्वती नदी से बनें खतरे से बचाव के अभीतक कोई भी प्रयास सरकार व प्रशासन द्वारा नहीं किए गए। अगर बाढ़ से कोई नुकसान होता है तो प्रशासन इसका जिम्मेदार रहेगा। आज स्थिति यह है कि जिया के ग्रामीणों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा हैं। ऐसा लगता हैं कि इंसानियत को भूल कर जानबुझ कर इस गांव की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा। ब्यास व पार्वती संगम से भी मालवा हटाकर सुरक्षा दीवार नहीं दी तो भुंतर बाजार को भी खतरा है। सरकार को चाहिए कि निष्पक्ष होकर खतरे वाले स्थानों से नदियों का जलस्तर बढ़ने से पहले बीच से मलबा हटाने के साथ किनारों पर सुरक्षा दीवार दिलाई जाए।

### केंद्र के खिलाफ सीटू का जोरदार प्रदर्शन

**कुल्लू।** संयुक्त किसान मोर्चा व ट्रेड यूनियनों ने संयुक्त रूप से केन्द्र की भाजपा सरकार की किसान-मज़दूर व आम जनता विरोधी नीतियों के खिलाफ जिला कुल्लू के कुल्लू, सैज़, बन्जार व आनी में हज़ारों किसान मज़दूरों ने प्रदर्शन किया। कुल्लू में नेहरू पार्क से जिला उपायुक्त कार्यालय तक रैली निकाल कर केन्द्र की भाजपा की सरकार की आम जनता विरोधी नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन में आये किसान मज़दरों को सम्बोधित करते हुए किसानसभा के राज्य महासचिव होतम सिंह सौखला ने कहा कि आज मोदी सरकार द्वारा किसानों मज़दूरों व आम जनता से किए गए वादा खिलाफी के लिए पूरे देश में किसान मज़दूरों की हडताल की जा रही है। किसानों से वायदा किया था कि किसानों को सभी फसलों पर एमएसपी की गांरटी, कर्जा माफी, किसानों की खाद, दवाईयों, बीज आदि पर सब्सिडी देने की गांरटी दी थी लेकिन किसानो को दी गांरटी झूठी साबित हुई है। किसानों का 381 दिन चले आन्दोलन में भी किसानों से मांगों को पूरा करने का समझौता किया था लेकिन मोदी सराकर वादा खिलाफी करती आई है। अभी फिर किसान अपनी मांगों को लेकर दिल्ली जा रहा था उन्हें रोका गया और किसानों पर आंसू गैस के गोले, लाठियां और गोलियां चलाई गई। पिछले 10 बर्षो में एक लाख किसानों ने 3 लाख मज़दूरों व पचास हज़ार बेरोजगार नौजवानो ने आत्महत्या की है। मज़दूरों के 44 श्रम कानूनों को समाप्त किया गया। उसकी जगह चार लेबर कोड लाए है।

# नर्सिंग प्रोफेशन में मरीजों की सेवा करने पर मिलती हैं दुआएं : मसीह

### ढालपुर स्थित क्रिश्चियन नर्सिंग संस्थान ने मनाई फ्रैशर पार्टी, फैशन शो में छात्राओं ने रैंप पर बिखेरे जलवे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर स्थित क्रिश्चियन नर्सिंग संस्थान की ओर से शुक्रवार को कलैहली स्थित ब्लिस रिजॉर्ट में फ्रैशर पार्टी आइस ब्रेकर 2024 थीम का आयोजन किया गया। इस मौके पर डॉ. पूनम (बीएमओ) जरी ब्लॉक व नेत्र सिंह मैनेजिंग डायरेक्टर विनायक कॉलेज गड़सा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। वहीं, इस दौरान क्रिश्चियन नर्सिंग संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर सुखदेव मसीह व उप प्रधानाचार्य करिश्मा ने अतिथियों के स्वागत सहित सभी शिक्षकों व प्रशिक्षकों व विद्यार्थियों को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि जिस तरह से संस्थान की कई छात्राएं प्रशिक्षण प्राप्त कर देशभर के अस्पतालों में सेवाएं देकर जिला व संस्थान का नाम रोशन कर रही है। उसी तरह से जो छात्राएं नर्सिंग की शिक्षा ग्रहण करने के लिए आई हैं वे भी इस संस्थान का नाम रोशन करेंगी और अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के बाद देश ही नहीं विदेशों में जाकर सेवाएं देंगी। उन्होंने कहा कि नर्सिंग एक ऐसा प्रोफेशन है, जिसमें मरीजों की सेवा भाव करने पर दुआएं भी मिलती हैं। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में आप तपस्या करते हैं उसका समय आने पर फल अवश्य मिलता है। उन्होंने कहा कि हमारे इस संस्था का मुख्य उद्देश्य सेवा ही पूजा है, अगर आप अच्छी तरीके से मरीजों की सेवा भाव से कार्य करते हैं तो उससे बड़ी पूजा और कुछ भी नहीं है और उन्होंने नई प्रशिक्षु छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। उधर, कार्यक्रम के दौरान संस्थान की प्रशिक्षु छात्राओं की ओर से हिंदी, कुल्लवी, लाहुली, पहाड़ी, पंजाबी गीतों पर डांस की प्रस्तुति पेश की गई, जिसमें लाहौल, कुल्लू, शिमला व गुजरात सहित देश के विभिन्न राज्यों की संस्कृति झलक दिखाई दी। वहीं, छात्राओं की ओर फैशन शो की प्रस्तुति मुख्य आकर्षण का केंद्र रही।

फैशन शो में 30 के करीब छात्राओं ने भाग लिया और रैंप पर फैशन के जलबे बिखेरे। कार्यक्रम में फ्रैशर्स ने भी अपनी विशेष भूमिका वांकिग, और टास्क राउंड में शामिल होकर निभाई। कार्यक्रम के अंत में मिस फ्रेशर व अन्य रनर अप चुनी गई, जिसमें रिया मिस फ्रेशर व फर्स्ट रनर अप सुनाक्षी चुनी गई। इस दौरान संस्थान के शिक्षकों के अलावा प्रशिक्षु छात्राएं भी उपस्थित रहीं।



फ्रैशर पार्टी के दौरान छात्राएं, कॉलेज स्टाफ और मुख्यतिथि सामूहिक चित्र में।

### चरस सहित युवक गिरफ्तार

**कुल्लू।** बंजार पुलिस ने क्षेत्र के ढोरू के पास एक सोलन के युवक को चरस तस्करी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस थाना बंजार की टीम ने ढोरू के समीप घर्टगाड़ में नाकाबंदी कर रखी थी और इसी दौरान एक कार न.-एचपी-64ए-4260 को चैक किया तो उसमें सवार मनोज कुमार (36 वर्ष) पुत्र धनी राम निवासी गांव बपड़ौन डाकघर सुजायला तहसील अर्की जिला सोलन के कब्ज़ा से 1 किलो 141 ग्राम चरस बरामद की। पुलिस ने व्यक्ति के खिलाफ थाना बंजार में एनडीपीएस की धारा 20 व 25 के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। गिरफ्तार किए गए युवक को पुलिस ने कोर्ट में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस युवक को रिमांड पर लेने के लिए अर्जी लगाएगी ताकि उससे जानकारी जुटाई जा सके।

## राजकीय अर्द्ध-राजकीय चालक एवं परिचालक महासंघ की हुई बैठक



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

राजकीय अर्द्ध-राजकीय चालक एवं परिचालक महासंघ जिला कुल्लू की जिला कार्यकारिणी की बैठक शुक्रवार को संपन्न हुई। बैठक ढालपुर में आयोजित की गई। राजकीय अर्द्ध राजकीय चालक एवं परिचालक महासंघ कल्लू के अध्यक्ष तुले राम ने बताया कि इस बैठक में हाल ही में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य के द्वारा सम्मानित गिरधारी लाल ठाकुर को सम्मानित किया गया, जिन्हें आपदा के समय विशेष योगदान देने के लिए विभाग के द्वारा सम्मानित किया गया। तुले राम ने बताया कि गिरधारी लाल ठाकुर लोक निर्माण विभाग भुंतर में जेसीबी ऑपरेटर है। राजकीय अर्द्ध-राजकीय चालक एवं परिचालक महासंघ कुल्लू के महामंत्री वेद राम ठाकुर ने बताया कि इस बैठक में हाल ही में संपन्न हुए जिला कार्यकारिणी के चुनाव के बाद जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। जिसमें सभी विभागों के चालकों को जिम्मेदारियां सौंप गई। तुलेराम ने बताया कि कार्यकारिणी का विस्तार सभी खंडों से मंत्रणा करने के पश्चात किया गया है, जिसमें सभी विभागों को सम्मिलित किया गया है। इस बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष त्रिलोक प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य जगरनाथ ठाकुर गिरधारी लाल ठाकुर चेयरमैन ख्याल चंद ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

## हिंसक आंदोलन को भारतीय किसान संघ का समर्थन नहीं: उमेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

भारतीय किसान संघ की जिला बैठक शुक्रवार को संघ कार्यालय कुल्लू में आयोजित हुई। भारतीय किसान संघ के जिला मंत्री रमेश ठाकुर ने बताया कि बैठक में जिला संघ चालक नरेंद्र ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने किसान संघ को हर तरह की संगठनात्मक सहायता करने का आश्वासन दिया। बैठक में प्रांत मंत्री उमेश सूद ने कहा भारतीय किसान संघ इस इस हिंसक आंदोलन का समर्थन नहीं करता है। भारतीय किसान संघ अपनी जायज मांगों को लेकर सरकारों से संवाद करता है। यदि संवाद से रास्ता नहीं निकलता तो वहां आंदोलन का रास्ता भी अपनाया जाता है।

दिल्ली में 19 दिसंबर को एक लाख किसानों का अनुशासित शांतिपूर्ण प्रदर्शन इसका उदाहरण है। उन्होंने बताया कि देशभर से किसान दिल्ली गए शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात सरकार से की और बिना किसी को परेशान किया वापस लौट आए। चुनाव के दौरान किसानों के नाम पर आंदोलन होते हैं तो आंदोलन के दौरान होने वाली हिंसा से देश की संपत्ति का नुकसान देश का नुकसान है। इस उग्र आंदोलन की वजह से लोगों को ट्रैफिक समस्याओं से जूझना पड़ता है। इससे किसानों के प्रति नकारात्मकता लोगों में पैदा होती है, जिसकी कीमत अपनी समस्याओं से जूझते हुए किसान को चुकानी पड़ती है। वहीं, इस मौके पर प्रांत संगठन मंत्री हरिराम पंवार ने विशेष रूप से सदस्यता अभियान की जानकारी ली और जिला सदस्यता प्रमुख सुभाष ठाकुर ने खण्डशः सदस्यता अभियान की जानकारी बैठक में रखी। जिला अध्यक्ष ऋषिराज राणा ने जानकारी दी की हमारी मांगे लागत पर आधारित लाभकारी मूल्य किसानों को मिलना चाहिए। कृषि उपकरणों तथा दवाइयां पर जीएसटी समाप्त किया जाए। घोषित समर्थन मूल्य से नीचे बाजार भाव न जाए, यह सरकार सुनिश्चित करे। बैठक में ओम प्रकाश प्रांत बीज प्रमुख, ममता शर्मा महिला प्रमुख प्रदेश, रूपचंद, प्रेमजीत खंड मंत्री भुंतर, अशोक नेगी, धर्मपाल, गेहर सिंह खंड अध्यक्ष भुंतर, राजकुमार, डॉ. शेर सिंह, अंकित, डिंपल ठाकुर जिला महिला प्रमुख, रीना शर्मा आदि प्रमुख कार्यकर्ता शामिल रहे।

**भारतीय किसान संघ की जिला बैठक आयोजित**




भारतीय किसान संघ की जिला बैठक के दौरान संघ के पदाधिकारी व सदस्य।

## आयोजन | फागली उत्सव का हुआ समापन, बीठ उत्सव की रही धूम

# देवता श्रृंगा ऋषि के सम्मान में बंजार के गांव चैहणी में मनाया चार तवार पर्व

**शीला कौल, बंजार**

उपमंडल बंजार की ग्राम पंचायत चैहणी के गांव चैहणी में शुक्रवार को देवता श्रृंगा ऋषि के सम्मान में चार तवार पर्व का आयोजन देव विधि अनुसार पुरातन परम्पराओं का निर्वाह करते हुए आयोजन किया गया। इस मौके पर चैंहणी पंचायत के गांव चैहणी सैकड़ों लोगों में भाग लिया। चार तवार उत्सव प्रतिवर्ष उपमंडल बंजार में बड़ी धूमधाम से मनाए जाता हैं।

इस उत्सव में लोग देवस्थल पर एकत्रित होकर के देवी देवताओं की पूजा अर्चना करके देवताओं से आशीर्वाद ग्रहण करते हैं। वहीं इस तवार पर्व के दौरान एक अनोखी परंपरा का निर्वाहन किया जाता है, जिस में बर्फ के साथ एक खेल भी खेला जाता है जिसे दूर दराज क्षेत्रो से आए लोग बड़े चाव के साथ देखते हैं। देवता श्रृंगा ऋषि के पुजारी चानन शर्मा, इंद्र देव शर्मा, जितेंन्द्र शर्मा ने बताया कि चार तवार पर्व विशेष रूप से देवता श्रृगां ऋषि को समर्पित है। इस पर्व का आयोजन फालगुन संक्रांति के चौथे दिवस आयोजन किया जाता है।

इस पर्व में पांच कोठी सहित कई क्षेत्रों के लोग यहां पर एकत्रित होते हैं और पूजा अर्चना के बाद देवता के गुर को खेल में लाकर के आशीर्वाद के तौर में सरसों का फुल इत्यादि दिया जाता है। उन्होंने ने बताया इस पर्व के दौरान एक विशेष खेल का आयोजन किया जाता है जिसे लुहासरी कहा जाता है। इस खेल में देवता के जितने भी हारियान है वे देवता से आशीर्वाद स्वरूप छडी ले जा कर हारियान बर्फ में खेल खेलते हैं जिसे शुभ माना जाता है। गौरतलब है कि 13 तारीख से लेकर 15 तारीख तक समूचे बंजार क्षेत्र के कई गांवों चेहनी, कलवारी, विणी, वाहू, तांदी तीर्थन आदी में फागली उत्सव मनाया गया। वहीं वीरवार को वाहू में विहट उत्सव का भी आयोजन किया गया। वहीं शुक्रवार को चार तवार उत्सव के साथ फागली पर्व का समापन भी हर्षोल्लास के साथ किया गया। (अनंत ज्ञान)



उपमंडल बंजार के गांव चैहणी में आयोजित चार तवार पर्व में भाग लेते हुए देवता शृंगा ऋषि।

### लाहौल घाटी में आज से दौड़ेगी मनाली-केलांग बस, ट्रायल सफल

**केलांग।** लाहुल घाटी में केलंग उदयपुर के बीच बस ट्रायल सफल रहा है। ट्रायल सफल रहने से लाहुल घाटी में आज शनिवार से बस सेवा शुरु हो जाएगी। मनाली केलांग के बीच अभी कुछ दिन बसें नहीं चलेंगी। हालांकि, सड़क की हालत अब सामान्य होने लगी है, लेकिन मौसम के पूर्वानुमान को देखते हुए एचआरटीसी केलंग ने मनाली केलंग के बीच बस सेवा शुरु नहीं करने का निर्णय लिया है। हिमपात के चलते व लाहुल घाटी सहित केलंग मनाली के बीच गत 25 जनवरी से बस सेवा बन्द है। भारी हिमपात के चलते घाटी में जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया था लेकिन अब सब सामान्य होने लगा है। लाहुल घाटी में इन दिनों त्योहारों का सीजन चला हुआ है। लोग अपने परिजनों से मिलने आ जा रहे हैं ऐसे में बस सेवा शुरु होने से उन्हें भी राहत मिलेगी। बस अड्डा प्रभारी राजीव ने बताया की आज केलंग उदयपुर के बीच बस का ट्रायल सफल रहा है। मौसम के पूर्वानुमान को देखते हुए फिलहाल केलंग उदयपुर के बीच एक बस चलाई जा रही है। 18 फरवरी के बाद मौसम साफ रहता है तो लाहुल की समस्त घाटी सहित केलंग मनाली के बीच बस सेवा शुरु कर दी जाएगी।

# यतिन के यत्न से लिपियां हो रही संरक्षित

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

युवा साहित्यकार, लेखक और शोधकर्ता कुल्लू के यतिन पंडित के यत्न से भूली बिसरी लिपियां संरक्षित हो रही हैं।लुप्त हो रही लिपियों को पुनर्जीवित करने में जुटे यतिन पंडित आनलाइन व आफलाइन माध्यम से देश सहित विदेशों (हिमाचल, पंजाब, दिल्ली, इंग्लैंड व जर्मन, स्काटलैंड) तक टांकरी लिपि का ज्ञान बांटने में जुटे हुए हैं।समय के साथ टांकरी व पाबूची सहित अन्य लिपियों को इस्तेमाल कम हो रहा है आज के समय में यह लिपियां अपना अस्तित्व खो रही हैं।



यतिन सिर्फ टांकरी लिपि का ज्ञान नहीं रखते बल्कि शारदा लिपि की भी अच्छी समझ रखते हैं। इसके अलावा भोटी, शारदा, खरोष्ठी, सिद्धम, ब्राह्मी व पाबूची लिपियों पर भी शोध कर रहे हैं। 2016 के बाद से कार्यशालाओं व इंटरनेट मीडिया के जरिये सदियों पुरानी लिपियों को जीवित रखने में अहम भूमिका निभा रहे यतिन के यत्न कारगर सिद्ध हो रहे हैं।

यही कारण है कि इन लिपियों को सीखने की जिज्ञासा लोगों में बढ़ रही है।अब शीघ्र ही यतिन पंडित जिला के विभिन्न स्कूलों में कार्यशालाओं के माध्यम से विद्यार्थियों को लिपियों सहित लोक संस्कृति, कुल्लवी बोली, पहाड़ी ज्योतिष सहित अन्य विभिन्न विषयों की जानकारी देंगे।स्कूलों में विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों में लिपियों और अपनी प्राचीन संस्कृति की ओर रूचि बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा।कांगड़ा की सांभ संस्था के सदस्य 2016 में पहाड़ी भाषा सहित उत्तर भारत की कई भाषाओं को लिखने के लिए प्रयोग की जाने वाली टांकरी लिपि की फान्ट गई थी।वहीं, यतिन के प्रयासों और अंडेमान निकोबार के शोधकर्ता विस्वजीत मंडल के सहयोग से वैदिक, ज्योतिष, कर्मकांड व वास्तुशास्त्र के लिए प्रयोग की जाने वाली प्राचीन पाबूची लिपि की फान्ट को भी डिजीटल रुप दे दिया है। (अनंत ज्ञान)

### संयुक्त प्रयास से होगी संरक्षित

**बकौल** यतिन हिमाचल की प्राचीन लिपियां, बोलियां अपना अस्तित्व खो रही हैं,इनको संरक्षित करने के लिए संयुक्त प्रयास की जरूरत है।यह तभी संभव है जब हम लिपियों के ज्ञान को दूसरों से बाटेंगे और अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करेंगे।लिपियों का ज्ञान रखने वाला यदि जानकारी को गुप्त रखेगा तो यह हमेशा के लिए लुप्त हो जाएंगे। इसके लिए सरकार की ओर से भी विशेष प्रयास किए जाने चाहिए। बकौल यतिन पंडित प्रसिद्ध साहित्यकार व इतिहासकार स्व. छेरिंग दोरजे से लिपियों के प्रति जिज्ञासा बढ़ी और इस लिपि से संबंधित अन्य पहलुओं पर मंथन किया।यतिन के अनुसार लिपि को सीखना जरूरी इसलिए भी है कि पहाड़ी क्षेत्र का अधिकतर इतिहास टांकरी लिपि में लिखा गया है।

### अधिकतर इतिहास टांकरी लिपि में

**टांकरी** लिपि शारदा परिवार की लिपि मानी जाती है। इसका प्रचलन पहाड़ी क्षेत्र में 13वीं शताब्दी के आसपास शुरू हुआ था, पहले हिमाचल में अधिकतर लेखन कार्य इसी लिपि में किए जाते थे।पुराने समय के बहुत से शिलालेख व अन्य इतिहास टांकरी लिपि में ही लिखे जाते थे।20वीं सदी के आरंभिक काल तक यह लिपि प्रयोग की जाती रही, लेकिन उसके बाद धीरे धीरे प्रचलन से बाहर हो गई।

## न्यूज ब्रीफ

### फोन से दूर रह छात्र पढ़ाई में दें पूरा ध्यान

**भरेड़ी।** उपमंडल भोरंज के तहत राजकीय हाई स्कूल कक्कड़ व प्राथमिक पाठशाला कक्कड़ में सामूहिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। इस समारोह के मुख्यातिथि ग्राम पंचायत कक्कड़ के प्रधान विनोद कुमार थे। इस समरोह का शुभारंभ दीप प्रजलित करके किया गया। मुख्याध्यापिका सुनीता देवी शर्मा ने मुख्यतिथि को टोपी पहनकर समानित किया। मुख्याध्यापिका ने स्कूल में आए सभी मेहमानों व स्कूल बच्चो के अभिभावकों का स्वागत किया और स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट सबके सामने रखी। मुख्यातिथि ने स्टूडेंट्स को फोन से दूर रहने की सलाह दी और बच्चों को सम्मानित भी किया। इस मौके पर मुख्याध्यापिका प्रवीण कुमारी, एसएमसी प्रधान जगत राम, ईश्वर दास, कैप्टन ब्रह्म दास आदि उपस्थित रहे।


छात्रा को सम्मानित करते प्रधान विनोद कुमार व अन्य।

### प्रथम वर्ष के परिणामों की देरी से स्टूडेंट्स चिंतित

**हमीरपुर।** पहले वर्ष के स्टूडेंट्स के परिणामों में हो रही देरी ने स्टूडेंट्स और उनके अभिभावकों को चिंतित किया है। इसमें अभी तक लगभग दस महीने की देरी हो गई है, जिससे स्टूडेंट्स का अगले सत्र में प्रवेश मिलने में कठिनाई हो सकती है। पीटीए अध्यक्ष शशि पाल ने बताया कि स्टूडेंट्स को अपने करियर की शुरुआत में सही मार्ग-दर्शन और समर्थन की आवश्यकता होती है और ऐसी देरी उनकी पढ़ाई में बाधक हो सकती है। इसके बावजूद वह सरकार व शिक्षा मंत्री से यह भी अपील कर रहे हैं कि इस मुद्दे को त्वरित सुलझाया जाए ताकि स्टूडेंट्स की शिक्षा में कोई विघ्न न आए। सुजानपुर टीहरा पीटीए कमेटी ने प्रदेश के सभी महाविद्यालयों से भी आग्रह किया है की सभी इस मुद्दे पर बात करें, ताकि स्टूडेंट्स का परीक्षा परिणाम जल्द घोषित हो।


छात्रा को सम्मानित करते प्रधान विनोद कुमार व अन्य।

### 'हीरा मंडी' उपन्यास का दिल्ली में लोकार्पण

**हमीरपुर।** विश्व पुस्तक मेले में जिला हमीरपुर के हिंदी के कथाकार राजेंद्र राजन के ताजा उपन्यास 'हीरा मंडी' का दिल्ली में लोकार्पण किया और उस पर चर्चा की गई। इस चर्चा में वरिष्ठ लेखक राम शरण जोशी, प्रभात रंजन और रचना भोला यमनी, अजमल कमल और राजेंद्र राजन ने भाग लिया। आलोचकों ने इस उपन्यास को एक ऐतिहासिक कृति बताया जो पाठक का 100 साल पुराने लोहार के सामाजिक सांस्कृतिक और जिस्म फिरोशी की रिवायत को उजागर करती है। उपन्यास का मूल उद्देश्य लोहार की बदनाम बस्ती हीरा मंडी की तवायफों और उनके दलाल की दास्तां बयां करती है जो बदनामी के कलंक से मुक्त होकर एक समानजनक जिंदगी बसर करने में कामयाब होते है। इस मौके पर पुस्तक के प्रकाशक राजपाल एंड संस के स्टाल पर बड़ी संख्या में किताब खरीदी गई और लेखक के हस्ताक्षर लेने के लिए होड़ लगी रही।

### रणवीर ने जूडो व पॉवर लिफ्टिंग में जीता स्वर्ण पदक

**भरेड़ी।** गोवा में हुई छठी राष्ट्रीय मास्टर गेम्स में रणवीर ठाकुर ने जूडो और पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत कर हिमाचल प्रदेश व जिला हमीरपुर का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता आठ से 14 फरवरी को गोवा में हुई है। हमीरपुर जिला के भोरंज उपमंडल के भुक्कड़ गांव के रहने वाले रणवीर ठाकुर की इस उपलब्धि से उनके गांव में खुशी का लहर है। रणवीर ठाकुर जुडो-कराटे में ब्लैक बैल्ट और वुशू खेल के क्वालिफाइड कोच है। रणवीर ने कहा कि वह मास्टर गेम्स में अच्छा प्रदर्शन करके युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बनने का कार्य कर रहे हैं। रणवीर ने कहा कि वह युवाओं को जूडो और पॉवर लिफ्टिंग में अप्रैल माह में 21 दिन को निशुल्क कोचिंग कैंप देंगे।

### डीएवी भड़ोली के चार स्टूडेंट्स ने जेईई मेंस में किया स्कूल का नाम रोशन

**नादौन।** डीएवी भड़ोली के स्टूडेंट्स ने जेईई मेंस परीक्षा में अपना शानदार प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल के प्रिंसीपल सुरजीत कुमार राणा ने बताया कि जेईई मेंस परीक्षा 2023-24 में हमारे स्कूल के चार बच्चों ने परीक्षा क्वालीफाई कर अपने स्कूल का नाम रोशन किया है। इस परीक्षा में अक्षत चौधरी ने 92.8, अक्षत गोस्वामी ने 87, अर्शी व प्रियांशु ठाकुर ने 82 पर्सेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त कर अध्यापक वर्ग तथा अपने माता-पिता का सिर ऊंचा किया है। प्रिंसीपल सुरजीत कुमार राणा ने बच्चों व उनके माता-पिता और अध्यापकों को बहुत बधाई दी है।

### अग्घार गांव में चोर को किया पुलिस के हवाले

**हमीरपुर(** नगर पंचायत भोटा के साथ लगते अग्घार गांव में गत रात्रि मकान की दूसरी मंजिल में चोरी करने आए चोर को पकड़ कर मकान मालिक ने पुलिस के हवाले कर दिया है। अग्घार गांव के चमन लाल, संतोष कुमारी व पूजा कुमारी सोए हुए थे तो रात के समय उपरी मंजिल में कुछ आवाज होने से घरवालों की नींद खुल गई। बिना शोर किए हुए चुपचाप ऊपरी मंजिल में जाकर उन्होंने दरवाजे को बाहर से बंद कर दिया और पंचायत प्रधान को सूचित कर दिया, वहीं भोटा पुलिस भी सूचना मिलते मौके पर पहुंची गई। इसी गांव के ही संजीव कुमार मौके पर कमरे में पाया गया। भोटा पुलिस चौकी के प्रभारी अजैब सिंह ने बताया कि चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार करके मुकदमा दर्ज किया गया है। माननीय न्यायालय ने चोर को 26 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### विजेता स्टूडेंट्स को बांटे सर्टिफिकेट्स

**हमीरपुर।** ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल हमीरपुर में एसओएफ साइंस और इंग्लिश ओलंपियाड के सर्टिफिकेट स्कूल चेयरमैन प्रो. विकास दीक्षित ने स्टूडेंट्स को बांटे। जिसमें अनाया, कार्तिक, ईशल, मन्नत, शौर्य, गुरलीन, सिया, रिदित, यश, अप्सरा, शिवांश, मणिक, आंनदिता, जानहवीं आदि को एसओएफ साइंस और इंग्लिश ओल्पियाड में आर्यन को स्वर्ण पदक मिला। चेयरमैन प्रो. विकास दीक्षित ने इस अवसर पर बच्चों, अभिभावकों और अध्यापकों को बधाई दी।

### आदित्य मिस्टर और श्रुति शर्मा मिस फेयरवेल बने

**धनेटा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धनेटा में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें 11वीं कक्षा के स्टूडेंट्स ने 12वीं कक्षा के छात्रों को चाय पान व मिष्ठान करवाया, वहीं इस दौरान मिस्टर फेयरवेल व मिस फेयरवेल भी चुने गए, जिसमें मिस्टर फेयरवेल आदित्य गुलेरिया और मिस फेयरवेल श्रुति शर्मा को चुना गया। मिस्टर पर्सनेलिटी निखिल और मिस पर्सनेलिटी नैंसी को चुना गया। प्रधानाचार्य राजकुमार सिंह ने कहा कि बच्चों को बोर्ड परीक्षाओं के लिए खूब मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# देशवासियों पर टैक्स ठोंक कर लूट रही मोदी सरकार : सीटू

## गांधी चौक हमीरपुर में सीटू कार्यकर्ताओं ने किया विरोध-प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

जब से मोदी सरकार आई है, तब से देश के चार-पांच कॉर्पोरेट घरानों पर ही देश की बेशकीमती संपत्तियों एनएच, बंदरगाहों, हवाई अड्डों, बैंक व बीमा आदि सब कुछ लुटाया जा रहा है, जो जनता के खून पसीने से निर्मित है। देश के प्राकृतिक संसाधनों जल, जंगल, जमीन, व खनिज आदि इन कंपनियों के हवाले लूटाने के लिए किया जा रहा है, जबकि देशवासियों पर तरह-तरह के टैक्स ठोंक कर लूटा जा रहा है।

यह बात शुक्रवार को केंद्रीय ट्रेड यूनियनों व संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर आयोजित विरोध-प्रदर्शन के दौरान सीटू के राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर कश्मीर सिंह ठाकुर ने संबोधित करते हुए कही। उनका कहना है कि मोदी सरकार ने देश के मूलभूत ढांचे में ही परिवर्तन कर दिए हैं, संविधान संस्थाओं को मिट्टी में मिला दिया है और तानाशाही की तरह व्यवहार किया जा रहा है।



गांधी चौक हमीरपुर में प्रदर्शन करते हुए सीटू के कार्यकर्ता।

ठाकुर ने बताया कि सुबह से ही जिला के एकमात्र हाइडल प्रोजेक्ट धौलासिद्ध में मजदूर इकट्ठा हुए व गेट मीटिंग कर विरोध-प्रदर्शन किया। उसके उपरांत विभिन्न यूनियनों से जुड़े मजदूर जिला मुख्यालय पर एकत्रित हुए और तहसील कार्यालय से लेकर गांधी चौक तक बाजार से रैली निकाली व गांधी चौक पर आम सभा की। सभा को जिला सचिव जोगिंद्र कुमार, रंजन शर्मा व संतोष कुमार ने भी संबोधित किया। ठाकुर ने कहा कि मजदूरों के लिए सभी श्रम कानून खत्म कर दिए हैं व उनकी जगह चार नए लेबर कोर्ट बनाए हैं, जो मजदूरों को बंधुआ मजदूरी और गुलामी की तरफ ले जाने के का ही रास्ता साफ करते हैं। वहीं देश के किसानों को उनकी मेहनत का लाभ भी नहीं मिल पाता है जिसके चलते देश में किसानों के आत्महत्या के सिलसिले बड़े पैमाने पर बढ़े हैं। ठाकुर ने कहा कि आज के विरोध-प्रदर्शन के दौरान मजदूर के लिए बनाए जा रहे चारों लेबर कोड निरस्त, किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए कानून बनाने, सभी को नियमित रोजगार देने व ठेका प्रथा तथा आउटसोर्सिंग को बंद करने आदि कई मांगें की गईं। इस अवसर पर धर्म सिंह, प्रवीण, रेखा, कांता, सुषमा, शीला, उत्तम चंद, बौबी, राजेंद्र बाला, सुनीता, सुषमा, रजनीश अशोक, गायत्री देवी, उर्मिला, सुभाष सहित सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

### विजय कुमार बने नोहगीं सहकारी सभा के प्रधान

**टौणीदेवी।** टौणीदेवी ब्लॉक की नोहगीं सहकारी सभा की प्रबंधन समिति के चुनाव सर्व सम्मति से संपन्न हुए जिसमें विजय कुमार को प्रधान, प्रकाश चंद को उपप्रधान, सुरेश चंद, सुभाष चंद व सत्य प्रकाश को कमेटी सदस्य चुना गया। यह जानकारी रिटर्निंग ऑफिसर पवन पठानिया ने दी।

### एएसआई राजेश शर्मा ने संभाला जाहू पुलिस चौकी का कार्यभार

**भरेड़ी।** भोरंज थाना के तहत जाहू पुलिस चौकी में एएसआई राजेश शर्मा ने शुक्रवार को अपना कार्यभार संभाल लिया है। इससे पहले वह भोटा पुलिस चौकी के प्रभारी के पद तक सेवारत थे। वहां से इनका तबादला जाहू पुलिस चौकी को हुआ है। इसी तरह भोरंज थाना में भी करीब डेढ़ वर्ष तक भोरंज में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं में बढ़ता नशा सबसे चिंता का विषय बनता जा रहा है। इस पर विशेष ध्यान रखा जाएगा तथा नशा कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई अमल ने लाई जाएगी।



### कलूर-कोहला-बिलकलेश्वर महादेव सड़क 9 मार्च तक रहेगी बंद

**नादौन।** कलूर-कोहला-बिलकलेश्वर महादेव सड़क की सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मत कार्य के चलते पर 17 फरवरी से नौ मार्च तक यातायात बंद किया जा रहा है। इस संबंध में जिलाधीश अमरजीत सिंह ने बताया कि इसे अतिशीघ्र पूरा करने के लिए इस सड़क पर वाहनों की आवाजाही नौ मार्च तक बंद की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस अवधि के दौरान क्षेत्र के वाहन चालक गुरुद्वारा गेट से मिन्हास चैक और ओल्ड एसडीएम आफिस से आवाजाही कर सकते हैं।

### मुख्यमंत्री के व्यक्तित्व से प्रेरणा लें स्टूडेंट्स : कुलदीप पठानिया

**धनेटा।** नेताजी सुभाष स्मारक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सेरा के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने मेधावी स्टूडेंट्स को पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के गृह क्षेत्र के स्कूल के समारोह में मुख्यातिथि के रूप शिरकत करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने स्टूडेंट्स से मुख्यमंत्री के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेने की अपील करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का जीवन संघर्ष, दृढ़ संकल्प, परिश्रम और पुरुषार्थ से भरा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने स्कूल को 11 हजार रुपए और प्राइमरी स्कूल को भी पांच हजार रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने सराहनीय प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स को पुरस्कृत किया।

### मन्वी आयुर्वेदिक अस्पताल में शिशु व स्त्री रोग विशेषज्ञ डाक्टर तैनात

**जाहू।** हमीरपुर जिले के बाद भोरंज उपमंडल के मन्वी गांव में दूसरा बड़ा आयुर्वेदिक अस्पताल है, परंतु अस्पताल में आयुर्वेदक डाक्टरों के पद न भरने की वजह से लोगों को अपना इलाज करवाने के लिए भोरंज और हमीरपुर के अस्पतालों में जाना पड़ता था। मन्वी आयुर्वेदिक अस्पताल में पहली बार शिशु व स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती होने से बच्चों व महिलाओं को अपने नजदीक के अस्पताल में इलाज करवाने की सुविधा मिली है। इस नियुक्ति से लगभग 15 पंचायतों को फायदा मिलेगा। इससे पहले बच्चों व महिलाओं अपना इलाज करवाने के लिए भोरंज और हमीरपुर के अस्पताल जाकर करवाना पड़ता था। प्रभारी डॉ. आंचित सागर ने बताया कि शिशु व स्त्री रागे विशेषज्ञ डाक्टर की मन्वी अस्पताल में डेपोटेशन पर तैनाती की गई है।

### आशीर्वाद समारोह में स्टूडेंट्स ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर में जमा दो के स्टूडेंट्स के लिए आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी स्टूडेंट्स के लिए पारंपरिक परिधान जैसे लड़कियों के लिए साड़ी और लड़कों के लिए कुर्ता-पाजामा पोशाकें चयनित की गई। स्कूल पहुंचने पर छात्र परिषद के स्टूडेंट्स ने तिलक लगाकर गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। प्रिंसिपल डॉ. हिमांशु शर्मा, समन्वयिका शशि बाला, कंचन लखनपाल, मनीषा मारवाह, डीएसडबल्यू संजीव ठाकुर और डीडीएसडबल्यू कमल सिंह ने द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्टूडेंटस ने इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न प्रस्तुतियां देकर सबके मन को मोह लिया। इस समारोह पर हिमाचल के मशहूर प्रसिद्ध हास्य कलाकार प्रिंस गर्ग ने भी अपनी हास्य कला से सब का मनोरंजन किया।

## विधायक राणा ने विकास कार्यों के लिए दूसरी किस्त की जारी

**सुजानपुर।** सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेंद्र राणा ने विभिन्न विकासात्मक कार्यों के लिए 12 लाख 45 हजार रुपए की दूसरी किस्त जारी कर दी है, जिसमें ग्राम पंचायत कक्कड़ में सराय भवन के लिए एक लाख रुपए, गांव छंब में मुख्य सड़क से लेकर विक्रम चंद के घर तक रास्ता व सुरक्षा दीवार के लिए 75 हजार रुपए, ग्राम पंचायत पौहंज में महिला मंडल के निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए डेढ़ लाख रुपए, ग्राम पंचायत सिकंदर में संदीप कुमार के घर के पास सुरक्षा दीवार के लिए 78 हजार 332 रुपए, ग्राम पंचायत ऊहल के गांव लग देवी में एससी बस्ती के लिए डेढ़ लाख रुपए, ग्राम पंचायत भेरड़ा में जंजघर के निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए दो लाख रुपए, ग्राम पंचायत बजरोल में स्कूल बजरोल के टीन शैड के लिए दो लाख रुपए, ग्राम पंचायत भरनांग के बलोंगनी में सुभाष चंद के घर के पास सुरक्षा दीवार के लिए दो लाख रुपए, आशा देवी के घर के पास 80 हजार रुपए, ग्राम पंचायत कक्कड़ में बौड़ी के सुधार के लिए 50 हजार रुपए, ग्राम पंचायत टप्परे के महिला मंडल झौखर को बर्तन व फर्नीचर के लिए 12 हजार रुपए, ग्राम पंचायत चबूतरा के गुजरेड़ा में सड़क के निर्माण के लिए 50 हजार रुपए तथा ग्राम पंचायत रंगड़ में महिला मंडल भवन समरियाल के निर्माण के लिए दो लाख रुपए शामिल हैं।



## युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति-संस्कारों से होती जा रही विमुख : प्रो. खोखला

**अनंत ज्ञान, रंगस**

ठाकुर रामसिंह ने इतिहास के नई दिशा देने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसे विस्मृत नहीं किया जा सकता। आज आधुनिकता के साथ कदम से कदम मिला कर चलना समय की जरूरत है। हमें अपनी समृद्ध संस्कृति को कभी नहीं भूलना चाहिए। पिछले कुछ वर्षों से समाज में तेजी से परिवर्तन देखा जा रहा है, जिसके कारण आज की युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति और संस्कारों से विमुख होती जा रही है।


ठाकुर रामसिंह के 109वें जन्मदिवस पर समारोह में भाग लेते प्रतिभागी व अन्य।

यह बात ठाकुर रामसिंह इतिहास शोध संस्थान नेरी के संस्थापक श्रद्धेय ठाकुर रामसिंह के 109वें जन्मदिवस पर आयोजित समारोह के मुख्यातिथि शूलिनी यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति प्रो. प्रेम कुमार खोसला ने कही। प्रो. खौंसला ने कहा कि हमें अपनी संस्कृति को जीवित रखने के लिए युवा वर्ग को महापुरुषों की जीवनियों का अध्ययन करना चाहिए ताकि वह समाज को नई दिशा प्रदान कर सकें। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. गौतम व्यथित ने की, जबकि सेवानिवृत्त सह-आचार्य एवं डॉ. किस्मत कुमार मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद थे।

डॉ. किस्मत कुमार ने कहा कि श्रद्धेय ठाकुर रामसिंह का देश की स्वतंत्रता और समाज को आगे बढ़ाने के लिए अतुलनीय योगदान रहा है, इसलिए आज उनके जयंती अवसर पर हमें उनके योगदान को एक साधना के रूप में मनाना चाहिए।

डॉ. गौतम व्यथित ने कहा कि लोक में इतिहास विद्यमान है। जिसे आज उस पर पुनः चर्चा करने आवश्यकता है। इससे पूर्व संस्थान के निदेशक डॉ. चेतराम गर्ग ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि समय के साथ-साथ हमें समाज को नई दिशा देने पर कार्य करना चाहिए। मुख्यातिथि ने संस्थान की वार्षिक प्रतिवेदन स्मारिका एवं प्रो. नारायण सिंह राव द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन किया गया।

## बड़ा में नशों के प्रति किया जागरूक

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

उपमंडल नादौन के दुर्गा सिंह स्मारक सीसे विद्यालय बड़ा में नशा निवारण समिति के सौजन्य से एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रिंसिपल अंजना कौंडल ने की। शिविर में वर्तमान समय में युवा वर्ग में दिन-प्रतिदिन बढ़ रही नशे की बुरी आदत के बारे में जागरूक किया गया। प्रिंसिपल ने बच्चों को मादक पदार्थों से दूर रहने की सलाह दी ताकि वह अच्छी जीवन शैली जी सकें।

इस अवसर पर नशा निवारण समिति की प्रभारी वंदना शर्मा ने बच्चों को साकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने सृजनात्मक कार्यों में रुचि लेने एवं बुरी संगति से बचने की सलाह दी।

इस अवसर पर स्टूडेंट्स ने पेंटिंग तथा स्लोगन के माध्यम से इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दिखाई और समाज को नशे से दूर रहने का संदेश देने के लिए एक जागरूकता रैली निकाली। (अनंत ज्ञान)


जागरूकता शिविर में भाग लेने वाले स्टूडेंट्स सामूहिक चित्र में।

## अप्रेंटिस एवं अनुबंध पर नियुक्तियों के लिए साक्षात्कार 23 को

**हमीरपुर।** मोहाली की कंपनी स्वराज इंजंस लिमिटेड 400 पदों पर अप्रेंटिस और अनुबंध आधार पर आईटीआई डिप्लोमा धारक युवक-युवतियों की भर्ती करेगी। इन पदों के लिए 23 फरवरी को सुबह 10 बजे जिला रोजगार कार्यालय हमीरपुर में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि आवेदक के पास टर्नर, मशीनिस्ट, डीजल मैकेनिक, ट्रेक्टर मेकेनिक, फिटर ट्रेड में आईटीआई डिप्लोमा या एमएमवी डिप्लोमा इन मेकेनिकल आटोमोबाइल एंड प्रोडक्शन होना चाहिए। इन्हें अप्रेंटिस के रूप में ट्रेनिंग दी जाएगी और फिर परफार्मेंस के आधार पर दोबारा ज्वाइनिंग दी जाएगी। इनके अलावा 12वीं पास महिलाएं जिनकी आयु 18 या इससे अधिक है, को नौकरी के साथ- साथ दो वर्ष का प्रशिक्षण भी करवाया जाएगा। इनके लिए वेतनमान 10,600 से 14,500 रुपए मासिक रखा गया है। आवेदक का नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत हो, वह भी हिमाचली स्थायी निवासी प्रमाण पत्र व अपने मूल प्रमाण पत्रों सहित साक्षात्कार में भाग ले सकता है। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 93061-97730 और जिला रोजगार कार्यालय के दूरभाष नंबर 01972-222318 पर संपर्क कर सकते हैं।

## छात्राओं को 'वो दिन' योजना बारे किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, टौणीदेवी**

स्वर्ण जयंती राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (उत्कृष्ट) टौणी देवी में 'वो दिन' मासिक धर्म स्वच्छता योजना के तहत एकदिवसीय संवेदीकरण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 150 बेटियों को माहवारी के दौरान स्वच्छता, पोषण आहार के बारे जागरूक करने का प्रयास किया गया ताकि उनका जीवन सुरक्षित और उज्ज्वल हो सके।

प्रधानाचार्य श्री रजनीश रांगड़ा ने बताया कि बाल विकास विभाग टौणी देवी के तत्वावधान में आयोजित इस तरह के जागरूकता शिविरों को आयोजित करने से बेटियों को इस अति संवेदनशील विषय को समझने में आसानी होगी और उनका आने वाला जीवन अधिक स्वस्थ व प्रसन्नता भरा होगा। महिला चिकित्सक डॉ. आकांक्षा, डॉ. दीक्षा एवं डॉ. श्वेता ने कहा कि पूरे घर का ध्यान रखने वाली लड़कियां आज भी स्वयं से जुड़ी कई जरूरी बातों से अनजान हैं। इस दौरान पेंटिंग प्रतियोगिता भी करवाई गई, जिसमें प्रथम शगुन, द्वितीय चेतना व पलक तृतीय स्थान पर रही सभी विजेताओं को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में लीना, प्रोमिला, सुमन, तनु आदि उपस्थित रहीं।


जागरूकता शिविर में छात्राओं को जानकारी देते चिकित्सा अधिकारी।

## सरकार ने ब्लैक लिस्टिड को ही राज्य वन निगम निर्देशक पद से नवाजा : ढटवालिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

मुख्यमंत्री के व्यवस्था परिवर्तन के चलते उनके गृह जिला के बड़सर क्षेत्र से संबंधित व्यक्ति को जो वन विभाग में खैरों के अवैध कटान करने पर ब्लैक लिस्ट किया हुआ हो, जो अब वन विभाग में पत्नी के नाम से ठेकेदारी करता हो, जिसका अभी हाल ही में फिर पत्नी के नाम पर अवैध तरीके से खैरों को काटने का मामला समाचार पत्रों में भी आता रहा हो, उस व्यक्ति को सरकार ने राज्य वन निगम निर्देशक के पद से कैसे नवाजा जा सकता है। यह बात एंटीक्रप्शन एक्टिविस्ट परमजीत ढटवालिया ने यहां जारी प्रेस बयान में कही।

ढटवालिया का कहना है कि हैरानी की बात यह है कि जो व्यक्ति पिछले कई वर्षों से बार-बार खैरों का अवैध कटान करता चर्चा में रहा हो, पहले भी सत्ता के गरूर में वन परिक्षेत्र बिझड़ी में अवैध कटान के चलते डिप्टी रेंजर व गार्ड पर कार्रवाई करवाकर उन्हें लगभग दस लाख रुपए जुर्माना लेकर सस्पेंड करवाया गया हो, उसी विभाग में उस व्यक्ति की सरकार से वन निगम निर्देशक पद पर नियुक्ति करवाने में किसका हाथ है।

## डीसी अमरजीत बने रेडक्रॉस सोसायटी के पहले संरक्षक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने विशेष पहल करते हुए स्वयं 25 हजार रुपए का अंशदान कर जिला रेडक्रॉस सोसायटी के पैटर्न यानि संरक्षक बनने का निर्णय लिया है। शुक्रवार को यह राशि जमा करवाकर वह जिला रेडक्रॉस सोसायटी के पहले संरक्षक बने। अभी तक कई लोग जिला रेडक्रॉस सोसायटी के आजीवन सदस्य तो हैं, लेकिन संरक्षक कोई भी नहीं बना था। अमरजीत सिंह ने सोसायटी का संरक्षक बनकर अन्य लोगों के लिए एक मिसाल पेश की है।

उपायुक्त ने बताया कि उनकी माता ने उन्हें अपनी बचत की धनराशि सौंपते हुए इस पैसे को किसी पुनीत कार्य में लगाने की सलाह दी थी। माता की सलाह के अनुसार वह इस धनराशि में से कुछ अंशदान करके जिला रेडक्रॉस सोसायटी के संरक्षक बने हैं। इस दौरान उपायुक्त ने बिझड़ी-दियोटसिद्ध क्षेत्र में एंबुलेंस सुविधा प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य विभाग को रेडक्रॉस की ओर से एक एंबुलेंस गाड़ी भी उपलब्ध करवाई है। उन्होंने शुक्रवार को ही यह एंबुलेंस गाड़ी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरके अग्निहोत्री को सौंपी। उपायुक्त ने बताया कि एंबुलेंस क्षेत्रवासियों और बाबा बालक नाथ मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा होगी। इस अवसर पर एसपी पदम चंद, एडीसी मनेश यादव, एसडीएम मनीष सोनी, सहायक आयुक्त पवन कुमार शर्मा आदि उपस्थित थे।


डीसी अमरजीत सिंह सीएमओ को एंबुलेंस प्रदान करते हुए।

### बिझड़ी-दियोटसिद्ध क्षेत्र के लिए जिला रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से सौंपी एंबुलेंस

**कायाकल्प** अर्से से यूं ही लावारिस सा दिखता था पार्क, रेन शेल्टर और फ्लड लाइट से खूबसूरत बनेगा

## सुविधाओं के लिहाज से और निखरने लगा पूल्ड कॉलोनी का पार्क

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

शहर के वार्ड नंबर-दो में पूल्ड कॉलोनी का इलाका अब सुंदर दिखने लगा है। कारण यह है कि यहां के पार्क को निखारने का काम भी शुरू हो चुका है रेन शेल्टर का निर्माण तो अंतिम चरण में है फ्लड लाइट्स के जरिए भी यह पूरा इलाका चकाचक हो जाएगा। पिछले लंबे समय से इसके विकास की तरफ से मुकम्मल तौर पर मुंह फेर रखा था नगर परिषद ने।

उधर शहर के तमाम सार्वजनिक शौचालयों की काया पलटने लगी है। इन्हें नए सिरे से रिनोवेट किया जा रहा है। गांधी चौक की दशा दिशा तो अब शहर के वातावरण को निखारने में महत्वपूर्ण मानी जाएगी, काम इसका शुरू हो गया है। यह बेहद महत्वपूर्ण इलाका है। शहर को शॉर्टकट और पैदल एवं वैकल्पिक सड़क से जोड़ने के लिए पूर्ण कॉलोनी से होकर ही अणु और अणुकलां को यह सड़क जोड़ती है। यहां से पैदल आने जाने वालों की अच्छी खासी तादाद है। दिन भर यह सड़क मार्ग बेहद व्यस्त रहता है।



यही है पूल्ड कॉलोनी का पार्क जहां रेन सेंटर का हो गया निर्माण तथा (दाएं) यहां पर सार्वजनिक शौचालय और कचरे के लिए भी बन रहा है सुंदर स्थान।

कमी सिर्फ यही नजर आती थी कि यहां पर सुविधाओं में इजाफा नहीं हो रहा था। अब उस दशा-दिशा को बेहतर बनाने के लिए काम जिस साफ सुथरे तरीके से शुरू हुआ है, उससे निश्चित रूप में लोगों में उत्साह भी है। पार्क के एक हिस्से में रेलिंग नहीं थी, जिससे यहां खतरा बना रहता था। झूले वगैरा भी पिछले साल लगा दिए गए थे, इस कारण यहां बच्चों की रौनक और ज्यादा बढ़ गई थी, लेकिन रेलिंग लगने से अब समस्या भी हल हो गई है। बारिश और धूप में बचाव के लिए ट्रेन शेल्टर तैयार हो रहा है। सड़क के किनारे इलाके के कचरे व्यवस्थित करने के लिए भी बेहतर स्थान बनाने की योजना को सिरे चढ़ा दिया गया है। साथ ही एक सार्वजनिक शौचालय का निर्माण भी हो रहा है। लोग इसके लिए मौजूदा कार्यकारी अधिकारी अजमेर ठाकुर और वार्ड पार्षद का शुक्रिया भी अदा कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

> शहर के सारे इलाकों में लोगों की सहूलियत के मुताबिक अब नाम हाल में काम शुरू किया गया है। निश्चित रूप से पार्कों के अलावा सार्वजनिक शौचालय की दशा सुधारी जा रही है और भी जो कमियां नजर आती थी, उन्हें पूरा करने का भरसक प्रयास जारी है। अगले कुछ महीनों में शहर और बेहतर दिखने लगेगा।
> -अजमेर ठाकुर, कार्यकारी अधिकारी

### एम्स में पैसे ऐंठने के मामले में पीड़ितों ने एसआईटी गठित कर उठाई मांग, कहा-नौकरी पर रखने की एवज में पीड़ितों ने दिए हैं 40 हजार

# एम्स में हुआ लाखों का भ्रष्टाचार, की जाए जांच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर एम्स में रोजगार के नाम पर धोखाधड़ी करके पैसे एंठने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर एसआईटी गठन की मांग की है।

शुक्रवार को राजपुरा पंचायत के उपप्रधान सतदेव शर्मा और पीड़ित लोग एसपी से मिले, जिसके बाद उन्होंने बिलासपुर के परिधि गृह में बयान में पंचायत के उपप्रधान सतदेव शर्मा ने बताया कि बीती 12 फरवरी को एसपी बिलासपुर को शिकायत दी गई थी कि एम्स बिलासपुर में भ्रष्टाचार हुआ है। इस मसले की जांच के लिए सिर्फ एक आईओ लगाया गया है, जबकि यह मामला बहुत बड़ा है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से मिलकर मांग की है कि इस मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया जाए। अभी तक करीब 40 पीड़ित लोगों की लिस्ट है, लेकिन इसमें और भी लोग शामिल हैं। संबंधित कंपनी के अधिकारी व एम्स निदेशक को भी इस बारे में सूचित किया गया है।

उन्होंने मांग की है कि इस मामले की शुरू से जांच करने के साथ-साथ पारदर्शिता रखी जाए। जानकारी देते हुए राजपुरा पंचायत उपप्रधान सतदेव शर्मा ने कहा कि बिलासपुर ही नहीं, बल्कि इस ठगी का शिकार कांगड़ा व पंजाब जिले के कुछ अन्य लोग भी हुए हैं।


एम्स में पैसे ऐंठने के मामले में पीड़ित एसआईटी गठित करने की मांग उठाते हुए।

#### जो व्यक्ति पैसा लेता था, वह एम्स से गायब

उन्होंने आरोप लगाए हैं कि जो व्यक्ति पैसे लेता था, वह इन दिनों से एम्स से गायब है। पहले वह एम्स प्रबंधन में कार्यरत था, परंतु कुछ समय से उनका मोबाइल नंबर भी नहीं कार्य कर रहा है और न ही कर्मचारियों को नौकरी में आने का कोई अप्वायंटमेंट लेटर दिया गया है, जिससे बिलासपुर सहित प्रदेश व पंजाब राज्य के कुछ जिलों के लगभग 70 से अधिक लोग इसके ठगी के शिकार हुए हैं।

## दाबला के प्रतिनिधियों ने मांगों को लेकर सीएम को दिया ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

**दाबला के लिए अभी तक कोई भी सड़क और एंबुलेंस रोड नहीं**

दाबला पंचायत क्षेत्र के ग्रामीणों ने अपनी मांगों को लेकर शुक्रवार को दाबला पंचायत के प्रधान के माध्यम से मुख्यमंत्री और मंत्री को ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन के माध्यम से स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत के गांव दाबला के लिए अभी तक कोई भी सड़क और एंबुलेंस रोड नहीं है, जिससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना उठाना पड़ता है।

दाबला गांव की आबादी करीब 700 के लगभग है। आपातकाल में सड़क की बहुत आवश्यकता है क्योंकि कोई भी व्यक्ति बीमारी या कोई बूढ़ा व्यक्ति है, तो उसे गांव के लोगों द्वारा मजबूरी में चारपाई पर उठाकर मुख्य सड़क तक पहुंचाया जाता है।

मुख्य सड़क गांव से करीब आधा किलोमीटर की दूरी पर है, जिसमें करीब 50 मी एंबुलेंस का रोड का निर्माण ही होना है। बाकी सड़क पंचायत द्वारा बनाई गई है, लेकिन उसकी भी रिपेयर होने को है। अगर बची हुई जमीन पर 50 मीटर सड़क का निर्माण हो जाए, तो एंबुलेंस तक का रोड मंदिर के प्रांगण तक पहुंच जाएगा। इस एंबुलेंस रोड आने के लिए आने वाली जमीन सरकारी है।

### सालगिरह मुबारक


राजेश व सीमा को अनंत ज्ञान परिवार की ओर से सालगिरह मुबारक।

## चुनाव में आदर्श आचार संहिता के बारे में बताया



**बिलासपुर।** आगामी लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से शुक्रवार को एकदिवसीय जिले की सभी विधानसभाओं के असेंबली लेवल मास्टर ट्रेनर और जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण बचत भवन में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान राज्य निर्वाचन आयोग की निर्देशानुसार प्रशिक्षण के विभिन्न पहलू जैसे मॉक पोल, पोल प्रक्रिया एवं बीएलओ के कर्तव्य, सेक्टर मजिस्ट्रेट के आधिकारिक दायित्व, मतदान से संबंधित कानून की विभिन्न धाराएं, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन इत्यादि पर प्रशिक्षण दिया गया साथ ही इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का व्यवहारिक प्रशिक्षण भी आयोजित किया गया। सार्वजनिक स्थलों और निजी संपत्तियों पर लगे होर्डिंग्स की सूची तैयार रखें। उन्होंने चुनाव में आदर्श आचार संहिता, व्यय निगरानी शिकायतें और पेड न्यूज चुनाव प्रबंधन आदि के बारे में बताया।

### कामधेनु हितकारी मंच नम्होल की ओर से प्रोत्साहन वितरण राशि समारोह का किया आयोजन

# महिला सशक्तिकरण को और अधिक दे रहे बल : श्रीधर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

दूध उत्पादन में कामधेनु हितकारी मंच नम्होल प्रदेश में नेतृत्व की भूमिका निभा रहा है तथा अपने विस्तार के लिए प्रयत्नशील है।

यह विचार शुक्रवार को केंद्रीय प्रशासनिक प्राधिकरण के सदस्य एवं हिमाचल प्रदेश में सेवाएं दे चुके सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक अधिकारी तरुण श्रीधर ने कामधेनु हितकारी मंच नम्होल द्वारा आयोजित प्रोत्साहन राशि वितरण समारोह के अवसर पर व्यक्त किए। श्रीधर ने कहा कि मंच अपना वार्षिक लक्ष्य बढ़ता चले और इसे प्राप्त करने के लिए ईमानदारी और परिश्रम के साथ आगे बढ़े, ताकि देश में एक आदर्श के रूप में इसे जाना जाए। कामधेनु हितकारी मंच द्वारा कुछ ऐसे उत्पाद भी अवश्य बनाने चाहिए, जो बाजार में अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो सके। उन्होंने संस्था को नस्ल सुधार के कार्य को करने के लिए भी प्रयत्नशील रहने को कहा। श्रीधर ने कहा की कृषि क्षेत्र में पशुपालन को बढ़ावा देकर हम महिला सशक्तिकरण को और अधिक बल प्रदान कर रहे हैं।


चारा ब्लॉक का उद्घाटन करते हुए सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक अधिकारी तरुण श्रीधर।

#### दुग्ध उत्पादन जाति लिंग के भेदभाव को करता है दूर

दुग्ध उत्पादन व्यवसाय जाति लिंग के भेदभाव को भी दूर करता है। इस अवसर पर उन्होंने मंच के सदस्यों को प्रोत्साहन राशि वितरित की तथा उत्कृष्ट दूध उत्पादकों को भी पुरस्कृत किया। राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम के अंतर्गत जिला ग्रामीण विकास अभिकरण बिलासपुर द्वारा कामधेनु हितकारी मंच को प्रदत 8 करोड़ 62 लाख 87 हजार रुपए विभिन्न कार्यों के लिए प्रदान किए गए। उन्होंने हरा चारा निर्माण के लिए भवन व मशीन, मिनिरल मिक्सचर मशीन तथा चारा ब्लॉक का भी उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एडीसी डॉक्टर निधि पटेल ने कहा कि कामधेनु हितकारी मंच का सफलता के साथ आगे बढ़ने के पीछे सभी हितकारी सदस्यों का श्रम निहित है। समय-समय पर बैठकें एवं राशी के उपयोगिता प्रमाणपत्रों की अदायगी भी मंच की प्रगति रही है।

## त्रिवेणी घाट में सरकार, प्रशासन का रवैया दुर्भाग्यपूर्ण : राजेंद्र गर्ग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

**चुने हुए जनप्रतिनिधियों के प्रति पुलिस व प्रशासन के रवैये को लेकर घेरी कांग्रेस**

भाजपा अनुशासन समिति के प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने त्रिवेणी घाट में अली खड्ड पर बन रही पेयजल योजना के विरोध में उतरे भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं श्री नयना देवी जी के विधायक रणधीर शर्मा तथा अन्य लोगों के प्रति पुलिस और प्रशासन के रवैये पर कांग्रेस सरकार को घेरा है।

उन्होंने इसे अति निंदनीय करार दिया है। गर्ग ने कहा कि चुने हुए विधायक, जिला परिषद के सदस्य और बीडीसी के सदस्य सभी के ऊपर पुलिस प्रशासन ने लाठियां बरसाई और हिंसक रवैया अपनाया इसकी भारतीय जनता पार्टी कड़ी निंदा करती है। पुलिस व प्रशासन के इस रवैये के खिलाफ भाजपा को आज विधानसभा से लेकर सड़कों तक अपनी आवाज उठानी पड़ रही है। अगर कोई जन प्रतिनिधि और जनता अपनी मांगों को लेकर आवाज उठाने का प्रयास कर रही है या लंबे समय से धरने पर बैठे हैं, तो उनकी आवाज को दबाना नहीं चाहिए अपितु सुनना चाहिए।

भाजपा के वरिष्ठ नेता रणधीर शर्मा जो कि नयना देवी से विधायक भी हैं इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे थे और जनता की आवाज प्रशासन तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे थे पर प्रशासन सुनने को तैयार ही नहीं था। सरकार का यह कड़ा रुख ठीक नहीं है, पूरा प्रदेश आज इस मुद्दे को लेकर सरकार की निंदा कर रहा है।

# विवेक चहल को किया सम्मानित

### ऑपरेशन मुक्ति नशा निवारण अभियान के बारे में की चर्चा


सत्यदेव शर्मा पुलिस अधीक्षक विवेक चहल को हिमाचली परंपरा अनुसार हिमाचली टोपी एवं शॉल देकर सम्मानित करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल रेनबो स्टार क्लब, लाडली फाउंडेशन एवं सर्वधर्म संभाव राष्ट्रीय मंच के संयुक्त तत्वावधान में पदाधिकारियों ने नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक विवेक चहल आईपीएस से शिष्टाचार भेंट की।

हिमाचल रेनबो स्टार क्लब के मुख्य सलाहकार निर्मला राजपूत, लाडली फाउंडेशन जिला कार्यकारी अध्यक्ष रेखा एवं सर्व धर्म समभाव राष्ट्रीय मंच के अध्यक्ष सत्यदेव शर्मा ने पुलिस अधीक्षक आईपीएस विवेक चहल को हिमाचली परंपरा अनुसार हिमाचली टोपी एवं हिमाचली शॉल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उपरोक्त संस्थाओं के पदाधिकारियों संस्थाओं की ओर से की जा रही सामाजिक, खेलकूद एवं धार्मिक गतिविधियों के बारे में पुलिस अधीक्षक विवेक चहल के साथ जानकारी साझा की। इसके अलावा नशा माफिओं पर लगाम कसने एवं ऑपरेशन मुक्ति नशा निवारण अभियान के बारे में चर्चा की गई। इस मौके पर रेनबो स्टार क्लब के प्रधान अजय कौशल, राष्ट्रीय वॉटर स्पोर्ट्स खिलाड़ी दीक्षा देवी एवं आरती ठाकुर आदि समाज सेवक मौजूद रहे।

# जल स्कीम का विरोध कर रणधीर सेंक रहे राजनीतिक रोटियां : विजय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



**सीएम सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश का हो रहा समान विकास**

बिलासपुर जिले के नयना देवी विधानसभा क्षेत्र त्रिवेणीघाट से दाड़लाघाट के लिए बनाई जा रही जलापूर्ति स्कीम का विरोध करने पर युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता विजय कुमार ने भाजपा विधायक रणधीर शर्मा पर जुबानी हमला बोला है।

प्रेस को जारी अपने वक्तव्य में विजय कुमार ने कहा कि भाजपा विधायक अब तक राजनीतिक सफर में कोई भी विकास का कार्य करवाने में असफल रहे हैं एवं आम जनता को गुमराह करके उनके कंधे पर बंदूक रख अपने राजनीतिक निशाने साधते आए हैं। जनता भाजपा विधायक की ऐसी नीतियों से अवगत हो चुकी है। भाजपा विधायक यदि अपने विधानसभा क्षेत्र के इतने ही हितैषी हैं तो बताएं उन्होंने इस खड्ड का जलस्तर बढ़ने के लिए क्या कदम उठाए। चकडैम इत्यादि बनाकर इस खड्ड का जलस्तर बढ़ाया जा सकता था। एक तरफ तो भाजपा राम राज्य लाने का ऐलान करती है, वहीं दूसरी तरफ अपने ही राज्य के पड़ोसी जिले के गांव के लोगों को पानी जैसी मूलभूत सुविधा उपलब्ध करवाने का भी विरोध करती है। अर्की विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय अवस्थी अपने इलाके के लोगों की पानी जैसी मूलभूत सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए इस स्कीम का निर्माण कर रहे हैं। हमारे हिंदू शास्त्रों में लोगों को पानी पिलाना तो पुण्य का काम बताया गया है, परंतु कुछ लोग अपनी राजनीति चमकाने के लिए ऐसी विकासात्मक योजनाओं का विरोध कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में पूरे प्रदेश का एक समान विकास हो रहा है, चाहे जिला सोलन हो बिलासपुर हो या चंबा। लोगों को राजनीतिक रोटियां सेंकने के बजाय सकारात्मक सोच के साथ सरकार के साथ चलना चाहिए।

## किसानों की मांगें जल्द माने केंद्र सरकार : रजनीश मेहता

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



हिमाचल युवा कांग्रेस ने किसानों के प्रति हिंसक रवैया अपनाने के लिए केंद्र सरकार और हरियाणा सरकार की आलोचना की है। प्रदेश युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के प्रभारी रजनीश मेहता ने कहा कि केंद्र व हरियाणा की भाजपा सरकार को किसानों पर अत्याचार करने के बजाए जल्द उनकी मांगें माननी चाहिए और उन्हें तुरंत लागू करना चाहिए।

मेहता ने कहा कि पंजाब और हरियाणा के हजारों किसान अपनी जायज मांगों को लेकर शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन केंद्र व हरियाणा की खट्टर सरकार उन्हें परेशान कर रही है। उन पर अत्याचार कर रही है, हरियाणा में सरकार की ओर से किसान नेताओं को नजरबंद किया जा रहा है। किसान आगे न बढ़ें, इसलिए जगह-जगह बैरिकेडिंग कर दी गई है यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। मेहता ने कहा कि भाजपा नेताओं के बयानों से साबित होता है कि भाजपा पूरी तरह किसान विरोधी पार्टी है।

किसानों के प्रति उसके अव्यवहारिक और तानाशाही भरे रवैये से यह साबित होता है। किसानों के प्रति पुलिस के रवैये से पता चलता है कि भाजपा सरकार देश के लोगों से शांतिपूर्वक प्रदर्शन करने का उनका संवैधानिक अधिकारी छीनना चाहती है। पिछले चार दिनों से किसानों पर हो रहे अत्याचार से भाजपा का किसान विरोधी चेहरा एक बार फिर उजागर हुआ है।

## घुमारवीं में कैंपस इंटरव्यू का आयोजन

**बिलासपुर।** जिला रोजगार अधिकारी बिलासपुर राजेश मेहता ने जानकारी देते हुए कहा कि ऐकवा वीटो लैबोरेट्रीज लिमिटेड बद्दी द्वारा माइक्रोबायोलॉजिस्ट के एक पद, केमिस्ट प्रोडक्शन दो पदों, केमिस्ट क्वालिटी के तीन पदों, स्टोर ऑफिसर के एक पद तथा प्रोडक्शन असिस्टेंट, हेल्पर के 10 पदों के लिए उपरोजगार कार्यालय घुमारवीं बिलासपुर 20 को 10:30 बजे से कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें माइक्रोबायोलॉजिस्ट के पद के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एमएससी माइक्रोबायोलॉजिस्ट तथा तीन से तीन वर्ष का अनुभव, मासिक मानदेय 20000 रुपए।

केमिस्ट प्रोडक्शन के पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता बी फार्मा एवं केमिस्ट क्वालिटी के पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता बीएससी तथा दो से तीन वर्ष का अनुभव, मासिक मानदेय 20000 रुपए। स्टोर ऑफिसर के पद के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता ग्रेजुएट तथा दो से तीन वर्ष का अनुभव, मासिक मानदेय 20000 रुपए। प्रोडक्शन असिस्टेंट, हेल्पर के पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दसवीं पास मासिक मानदेय 11600 रुपए दिया जाएगा।

### स्वास्थ्य जांच एवं दंत स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# साई ब्राह्मणा को दिए 15 डेस्क

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

अल्ट्राटेक कम्युनिटी वेलफेयर फाउंडेशन बागा सीमेंट वर्कस-बागा के सौजन्य से रावमापा साई ब्राह्मणा को पंद्रह डेस्क प्रदान किए गए।

इस दौरान अल्ट्राटेक कम्युनिटी वेलफेयर फाउंडेशन बागा ने स्कूल में स्वास्थ्य जांच एवं दंत स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। बागा सीमेंट वर्कस बागा के प्रशासन एवं सुरक्षा विभागाध्यक्ष पीयूष रंजन शुक्ला व अनुभाग प्रमुख बिन्नी ठाकुर के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन बागा सीमेंट वर्कस बागा के कनिष्ठ अधिकारी मनोज राय एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रघु ने किया। इस दौरान विद्यालय के 80 विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस अवसर पर फाउंडेशन की ओर से विद्यार्थियों को अपने दांतों की स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने, दांतों की उचित देखभाल, नियमित रूप से दांतों में ब्रश करने, मृदु पेय, फास्ट फूड आदि के सेवन से बचने और संतुलित, पौष्टिक व स्वास्थ्य वर्धक भोजन ग्रहण करने का संदेश दिया गया। अल्ट्राटेक कम्युनिटी वेल्फेयर फाउंडेशन की ओर से पाठशाला के विद्यार्थियों को निशुल्क टूथब्रश एवं टूथपेस्ट भी वितरित किए गए।


रावमापा साई ब्राह्मणा स्कूल के बच्चों को टूथब्रश एवं टूथपेस्ट देते हुए।

## मनोनीत पार्षदों को एसडीएम सदर अभिषेक ने दिलाई शपथ


मनोनीत पार्षदों को एसडीएम सदर अभिषेक गर्ग शपथ दिलाते हुए व खुशी मनाते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर नगर परिषद में एसडीएम सदर अभिषेक गर्ग ने मनोनीत पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उन्होंने मनोनीत पार्षद मनीष शर्मा, बीना देवी व श्याम लाल पंवर को शपथ दिलाई।

इस अवसर पर पूर्व विधायक तिलक राज शर्मा व नगर परिषद के अध्यक्ष कमलेंद्र कश्यप ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर हमीरपुर क्षेत्र के वरिष्ठ प्रवक्ता व राज्य परिवहन कॉरपोरेशन के परचेज कमेटी के राज्य सदस्य संदीप सांख्यान व पीसीसी सचिव व राज्य सहकारी बैंक के निदेशक सुनील शर्मा सहित अन्य कांग्रेसी नेता मौजूद रहे। वहीं, साजिद खान को उनके पिता के निधन होने के कारण दोपहर बाद एसडीएम अभिषेक गर्ग ने अपने कार्यालय में पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इन मनोनीत नए सदस्यों की नियुक्ति के लिए सभी कांग्रेस जनों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार भी जताया।

**परेशानी** चक्रवर्ती कॉलोनी में बह रही सीवरेज, बीमारियां फैलने का बना भय, लोगों ने विभाग को चेताया

# ध्यान न दिया तो खटखटाया जाएगा कोर्ट का दरवाजा

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

नगर परिषद घुमारवीं के तहत चक्रवर्ती कालोनी में कई दिन से सीवरेज की गंदगी खुले में बह रही है, जिससे स्थानीय लोग नरकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। खुले में बह रही यह गंदगी गंभीर बीमारियों को न्योता दे रही है, लेकिन प्रशासन व संबंधित विभाग जानकर भी अंजान बना हुआ है।

करीब एक माह से आए दिन सीवरेज की गंदगी खुले में इस संपर्क मार्ग में बह रही है। सीवरेज के चेंबर से निकलकर यह गंदगी लोगों के खेतों से होते हुए नाले में मिल रही है। लोग बार-बार संबंधित विभाग व कर्मचारियों को अवगत करवा चुके हैं, लेकिन लोगों को आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला है। गंदगी से लोगों तथा आम राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ रही है। कई दिनों से इन चेंबर का ढक्कन खुला रहता है, जिससे कोई बड़ा हादसा भी हो सकता है। हैरानी की बात है कि यह चेंबर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या पाठशाला के पिछली तरफ स्कूल को आने वाले रास्ते के किनारे बना हुआ है, जहां से रोजाना सैकड़ों बच्चों का स्कूल आना-जाना होता है।

ऐसे में स्कूली बच्चों तथा आम लोगों का इस गंदगी के बीच इस रास्ते से आना-जाना मुश्किल हो गया है, ऐसे में कोई भी कभी भी फिसल कर इन चैंबर में गिर सकता है और बड़ी घटना घट सकती है। लोगों को डर सता रहा है कि यह बहती गंदगी सीधी सीर खड्ड में मिल रही है, जो बड़ी बीमारी का रूप धारण न कर ले। अगर समय रहते विभाग नहीं संभला है, तो किसी भी अप्रिय घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है क्योंकि जहां यह पानी जा कर मिल रहा है वहां से रोजाना लोगों को पीने का पानी मुहैया करवाया जा रहा है। खुले में बह रही इस गंदगी से इतनी बदबू आ रही है कि स्थानीय लोगों का अपने घरों में रहना मुश्किल हो गया है। लोगों ने विभाग को चेताया कि अगर शीघ्र इस तरफ ध्यान न दिया गया तो कोर्ट का दरवाजा खटखटाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)


नगर परिषद घुमारवीं के तहत चक्रवर्ती कालोनी में बह रही सीवरेज।

> मामला ध्यान में नहीं था, लेकिन आज ही कर्मचारी भेज कर ओवरफ्लो कर रहे चेंबर को ठीक करवा दिया जाएगा। अगर ढक्कन टूटे हुए हैं, तो उन्हें जल्द ही ठीक करवा दिया जाएगा।
>
> **मस्त राम चौहान, सहायक अभियंता, जल शक्ति विभाग घुमारवीं।**

# माता-पिता बच्चों पर केरियर के लिए अनावश्यक दबाव न बनाएं

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

संस्कार के संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने फटोह पंचायत में घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा अभियान के अंतर्गत कहा कि बच्चों की प्रतिभा को पहचानकर उनको लक्ष्य प्राप्ति के लिए माता-पिता सहयोग करे व अपनी इच्छाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए बच्चों पर अनावश्यक दबाव न बनाएं।

आज चिट्टे के बढ़ते दुष्प्रभाव से हमारे बच्चे विभिन्न कारणों से इसकी चपेट में आ रहे हैं, जो हम सबको चिंतनीय है। पिछले कुछ वर्षों से जिस प्रकार से चिट्टे की मात्रा और प्रभाव हमारे समाज में बड़ा है तथा जिस गति से युवा पीढ़ी इसका शिकार हो रही है, वह जागरूक समाज के लिए अत्यंत चिंतनीय है। महेंद्र धर्माणी ने कहा कि यह सही है कि सरकार और पुलिस प्रशासन पिछले कुछ समय से सतर्क होकर इसको रोकने और बंद करने का काम कर रहा है परंतु वह प्रर्याप्त नहीं है, जिस मात्रा में चिट्टे का प्रयोग प्रदेश के विभिन्न हिसों में हो रहा है तथा पुलिस द्वारा चिट्टे को बरामद किया जा रहा है, उसमें बहुत बड़ा अंतर है। समान्यत: समाज के अधिकतर लोगों का यह मानना है कि पुलिस प्रशासन की भूमिका संदेह और संदिग्ध है, जिससे चिट्टे का व्यापार करने वाले पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।

महेंद्र धर्माणी ने लोगों से आह्वान करते हुए अपील की कि माता-पिता बच्चों पर केरियर के लिए अनावश्यक दबाव न बनाएं, चिट्टा बेचने वालों की जानकारी व सूचना पंचायत प्रतिनिधि के माध्यम से प्रशासन तक पहुंचने का काम करे तथा पुलिस भी निर्भीक और ईमानदारी से कानून का पालन करवाएं।


फटोह में घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा अभियान के तहत बैठक में मौजूद लोग।

## न्यूज ब्रीफ

### बंगाणा कॉलेज की एबीवीपी कार्यकारिणी घोषित



बंगाणा कॉलेज की घोषित एबीवीपी कार्यकारिणी के सदस्य सामूहिक चित्र में।

**बंगाणा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई बंगाणा महाविद्यालय में विभाग संगठन मंत्री अमन और जिला संगठन मंत्री करण, जिला एसएफएस संयोजक तीक्ष्ण, जिला सोशल मीडिया संयोजक अनुराग द्वारा नव कार्यकारिणी 2023-24 का गठन किया गया, जिसमें नव निर्वाचित एबीवीपी अध्यक्ष अनुज , मंत्री मानव, उपअध्यक्ष आर्यन, निश्चल, रिशांत, आयुष, सह मंत्री कौशिक, निखिल, आशु, भावना, विभाग प्रमुख आदित्य, अंकित, सुमित, आशीष कार्यकारिणी सदस्य अनिकेत, शुभम, तान्या, अंकुश, राशित, आयुष, आदित्य, शुभम, कौशल, तमन्ना, पंकज एवं अन्य कार्यकर्ताओं को उनके दायित्व सौंपे गए।

### सिक्योरिटी गार्ड व सुपरवाइजर के भरे जाएंगे 160 पद

**ऊना।** मैसर्ज इवान सिक्योरिटी फंक्शन प्राइवेट, लिमिटेड शिमला द्वारा 160 पद (नियमित) अधिसूचित किए गए हैं जिसमें 130 पद सिक्योरिटी गार्ड और 30 पद सुपरवाइज़र के शामिल हैं। इस बारे जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए साक्षात्कार 19 फरवरी को सुबह साढ़े दस बजे जिला रोजगार कार्यालय ऊना, 20 फरवरी को उप रोजगार कार्यालय अम्ब, 21 फरवरी को उप रोजगार कार्यालय हरोली व 22 फरवरी को उप रोजगार कार्यालय बंगाणा में आयोजित किया जा रहा है। शर्मा ने बताया शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं व ग्रेजुएशन होना अनिवार्य है। अभ्यर्थी की आयु 20 से 36 वर्ष व प्रतिमाह वेतन 12 से 22 हज़ार रूपये निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए पुरूषों की हाईट 5 फुट 7 इंच और महिलाओं की 5 फुट 4 इंच होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि योग्य व इच्छुक अभ्यर्थी अपनी योग्यता प्रमाण पत्र, जन्म तिथि, रोजगार कार्यालय का पंजीकरण कार्ड, आधार कार्ड, हिमाचली बोनाफाइड व दो पासपोर्ट साइज़ फोटो व मूल प्रमाण पत्र सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 94182-17918 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

### राज्यपाल ने उपमुख्यमंत्री के घर पहुंच कर जताया शोक



**हरोली।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल आज ऊना जिला के गोंदपुर जयचंद स्थित उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के पैतृक निवास पहुंचे और उनकी धर्म पत्नी प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री का अकस्मात निधन न केवल परिवारजनों बल्कि इस क्षेत्र व पूरे प्रदेश के लिए एक बड़ी क्षति है। उन्होंने कहा कि दिवंगत सिम्मी अग्निहोत्री सामाजिक कार्यों के प्रति अत्यंत संवेदनशील थीं तथा जरूरतमंदों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहती थीं। प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के लिए जिला ऊना के हरोली से शुरू किए गए विशेष जागरूकता अभियान में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा की शांति व शोकाकुल परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। इस अवसर पर मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, उपायुक्त जतिन सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

### करियर सर्विस सेंटर का किया निरीक्षण



नेशनल करियर सर्विस सेंटर के निरीक्षण के दौरान मौजूद गणमान्य।

**संतोषगढ़।** मानव सेवा ट्रस्ट सुंदरनगर द्वारा शुक्रवार को ऊना में चल रहे नेशनल करियर सर्विस सेंटर का निरीक्षण किया। मानव सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष अधिवक्ता प्रकाश चंद बंसल ने अक्षम बच्चों के साथ समय भी बिताया उन्होंने कहा की यह प्रदेश का ऐसा सेंटर है जो आधुनिक सुविधा से लेस है उनके जीवन स्तर की गुणवत्ता को बढ़ाकर समाज की मुख्य धारा में लाने हेतु उन्हें प्रशिक्षण एवं पुनर्वास की सेवाएं प्रदान की जा रही है उन्होंने कहा कि यह हिमाचल प्रदेश में दिव्यांगों हेतु एकमात्र नेशनल करियर सर्विस सेंटर है,जिसमें पांच मुल्याकंन कार्यशालाएं, आठ कौशल विकास कार्यशालाएं, लगभग 100 लोगों के बैठने हेतु पूर्णतया वातानुकूलित सेमिनार हाल, सौर ऊर्जा से संचालित परिसर, पूर्णतया वातानुकूलित पुस्तकालय व अत्याधुनिक कम्प्यूटर लैब तथा दिव्यांगों के लिए ब्रेल एवं संकेत लिपिमार्ग देख अच्छा लगा उन्होंने कहा की जल्द ही हिमाचल में अक्षम बच्चों को मानव सेवा ट्रस्ट के माध्यम से बच्चे भेजे जाएंगे ताकि बच्चे अपना आत्म निर्भर हो सके इस अवसर पर नवज्योति यूथ वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष नवीन कुमार, बरिष्ठ प्रबंधक उपेंद्र सिंह, मनसा राम, राकेश कुमार, मीना सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### सुभाष अत्री ने संभाला बीडीओ बंगाणा का कार्यभार



**बंगाणा।** नवनियुक्त खंड विकास अधिकारी सुभाष अत्री ने गुरुवार को विधिवत तरीके से विकास खंड बंगाणा अधिकारी के रूप में अपना कार्यभार संभाल लिया है। इससे पहले वे फतेहपुर जिला कांगड़ा में बतौर खंड विकास अधिकारी कार्यरत थे। अपनी प्राथमिकताओं का जिक्र करते हुए सुभाष अत्री ने कहा कि सरकार की ग्रामीण विकास योजनाओं को प्रभावी तरीके से धरातल पर उतारा जाएगा। इससे इन योजनाओं का पात्र लोगों को लाभ मिलने के साथ ग्रामीण विकास की इबारत लिखी जा सके। उन्होंने कहा कि लोगों को समूहों के माध्यम से जोड़कर बागबानी में कार्य करने को प्रेरित किया जाएगा। इसके लिए टैंकों आदि के माध्यम से पानी उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोगों को पारदर्शी व जवाबदेह प्रशासन दिया जाएगा। काम में कोताही बरतने वाले स्टाफ मेंबर के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### मुख्यमंत्री ने मांगों को पूरा करने का दिया आश्वासन

**गोंदपुर बनेहड़ा।** हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ का एक प्रतिनिधिमंडल लेक्चरर संघ के प्रदेश प्रधान लोकेंद्र नेगी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री से मिला था जिसमें लेक्चरर संघ की प्रदेश कार्यकारिणी एवं लगभग सभी जिलों से लेक्चरर संघ के प्रतिनिधि उपस्थित थे जिसमे लेक्चरर संघ ने 12 लाख 50 हजार रुपए का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष में संघ की तरफ से दिया। लेक्चरर संघ ने मुख्यमंत्री को अपनी मांगों का एक ज्ञापन भी दिया था जिसमें मुख्यमंत्री ने लेक्चर संघ द्वारा दी गई मांगों को के बारे में ध्यान पूर्वक सुना और मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर लेक्चरर संघ के प्रांतीय संगठन सचिव राजन शर्मा भी मौजूद रहे।

### निधन पर जताया शोक

**गोंदपुर बनेहड़ा।** गोंदपुर बनेहड़ा लो पंचायत की सदस्या पूनम शर्मा की माता के निधन पर स्थानीय पंचायत के प्रतिनिधियों विधायक चैतन्य शर्मा पूर्व विधायक राजेश ठाकुर स्थानीय व्यापारी वर्ग कर्मचारी वर्ग आम जनमानस ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

# ब्लेड से पत्नी का गला रेतने के बाद पति ने खुद का गला भी रेता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, गगरेट**

उपमंडल गगरेट के ओयल गांव में गुस्से में आपा खोए पति ने ब्लेड से पत्नी का गला रेत कर खुद का गला भी ब्लेड से रेत डाला। स्थानीय लोग घायल पत्नी को लेकर सिविल अस्पताल गगरेट की तरफ दौड़े तो पति घायलावस्था में सोमभद्रा नदी की तरफ हो लिया। इसके बाद उसकी तलाश शुरू हुई तो खून के गिरे कतरों से वह सोमभद्रा नदी के पार अर्धचेतन अवस्था में मिला। पति द्वारा पत्नी का गला रेतने के साथ खुद पर किए गए जानलेवा हमले के कारणों का पुख्ता पता नहीं चल पाया है। दोनों को गंभीरावस्था में क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह ओयल गांव का महाबीर सिंह किसी बात को लेकर इतनी तैश में आ गया कि उसने तेजधार ब्लेड से पहले पत्नी का गला रेत कर उसे बुरी तरह से घायल कर दिया और उसके बाद खुद पर भी ब्लेड से जानलेवा हमला करके लहूलुहान कर लिया। अभी स्थानीय लोग पत्नी को लेकर सिविल अस्पताल पहुंचे थे कि महाबीर के लहूलुहान होने की खबर आ गई, जिस पर पुलिस स्थानीय लोगों के साथ उसे ढूंढने पहुंची तो रास्ते में गिरे खून के कतरों का पीछा करते हुए महाबीर सोमभद्रा नदी से पार अर्धचेतन अवस्था में पड़ा मिला। उसे भी उपचार के लिए सिविल अस्पताल गगरेट लाया गया। लोगों की मानें तो कुछ दिन पहले भी पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ था और मामला पंचायत के माध्यम से पुलिस थाना गगरेट भी पहुंचा था।

घायल पत्नी के बयान लेने अस्पताल पहुंची पुलिस उसकी हालत बयान देने लायक न होने के चलते उसके बयान नहीं ले पाई। डीएसपी डॉ. वसुधा सूद ने बताया कि पुलिस मामले की गहनता से पड़ताल कर रही है। डॉक्टरों के अनुसार, फिलहाल दोनों की हालत खतरे से बाहर है।



घायल अवस्था में महिला को अस्पताल ले जाते लोग।

## श्रद्धापूर्वक मनाया वसंत पंचमी समागम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

ऊना के वार्ड नं तीन गलुआ में स्थिन गुरुद्वारा नानकसर में शुक्रवार को गुरु गोबिंद सिंह जी के विवाह पर्व एवं वसंत पंचमी समागम को समर्पित गुरमत समागम गुरु नानक देव जी के वंशज बाबा सरबजोत सिंह जी बेदी व साध संगत द्वारा श्रद्धा पूर्वक आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए बलिहार सिंह, बलविंदर सिंह ने बताया कि इस उपलक्ष्य में 10 फरवरी से लड़ीवार श्री अखंड पाठ साहिब प्रारंभ किए गए थे, जिनके भोग प्रातकाल 9 बजे डाले गए, जिसके उपरांत गुरमत समागम का आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि गुरमत समागम में विभिन्न रागी जत्थे, संत महांपुरुष संत बाबा बाल जी, बाबा दलबीर सिंह वडभागी, ढाडी जत्था बीबी जसबीर कोर जस्स, भाई बलविंदर सिंह, गोपाल सिंह बालीवाल, भाई भूपिंदर सिंह,भाई हरदीप सिंह, भाई गगनदीप सिंह, बाबा संता सिंह, भाई ओंकार चंद सहत अन्य जत्थों ने कथा कीर्तन वा प्रवचनों द्वारा निहाल किया गया। इस अवसर पर बाबा जीत सिंह सिंह जी देहलां , बाबा प्रितपाल सिंह, बाबा अमनदीप सिंह, बाबा सुरिंदर सिंह,हरपाल सिंह कोटला,जोग्मन सिंह, सुखविंदर सिंह कैप्टन जगतार सिंह, जैल सिंह, गुरदयाल सिंह, गुरचरन सिंह, दर्शन सिंह, अजैब सिंह, परमजीत सिंह, महिंदरपाल सिंह सहत अन्य उपस्थित थे।



समागम के दौरान उपस्थित संगत।

## जटेहड़ी स्कूल के छात्र मानव का मानक इंस्पायर अवार्ड में चयन

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

जिला ऊना उपमंडल बंगाणा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जटहेड़ी के नवमी कक्षा के छात्र मानव का चयन जिला ऊना से 2023-24 इंस्पायर अवार्ड मानक स्कीम के लिए हुआ है। इस योजना के तहत छात्रों को साइंस मॉडल प्रोजेक्ट के लिए दस हजार रुपए मिलते हैं। स्कूल के प्रधानाचार्य देवराज धीमान, एसएमसी प्रधान विपिन कुमार, सभी अध्यपकों ने इस उपलब्धि पर मानव को बधाई और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। मानव ने इसका सारा श्रेय अपने गाइड टीचर साइंस अध्यापक नवीन कुमार को दिया। प्रवक्ता शशिपाल ने कहा की सरकार की ऐसी योजनाओं और कार्यक्रमों से छात्रों में वैज्ञानिक सोच और दृष्टिकोण उत्पन्न होता है जो भविष्य के युवा वैज्ञानिक पैदा करते हैं। इस मौके पर मानव को स्कूल की ओर से सम्मानित किया गया।



मानव को स्कूल की ओर से सम्मानित करते गणमान्य।

## जिले के 47,333 बच्चों को 3 मार्च को पिलाई जाएगी पोलियो की दवाई: एडीसी

### 5 वर्ष आयु तक के बच्चों को खुराक देने के लिए 718 टीमें गठित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस को लेकर एडीसी महेंद्र पाल गुर्जर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की शुक्रवार को यहां बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान एडीसी ने बताया कि तीन मार्च को नेशनल ईमुनाइजेशन-डे के अवसर पर 0 से 5 वर्ष तक के 47,333 बच्चों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए बूथों के माध्यम से पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि बच्चों को सुबह 8 से सांय 4 बजे तक पोलियो की दवाई पिलाई जाएगी।

इसके अलावा यदि कोई बच्चा किसी कारणवश पोलियो की दवाई पिलाने से वंचित रहता है तो उन बच्चों को 4 व 5 मार्च को फॉलोअप राउंड में घर-घर दवाई पिलाई जाएगी। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि विशेष अभियान के तहत जिला में स्लम ऐरिया, कंस्ट्रक्शन साइट व ईंट भट्टों पर कार्य करने वाले मजूदरों के 0 से 5 वर्ष आयु तक के बच्चों को मोबाइल टीमों के माध्यम से पोलिया की खुराक देना सुनिश्चित करें। एडीसी ने कहा कि प्रतिवर्ष पोलियो की दवा पिलाने के लिए पल्स पोलियो अभियान छेड़ा जाता है, जिसके तहत जिला आज ऊना में 47,333 शिशुओं को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी।

जिला के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में 5 वर्ष आयु तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के लिए 718 टीमें गठित की गई हैं। पोलियो की दवाई पिलाने के लिए 359 पोलियो बूथ व 14 ट्रांजिट प्वाइंट स्थापित किए जाएंगे। इसके अलावा 231 मोबाइल टीमों के माध्यम से जिला के झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी। एडीसी महेंद्र पाल गुर्जर ने समस्त जिलावासियों से अपने 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग तक के बच्चों को स्वास्थ्य विभाग के नजदीकी पोलियो बूथ पर दवाई पिलाने की अपील की है, ताकि शत-प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।

इसके अलावा उन्होंने संबंधित विभागों को इस पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए अपना पूर्ण सहयोग करने के निर्देश दिए। इस अवसर जिला चिकित्सा अधिकारी डा. सुखदीप सिंह सिधू, डॉ. रिचा, डीपीओ आईसीडीएस नरेंद्र कुमार, आरएम एचआरटीसी सुरेश धीमान, तहसील कल्याण अधिकारी जतिंद्र कुमार सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## ऊना सीटू ने केंद्र के खिलाफ बोला हल्ला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

ऊना में ट्रेड यूनियन की जॉइंट एक्शन की समिति ने मोदी सरकार के खिलाफ हल्ला बोला इस मौके पर इंटक के कमरेड जगतराम शर्मा सीटू के गुरनाम सिंह एटक के साथी करनैल सिंह तथा वरिष्ठ कामरेडो ने रैली का आयोजन किया। इसमें खास बात यह रही की आम लोगों को आंगनबाड़ी में मिड डे मील वर्कर, औद्योगिक वर्कर, ट्रांसपोर्ट वर्कर आदि अनेकों को जो संताप मोदी सरकार ने दिए उनके बारे में बताया गया यूनियन नेताओं कहा कि यह स्पष्ट है कि देश के अंदर 26 किसान यूनियन और कर्मचारी मजदूर की सभी यूनिट ने मिलकर मोदी सरकार को सत्ता से बाहर करने का निर्णय ले लिया है। बढ़ती हुई महंगाई पर बेरोजगारी पर भ्रष्टाचार पर सभी प्रवक्ताओं ने मोदी सरकार को जबरदस्त तरीके से रोष और लोगों में मोदी के खिलाफ बहुत गुस्सा है। यह देखने को मिलता था की प्रदर्शनकारी किस प्रकार जोर-जोर से मोदी सरकार के खिलाफ आवाज उठा रहे थे ।सभी प्रवक्ताओं ने अपील की कि 2024 में आने वाले चुनाव में पूरे देश के अंदर मोदी को तारे नजर आ जाएंगे क्योंकि आज पूरे देश के अंदर भारत को बंद किया है इसका प्रभाव देश के कोने-कोने में मीडिया पर देखा जा सकता है और मोदी सरकार की बेशर्मी की हद हो गई जब मजदूर, किसानों ,कर्मचारियों पर सरे आम गोलियां बरसाई जा रही हैं और लाठी से पीटा जा रहा है। यह मोदी की प्राप्ति नहीं है देश में अलग-अलग क्रांतियां आ चुकी है जैसे अन की क्रांति, दूध की क्रांति, उद्योगों की क्रांति और नई क्रांतियां आई है, परंतु मोदी ने खूनी क्रांति लाने के लिए जमीन तैयार कर दी। यह बड़ी दुख की बात है कि मोदी जी धार्मिक प्रचार करते हैं, लेकिन किसानों, मजदूरों, कर्मचारियों के मुद्दों पर कोई विचार नहीं करते। सिर्फ धार्मिक बातें कर लोगों को गुमराह किया जा रहा है।

## जिले के निजी स्कूलों की मान्यता और नवीनीकरण के लिए पांच मार्च तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

उप निदेशक प्रारंभिक शिक्षा ऊना द्वारा जिला के सभी निजी स्कूलों के लिए शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मान्यता एवं नवीनीकरण प्रक्रिया संबंधी शेड्यूल जारी कर दिया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए उप निदेशक प्रारंभिक शिक्षा देवेंद्र चंदेल ने बताया कि शिक्षा का अधिकार 2009 के अंतर्गत पहली से आठवीं कक्षा वाले सभी निजी स्कूलों के लिए हिमाचल प्रदेश प्रारम्भिक शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त करना अनिवार्य है। नए शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए प्राइवेट स्कूलों को मान्यता नवीनीकरण एवं नई मान्यता के लिए अनलाइन आवेदन करना होगा। उन्होंने निजी पाठशालाओं के प्रमुखों को निर्देश दिए हैं कि वे अपनी पाठशाला की मान्यता/नवीनकरण मान्यता शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए ऑनलाइन पोर्टल के लिंक द्दद्दहृद्दद्वठ्ठद्धद्बद्दड्डष्द्धड्डद्य.द्धश्च.द्दश्1 .द्बठ्ठ पर 5 मार्च तक अप्लाई कर सकते हैं। इसके उपरांत किसी भी निजी स्कूल का आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। चंदेल ने बताया कि नई मान्यता शुल्क कक्षा पहली से आठवीं तक 10 हज़ार तथा कक्षा छठी से 8वीं तक 5 हज़ार और मान्यता नवीनीकरण शुल्क 500 रुपए रहेगा। मान्यता शुल्क सभी आवेदनकर्ताओं को ऑनलाइन माध्यम से ही जमा करवाना होगा। जिन निजी शिक्षण संस्थानों की मान्यता को पांच वर्ष पूर्ण हो गए हैं उन्हें नई मान्यता के लिए आवेदन करना होगा और अन्य निजी शिक्षण संस्थानों को मान्यता नवीनीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन करवाना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय दूरभाष 01975-223088/223586 पर संपर्क करें।

# अजनोली नाला दो सियासी दलों के लिए अखाड़ा, श्रेय लेने को मची होड़

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

भले ही योजना किसी ने बनाई हो, लेकिन वाहवाही का हकदार वही होता है जो उसे अमलीजामा पहनाए। अब अजनोली के नाले का मसला ऐसा है जिसमें किसको श्रेय मिले दो सियासी दलों के दावे ने सवाल खड़े कर रहे हैं। जिला मुख्यालय के साथ सटी ग्राम पंचायत में नाले के निर्माण को लेकर दो सियासी दलों के समर्थकों में घमासान शुरू हो गया है। दोनों ही सियासी दल अब नाले की योजना को अपनी उपलब्धि से जोड़ने के लिए दावे कर रहे हैं। हो भी क्यों नहीं ऐसी पंचायत से जुड़ा मामला है जिसकी सबसे बड़ी जनसंख्या नेताओं के लिए एक प्रमुख कारण भी है। ऊना के बिल्कुल साथ लगती अजनोली पंचायत में मुख्य सड़क के साथ एक पुराने नाले की समस्या अरसे से थी। एक पंचायत से आने वाला बरसाती पानी दूसरी पंचायत को प्रभावित कर रहा था। यहां तक कि अधिक मात्रा में बरसात यहां अजनोली और कोटला के कई घरों में नुकसान भी पहुंचाती रही है। स्थानीय लोग अरसे से इस समस्या से प्रभावित थे जो फिर इसका समाधान करने के लिए सभी नेताओं के आगे फरयाद लगा चुके थे। बता दें कि अब नाला भी बन गया और पानी की समस्या का समाधान भी हो गया। अब श्रेय लेने की होड़ लगी हुई है। वर्तमान में यहां नाला और पुली के निर्माण का श्रेय लेने वालों में कांग्रेस के वर्तमान विधायक देवेंद्र भुट्टो के समर्थकों ने दावा किया। उन्होंने बकायदा मीडिया में जारी विज्ञप्ति में इसका पूरा श्रेय वर्तमान कांग्रेस सरकार और स्थानीय विधायक को दिया है। इसके साथ ही भाजपा ने भी इस योजना पर अपना दावा ठोक डाला।

### क्या कहते हैं विधायक भुट्टो

कुटलैहड़ विस क्षेत्र के विधायक देवेंद्र भुट्टो ने कहा कि जब वह वोट मांगने यहां पहुंचे थे तो लोगों के घरों तक पहुंचना मुश्किल था। गंदे पानी से होकर लोगों के पास पहुंचना पड़ा था। इस समस्या बारे लोगों ने बताया तो हमने वादा किया था कि विधायक बनने के बाद हम लोगों को इस समस्या से निजात दिलवाएंगे। हमने अपना वादा पूरा कर 60 लाख से नाले का निर्माण करवा कर यहां की जनता को नर्कजैसे हालातों से बाहर निकाल लिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू के निर्देशानुसार विस क्षेत्र में विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाया जा रहा है।

### क्या कहना है पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर का

**भाजपा** सरकार में पूर्व कैबिनेट मंत्री रहे वीरेंद्र कंवर ने कहा कि यहां की समस्या उनके ध्यान में थी। समस्या के समाधान के लिए यहां पर नाले के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग को आदेश दिए गए थे। नाले के निर्माण का नींव पत्थर भी विधिपूर्वक रख दिया गया था। लोक निर्माण विभाग ने नाले के निर्माण के लिए कार्य आबंटित भी कर दिया था लेकिन इस बीच चुनावों की घोषणा होने के चलते आचार संहिता लग गई, जिससे कार्य शुरू नहीं हुआ। कंवर ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने बनते ही भाजपा सरकार के समय के सभी टेंडर कैंसिल कर दिए।

**चुनाव**

हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र में राज्य के सबसे ज्यादा 65 हजार भूतपूर्व सैनिक, कर्नल धर्मेंद्र पटियाल ने चुनाव लड़ने का किया है ऐलान

# कर्नल धर्मेंद्र के आवेदन ने अपनों के साथ बढ़ाई विपक्ष की चिंता

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**



हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र में लोकसभा चुनावों के लिए पांच आवेदन हुए हैं और सेना से कर्नल पद से सेवानिवृत कर्नल धर्मेंद्र सिंह पटियाल जो दस वर्ष राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड को अध्यक्ष एवं हिमाचल कांग्रेस सचिव भी हैं, के हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से आने वाले लोकसभा चुनाव को लड़ने के लिए आवेदन करने पर अब चर्चा बनी हुई है, क्योंकि हमीरपुर लोकसभा में कर्नल धर्मेंद्र कांग्रेस में सबसे चर्चित चेहरा है। हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र में अगर भूतपूर्व सैनिकों पर नजर दौड़ाई जाए तो हिमाचल प्रदेश में हमीरपुर लोकसभा के सबसे ज्यादा आर्मी से सेवानिवृत सैनिक हैं और आंकड़ों के हिसाब से 65000 से ज्यादा हमीरपुर लोकसभा में भूतपूर्व सैनिक है और मौजूदा समय में इतने ही भारतीय सेना में सेवाए भी दे रहे हैं। अगर कर्नल धर्मेंद्र सिंह पटियाल की बात की जाए वर्तमान में कर्नल धर्मेंद्र भूतपूर्व सैनिकों में भी अच्छी पकड़ बनाए हुए है।

गौर रहे कर्नल धर्मेंद्र सिंह पटियाल को अगर कांग्रेस हाई कमान लोकसभा में प्रत्याशी बनाता है तो भाजपा के लिए मुसीबत से कम नहीं होगा, क्योंकि शांत स्वभाव के कर्नल धर्मेंद्र जिला उना के साथ हमीरपुर बिलासपुर देहरा जस्बा प्रागपुर में भी भूतपूर्व सैनिक कार्यक्रमों में शिरकत करते रहते हैं और कई बार वन रैंक वन पेंशन की मांग पर भी कार्यक्रमों के माध्यम से केंद्र सरकार पर हमलावर होते आए हैं। यही नहीं कर्नल धर्मेंद्र सिंह पटियाल सीएम, डिप्टी सीएम के साथ-साथ सभी चुने हुए विधायकों के साथ मधुर संबंध बनाए हुए हैं। अब अगर हाईकमान हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से कर्नल धर्मेंद्र को प्रत्याशी बना मैदान के उतारता है तो कड़ी टक्कर होने के अनुमान दिखाई दे रहे हैं, क्योंकि बीते दो लोकसभा चुनावों में हमीरपुर लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी के कर्नल धर्मेंद्र कबारिंग कैंडिडेट रह चुके हैं।

### 2012 से राजनीति में सक्रिय दिखे धर्मेंद्र

कर्नल धर्मेंद्र सन 2012 में भारतीय सेना से सेवानिवृत होकर आए थे और 2012 में कुटलैहड़ से कांग्रेस के टिकट के दावेदार थे। लेकिन कारण वश कुटलैहड़ से कांग्रेस पार्टी का टिकट किसी और खाते में चला गया था। फिर भी कर्नल धर्मेंद्र राजनीति में सक्रिय होकर पार्टी प्रचार करते रहे और 2014 के लोकसभा चुनावों में हमीरपुर लोकसभा में पूर्व सैनिकों की बैठकें लेकर अपनी पहचान बनाई थी।

### कर्नल धर्मेंद्र से बड़ा कोई चेहरा नहीं

बताते चलें कि हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र में कर्नल धर्मेंद्र सिंह पटियाल से बढ़ा बेदाग स्वच्छ छबि एवम लोकप्रिय कांग्रेस पार्टी के पास कोई चेहरा नहीं है। और अगर कर्नल धर्मेंद्र सिंह पटियाल को कांग्रेस पार्टी लोकसभा का उम्मीदवार बनाती है। तो बीते 30 वर्षों से भाजपा के पास आर्ट की जो कुर्सी है उस पर कब्जा करने में कांग्रेस दो कदम आगे बढ़ सकती है।

### पार्टी चाहेगी तो जीत के लिए लड़ूंगा: धर्मेंद्र

कर्नल धर्मेंद्र ने कहा कि हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र में लोकसभा चुनाव लडने के लिए कांग्रेस पार्टी के पास आवेदन किया है। पार्टी हाईकमान चाहेगा तो लोकसभा चुनाव लड़ूंगा और जीत भी दर्ज करूंगा। उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस पार्टी का सिपाही हूं और हाई कमान के आदेश की हर प्रकार से पालन करना भी हमारा कर्तव्य है।

## न्यूज ब्रीफ

### सरफराज खान को आनंद महिंद्रा ने किया तोहफे में महिंद्रा थार देने का ऐलान



**नई दिल्ली।** सरफराज खान को लंबे इंतजार के बाद भारतीय क्रिकेट टीम में एंट्री मिली। इस मौके का फायदा उठाते हुए उन्होंने अपने डेब्यू को ऐतिहासिक बना दिया। 26 साल के सरफराज खान ने डेब्यू मैच में दूसरी सबसे तेज फिफ्टी का रिकॉर्ड बना डाला। वहीं अब सरफराज खान के लिए एक और बड़ी खुशखबरी सामने आई है। महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने सरफराज खान को तोहफे के रूप में महिंद्रा थार देने का ऐलान किया है। आनंद महिंद्रा ने ट्वीट करते हुए लिखा कि हिम्मत नहीं छोड़ना, बस! कड़ी मेहनत, साहस, धैर्य। एक पिता के लिए एक बच्चे में प्रेरणा देने के लिए इससे बेहतर गुण और क्या हो सकते हैं? एक प्रेरणादायक माता-पिता होने के नाते, यह मेरा सौभाग्य और सम्मान होगा अगर नौशाद खान थार का उपहार स्वीकार करेंगे।

### काराबेली को हराकर अल्कारेज अर्जेंटीना ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**ब्यूनस आयर्स।** गत चैंपियन और शीर्ष वरीय कार्लोस अल्कारेज ने गुरुवार को यहां कैमिलो काराबेली को सीधे सेट में हराकर अर्जेंटीना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। बीस साल के अल्कारेज ने अर्जेन्टीना के अपने प्रतिद्वंद्वी को 6-2, 7-5 से हराया। अल्कारेज अगले दौर में इटली के आंद्रिया वावासोरी से भिड़ेंगे जिन्होंने सर्बिया के लास्लो जेयर को 6-4, 7-5 से शिकस्त दी। पिछले साल के उप विजेता दूसरे वरीय कैमरन नोरी को अर्जेन्टीना के फेडेरिको कोरिया ने 6-2, 4-6, 6-3 से हराया।

### घोषाल वाशिंगटन में स्क्वाश ऑन फायर ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी सौरव घोषाल ने गुरुवार को अमेरिका के स्पेंसर लवजॉय को कड़े मुकाबले में 3-1 से हराकर वाशिंगटन में चल रहे स्क्वाश ऑन फायर टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। 37 साल के घोषाल ने पहला गेम गंवाने के बाद वापसी करते हुए स्थानीय खिलाड़ी स्पेंसर को 4-11, 11-8, 11-4, 13-11 से हराया। दुनिया के 26वें नंबर के खिलाड़ी और छठे वरीय घोषाल को इस 51 हजार 500 डॉलर इनामी पीएसए विश्व टूर ब्रॉन्ज प्रतियोगिता के पहले दौर में बाई मिली थी।घोषाल क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी और शीर्ष वरीय विक्टर क्रोइन से भिड़ेंगे। गत राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार को हालांकि मिस्र के दूसरे वरीय यूसेफ सोलिमान ने 11-6, 11-8, 11-2 से हराया।

### कांकेर में तीन किलो का आईईडी बरामद

**कांकेर।** नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत महला कैंप से शुक्रवार सुबह बीएसएफ 47वीं वाहिनी और डीआरजी की टीम ने सर्च अभियान चलाया। इस दौरान जवानों ने ग्राम वट्टेकाल के जंगलों में नक्सलियों की ओर से लगाए गए तीन किलो वजनी आईईडी बरामद कर सुरक्षाबल के जवानों ने मौके पर निष्क्रिय कर दिया है। जिले का महला क्षेत्र अति संवेदनशील इलाका है, लोकसभा चुनाव से पहले नक्सली साजिश को नाकाम करने में सुरक्षाबलों के जवानों को सफलता मिली है।

### ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड में बाढ़, एक भारतीय की मौत

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड में भारी बारिश के कारण बाढ़ आ गई है। इसमें एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई है। कैनबरा में भारतीय उच्चायोग ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। भारतीय उच्चायोग ने कहा- ऑस्ट्रेलिया से दिल तोड़ने वाली खबर है। यहां एक भारतीय शख्स की मौत हो गई है। मृतक के परिवार के प्रति गहरी संवेदना। उच्चायोग की टीम सभी आवश्यक सहायता के लिए संपर्क में है।

### मुकेश मित्तल की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग में ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम केस से जुड़े सीए मुकेश मित्तल की अग्रिम जमानत याचिका पर शुक्रवार को फैसला सुनाया। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने मुकेश मित्तल की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। पूर्व में सुनवाई पूरा होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। ईडी की ओर से हाई कोर्ट के अधिवक्ता एके दास और सौरभ कुमार ने पैरवी की। मुकेश मित्तल पर वीरेंद्र राम की काली कमाई के लगभग 14 करोड़ रुपए को सफेद करने का आरोप है। इसके एवज में उसे मोटी रकम कमीशन के रूप में मिलती थी। इसके लिए उसने अपने कर्मचारियों के बैंक खातों का इस्तेमाल किया था।

### संदेशखाली का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में आज पश्चिम बंगाल के संदेशखाली मामले को उठाया गया। वकील अलख आलोक श्रीवास्तव ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष इस मामले को मेंशन किया। तब चीफ जस्टिस ने कहा कि मामले को ई-मेल करें, हम देखेंगे। मेंशनिंग के दौरान जब चीफ जस्टिस ने अलख आलोक श्रीवास्तव से कहा कि आप ई-मेल करें, हम देखेंगे। तब श्रीवास्तव ने कहा कि हमने मेल किया है। इस पर चीफ जस्टिस ने पूछा कि आपने कब मेल किया। तब श्रीवास्तव ने कहा कि सुबह मेल किया है। इस पर चीफ जस्टिस ने श्रीवास्तव पर नाराजगी जताते हुए कहा कि आप सुबह मेल करते हैं और फिर मेंशन कर दबाव बनाना चाहते हैं।

### त्रिपुरा में 1.7 करोड़ रुपए का गांजा जब्त, ड्रग तस्कर को पकड़ा

**असम।** असम राइफल्स ने त्रिपुरा में 434 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। इसकी कीमत 1.7 करोड़ बताई गई है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया असम राइफल्स ने 14 फरवरी को त्रिपुरा के उत्तरी त्रिपुरा जिले के चुराईबारी पुलिस स्टेशन के तहत जनरल एरिया चुराईबारी से एक ट्रक के भीतर छिपे हुए डिब्बों से गांजा जब्त किया। एक ड्रग तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है। आगे की जांच और कानूनी कार्रवाई के लिए जब्त गांजा और तस्कर को चुराईबारी पुलिस को सौंप दिया गया है।

# बेन डकेट के शतक से इंग्लैंड मजबूत

**एजेंसी, राजकोट**

राजकोट के सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में भारत और इंग्लैंड के बीच चल रहे तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 326 रनों से करने के बाद टीम इंडिया अपनी पहली पारी में अपने सभी विकेट खोकर 445 रनों का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाने में सफल रही। उन्होंने दूसरे दिन 119 रन जोड़े, जिसमें निचले क्रम का अहम योगदान रहा।

**भारत के पास अभी 238 रन की बढ़त**

भारत के मजबूत स्कोर के जवाब में मेहमान टीम इंग्लैंड ने खेल खत्म होने तक 35 ओवर के बाद सिर्फ दो विकेट के नुकसान पर 207 रन बना लिए। वहीं, भारत के पास अभी 238 रनों की बढ़त हासिल है। इंग्लैंड के बल्लेबाज बेन डकेट ने सिर्फ 88 गेंदों में तूफानी शतक जमाया। वह 133 रन पर, जबकि जो रूट 9 रन पर खेल रहे हैं, तीसरे दिन बेन डकेट और जो रूट पारी को आगे बढ़ाएंगे।



शतक लगाने के बाद खुशी का इजहार करते इंग्लैंड के बल्लेबाज बेन डकेट।

### रविचंद्रन अश्विन के टेस्ट क्रिकेट में 500 विकेट पूरे

**रविचंद्रन** अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में 500 विकेट पूरे कर लिए हैं। उन्होंने जैक क्रॉली का विकेट लेकर टीम इंडिया को सफलता दिलाई और ये मुकाम हासिल किया।अश्विन टेस्ट में 500 विकेट लेने वाले भारत के दूसरे गेंदबाज हैं। उनसे पहले पूर्व कप्तान अनिल कुंबले ने यह उपलब्धि हासिल की थी। अश्विन से पहले आठ गेंदबाज टेस्ट में 500 विकेट का आंकड़ा पार कर चुके हैं। इस मामले में श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन शीर्ष पर हैं। उन्होंने 133 टेस्ट मैचों में 800 विकेट लिए हैं। भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज कुंबले हैं। उनके नाम 132 टेस्ट में 619 विकेट हैं।

### भारत को लगी पेनल्टी

**दूसरे** दिन भारत की पारी के 101.3 ओवर में रविचंद्रन अश्विन के कारण भारत पर पेनल्टी लग गई। बल्लेबाजी कर रहे अश्विन पिच के डेंजर जोन में दौड़ते नजर आए। इससे पहले रवींद्र जडेजा ने भी ऐसा ही किया था। इस पर अंपायर ने भारतीय टीम को वार्निंग दी थी। क्रिकेट के नियमों के अनुसार अगर किसी टीम का बल्लेबाज एक वार्निंग के बाद भी डेंजर जोन में दौड़ता हुआ पाया जाता है तो टीम पर 5 रन की पेनल्टी लगती है। इसी वजह से भारत पर 5 रन की पेनल्टी लग गई।

# प्रो लीग में ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका का सामना करेगी भारतीय महिला हॉकी टीम



**एजेंसी, राउरकेला**

भारतीय महिला हॉकी टीम यहां सप्ताहांत प्रो लीग मुकाबलों में जब ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका से भिड़ेगी तो उसकी नजरें घरेलू सरजमीं पर अपने अभियान का सकारात्मक अंत करने पर टिकी होंगी।

पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रही सविता पूनिया की अगुआई वाली भारतीय महिला टीम एफआईएच प्रो लीग के मौजूदा सत्र में शीर्ष टीमों के खिलाफ प्रभावी प्रदर्शन करने में नाकाम रही है और उसने छह में से पांच मैच गंवाए हैं। पहले मैच में चीन के खिलाफ 1-2 की शिकस्त के बाद भारत को नीदरलैंड के खिलाफ 1-3 और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 0-3 से हार झेलनी पड़ी। भुवनेश्वर चरण के अंतिम मैच में भारत ने अमेरिका को 3-1 से हराया। राउरकेला चरण के पहले मैच में भारत ने शुरुआती बढ़त बनाई लेकिन चीन ने वापसी करते हुए 2-1 से जीत दर्ज की। भारत इसके बाद नीदरलैंड के खिलाफ भी 0-1 से हार गया। नीदरलैंड के खिलाफ पिछले मैच में भारत की रक्षापंक्ति ने बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन टीम के आक्रमण में पैनेपन की कमी दिखी और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने के मामले में भी टीम पिछड़ गई।

उन्होंने कहा, ''ऑस्ट्रेलिया हमारे समान शैली में खेलता है। उनकी फिनिशिंग शानदार है। हमारा लक्ष्य उन्हें रोकना और आमने-सामने की लड़ाई जीतना होगा।'' प्रो लीग का दूसरा चरण बेल्जियम और इंग्लैंड में होगा जो मई-जून में खेला जाएगा।

### बीएटीसी : हांगकांग को हराकर भारतीय महिला टीम ने पदक किया सुनिश्चित

**शाह आलम ( मलेशिया )।** भारतीय महिला बैडमिंटन टीम ने शुक्रवार को यहां क्वार्टर फाइनल में हांगकांग पर 3-0 की जीत के साथ बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) में अपना पहला पदक पक्का किया।

शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन को हराकर ग्रुप चरण में शीर्ष पर रहने के बाद भारत ने दो बार की ओलिंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू, अस्मिता चालिहा और अश्विनी पोनप्पा तथा तनीषा क्रास्टो की युगल जोड़ी की जीत के दम पर हांगकांग को हराया। चोट के कारण लंबे समय बाद वापसी करते हुए सिंधू ने अपने से निचली रैंकिंग वाली लो सिन यान हैप्पी के खिलाफ कड़े मुकाबले में 21-7, 16-21, 21-12 से जीत दर्ज की। इसके बाद तनीषा और अश्विनी की महिला युगल जोड़ी ने येयुंग एनगा टिंग और येयुंग पुई लैम की दुनिया की 18वें नंबर की जोड़ी को 35 मिनट में 21-10, 21-14 से हराकर भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। अस्मिता ने येयुंग सुम यी पर 21-12, 21-13 की आसान जीत से भारत की जीत सुनिश्चित की और टीम के लिए कम से कम कांस्य पदक पक्का किया। अब भारत का मुकाबला जापान और चीन के बीच होने वाले दूसरे क्वार्टर फाइनल के विजेता से होगा।

# न्यूजीलैंड ने पहली बार दक्षिण अफ्रीका को टेस्ट सीरीज में दी शिकस्त

**एजेंसी, हैमिल्टन ( न्यूजीलैंड )**

न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुक्रवार को संपन्न हुए हेमिल्टन टेस्ट को 7 विकेट से जीत लिया। इस मुकाबले के साथ ही दो मैचों की टेस्ट सीरीज भी न्यूजीलैंड के नाम हो गई। यह क्रिकेट इतिहास में पहली बार है जब कीवी टीम ने प्रोटियाज को टेस्ट सीरीज में मात दी है।

**92 साल का सूखा खत्म**

न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहली बार साल 1932 में टेस्ट सीरीज खेली गई थी। तब दो मैचों की टेस्ट सीरीज को दक्षिण अफ्रीका ने 2-0 से जीता था। इसके बाद से अब तक यानी पिछले 92 साल में हुई 18 टेस्ट सीरीज में न्यूजीलैंड के हाथ एक भी नहीं आई। इस दौरान चार टेस्ट सीरीज ड्रॉ रही और 14 सीरीज दक्षिण अफ्रीका ने जीत। अब पहली बार है जब कीवी टीम को जीत हाथ लगी है। न्यूजीलैंड की इस ऐतिहासिक जीत में बल्लेबाजी में केन विलियमसन और गेंदबाजी में विलियम ओरूरकी का सबसे ज्यादा योगदान रहा। केन विलियमसन ने इन दो टेस्ट मैचों की 4 पारियों में 403 रन जड़े तो वहीं ओरूरकी ने महज एक ही मुकाबले में 9 विकेट झटक कर प्रोटियाज बल्लेबाजी की कमर तोड़ डाली। ओरूरकी ने सीरीज के दूसरे और आखिरी टेस्ट में यह दमदार प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन की बदौलत उन्हें 'प्लेयर ऑफ दी मैच' अवॉर्ड भी मिला।




### केन विलियमसन ने खेली दमदार पारी

**न्यूजीलैंड** ने इस सीरीज का पहला मुकाबला 281 रन से जीता था, वहीं दूसरे मुकाबले में इस टीम को 7 विकेट से जीत मिली। हेमिल्टन में हुए दूसरे मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को 267 रन का लक्ष्य दिया था, जिसे न्यूजीलैंड ने 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया। न्यूजीलैंड ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 117 रन पर 3 विकेट गंवा दिए थे। यहां से केन विलियमसन ने विल यंग के साथ नाबाद 152 रन की साझेदारी कर कीवी टीम को जीत दिलाई। केन विलियमसन ने 133 रन की नाबाद पारी खेली।

# अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में क्वाड विधेयक पारित

**एजेंसी, वाशिंगटन**

अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने क्वाड विधेयक पारित कर दिया। इसमें अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, भारत और जापान के बीच घनिष्ठ सहयोग के लिए राष्ट्रपति जो बाइडेन प्रशासन को एक 'क्वाड अंतर-संसदीय कार्य समूह' स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं। यह विधेयक 39 के मुकाबले 379 वोट से पारित हुआ।

हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी डेम्स की विज्ञप्ति में 'मजबूत अमेरिका-ऑस्ट्रेलिया-भारत-जापान सहयोग' या चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद (क्वाड) विधेयक में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, भारत और जापान के बीच संयुक्त सहयोग को मजबूत करने की बात कही गई है। विज्ञप्ति के अनुसार विदेश मंत्रालय को निर्देश दिया गया है कि वह विधेयक के अधिनियमित होने के 180 दिन के भीतर क्वाड के साथ कामकाज और सहयोग बढ़ाने की रणनीति कांग्रेस को प्रस्तुत करे। साथ ही इसके अधिनियमन के 60 दिन के भीतर क्वाड अंतर-संसदीय कार्य समूह के गठन के लिए जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत के साथ बातचीत करे।

सी.एसपीएएन की रिपोर्ट के अनुसार कार्य समूह में अमेरिका का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक अमेरिकी समूह की भी स्थापना होगी। इसमें कांग्रेस के अधिकतम 24 सदस्य होंगे। यह वार्षिक बैठकों और समूह नेतृत्व के लिए दिशा-निर्देश तय करेगा। पारित विधेयक के अनुसार समूह को कांग्रेस की विदेश मामलों की समितियों को एक वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।

### इलेक्टोरल बॉन्ड पर सुनाए निर्णय से किसान आंदोलन को मिली नई ऊर्जा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया (एक्स) अकाउंट से इलेक्टोरल बॉन्ड मामले में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत किया है।



उन्होंने सुप्रीम कोर्ट द्वारा इस पर रोक लगाए जाने पर सही ठहराते हुए भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने किसानों के लिए अपने संदेश में लिखा कि कोर्ट का फैसला किसान आंदोलन में एक नई ऊर्जा देने वाला है। अखिलेश ने अपने पोस्ट में लिखा कि प्रिय किसान-मजदूर भाइयों। 'इलेक्टोरल बॉन्ड' को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा असंवैधानिक घोषित किए जाने से किसान आंदोलन के अंदर एक नई ऊर्जा आई है क्योंकि इन तथाकथित राजनीतिक चंदों के नाम पर जो लोग पिछले दरवाजे से भाजपा की हथेली गरम करके खेती-किसानी से जुड़े कारोबारों पर कब्जा करके अपना व्यापारिक स्वार्थ साधना चाहते थे।

# फोर्ब्स इंडिया की सूची में शामिल हुई एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना

**एजेंसी, मुंबई**



नेशनल क्रश रश्मिका मंदाना पिछले कुछ महीनों से फिल्म 'एनिमल' को लेकर सुर्खियों में हैं। इसमें उन्होंने गीतांजलि का किरदार निभाया था। संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित फिल्म 'एनिमल' के हर कलाकार को दर्शकों ने खूब पसंद किया। रश्मिका ने 2022 में रिलीज हुई फिल्म 'अलविदा' से बॉलीवुड में डेब्यू किया। इससे पहले उन्होंने तेलुगू, तमिल सिनेमा में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया था। रश्मिका को साउथ की लेडी सुपरस्टार कहा जाता है। इस एक्ट्रेस ने महज दो साल में साउथ की तरह बॉलीवुड में भी खुद को स्थापित कर लिया है।

2022 में डेब्यू करने के महज दो साल में ही रश्मिका निजी जिंदगी में आगे बढ़ गई हैं। हाल ही में 'फोर्ब्स इंडिया 30 अंडर 30' लिस्ट जारी की गई। इसमें 30 साल से कम उम्र के 30 प्रसिद्ध लोग शामिल हैं जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन किया है। इस साल फिल्म और मनोरंजन क्षेत्र की तीन अभिनेत्रियों ने इसमें जगह हासिल की है।

रश्मिका को महज 27 साल की उम्र में इस लिस्ट में जगह मिली है। पिछले साल उनकी तीन फिल्में दर्शकों के सामने आईं। पहली, एक्शन फिल्म 'वारिसु' थी। फिल्म ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ की कमाई की थी। वह सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ 'मिशन मजनू' में नजर आईं। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। इसके बाद रश्मिका को सबसे ज्यादा प्रसिद्धि 'एनिमल' से मिली जो साल के अंत में रिलीज हुई थी। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर दुनियाभर में 900 करोड़ से ज्यादा की कमाई की है।

### बीकानेर के नोखा में भीषण सड़क हादसा

# डॉक्टर दंपती सहित पांच की मौत

बीकानेर, 16 फ़रवरी (हि.स.)। राजस्थान के बीकानेर जिले के नोखा थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में डॉक्टर दंपती सहित पांच की मौत हो गई। घटना रासीसर से 12 किलोमीटर भारतमाला एक्सप्रेस वे की है। नोखा थाने के एएसआई ओमप्रकाश यादव के अनुसार दुर्घटना में दो पुरुष, दो महिलाओं और एक मासूम बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। ये सभी गुजरात के कच्छ निवासी हैं। पुलिस को पांच आईडी कार्ड मिले हैं। उनके अनुसार मृतकों में डॉ प्रतीक व उनकी पत्नी, एक नर्स व उसका पति तथा दो साल की बच्ची है। ये चिकित्सकीय पेशे से जुड़े लोग हैं, यह पुष्टि हो चुकी है, लेकिन पूर्ण पहचान परिजनों के पहुंचने पर ही होगी। परिजनों से संपर्क किया जा चुका है।

# नेपाल के सबसे बड़े जमीन घोटाले में दो पूर्व सचिव सहित 131 सरकारी कर्मचारी दोषी करार

**एजेंसी, काठमांडू**

नेपाल में अब तक के सबसे बड़े जमीन घोटाला मामले में दो पूर्व सचिव सहित एक सौ से अधिक सरकारी कर्मचारियों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई गई है। सरकारी अधिकारियों के अलावा कई भू माफिया और बड़े व्यापारियों को भी सजा सुनाई गई है। इसके साथ ही अदालत ने बेची गई करीब 10 बीघा जमीन को पुन: सरकार के नाम करने का फैसला भी सुनाया है।

काठमांडू में प्रधानमंत्री के सरकारी आवास के आसपास की करीब 10 बीघा जमीन को पहले संस्था के नाम पर करते हुए उस जमीन की प्लॉटिंग कर अलग-अलग व्यक्तियों को बेचने के आरोप में नेपाल सरकार के चार पूर्व सचिव सहित 131 सरकारी कर्मचारियों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई गई है। इस मामले में कई भूमाफिया और बिचौलिए को भी दोषी पाया गया है। इनमें देश के सबसे बड़े शॉपिंग मॉल चेन के मालिक भी हैं, जिन्हें दो साल जेल की सजा और 80 लाख जुर्माने की सजा मुकर्रर की गई है।

## कारोबार

### मामूली उतार-चढ़ाव के बीच बाजार में आया उछाल, सेंसेक्स में 300 अंक की बढ़त

# घरेलू शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

**एजेंसी, नई दिल्ली**

मामूली उतार-चढ़ाव के बीच घरेलू शेयर बाजार में आज तेजी का रुख बना हुआ है। शुक्रवार को कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी। हालांकि, बाजार खुलने के बाद खरीददार और बिकवाल एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश करते रहे, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में उतार-चढ़ाव भी होता रहा।

इसके बावजूद सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक लगातार हरे निशान में बने रहे। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.49 प्रतिशत और निफ्टी 0.56 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।



### सभी सेक्टोरल इंडेक्स में तेजी

**एनएसई** के सेक्टोरल इंडेक्स की बात करें तो निफ्टी रियल्टी को छोड़कर सभी में तेजी देखने को मिल रही है। ऑटो सेक्टर में सबसे ज्यादा 1.60त्न की तेजी है। वहीं, बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, मीडिया और प्राइवेट बैंक सहित अन्य सेक्टर हरे निशान के साथ कारोबार कर रहे हैं।

### बीएसई का सेंसेक्स मजबूती के साथ खुला

बीएसई का सेंसेक्स आज 355.64 अंक की मजबूती के साथ 72,406.02 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के बाद लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसके कारण इस सूचकांक की चाल भी ऊपर नीचे होती रही। बिकवाली के दबाव में इस सूचकांक ने 72,218.10 अंक तक गोता लगाया। वहीं, खरीदारी का सपोर्ट मिलने पर इसने 72,425.92 अंक तक की छलांग भी लगाई। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 355.94 अंक की बढ़त के साथ 72,406.32 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

### ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत एशियाई बाजारों में भी तेजी



**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत मिल रहे हैं। अमेरिका में पिछले सत्र के दौरान खरीददारी का माहौल बना रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के तीनों सूचकांक मजबूती के साथ बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज गिरावट के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान मजबूती बनी रही। वहीं, एशियाई बाजारों में भी आज तेजी का रुख बना हुआ है। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में लगातार खरीददारी का जोर बना रहा, जिसके कारण डाउ जॉन्स 350 अंकों की मजबूत छलांग लगाने में सफल रहा। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.58 प्रतिशत की तेजी के साथ 5,029.73 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डैक 0.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 15,906.17 अंक के स्तर पर बंद हुआ। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 38,720.07 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

### पाकिस्तान के आम चुनाव में हुई धांधली को आवाज उठाए अमेरिका

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में हुए आम चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने अमेरिका से इस संबंध मे आवाज उठाने की अपील की है। ज्ञात रहे कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान अदियाला जेल में बंद हैं। खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने आरोप लगाया है कि आठ फरवरी के आम चुनाव ''निष्पक्ष रूप से संपन्न नहीं हुए'' और ''चुनाव परिणामों में धांधली हुई है।'' पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन), पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समेत तीनों दलों में से किसी को भी आठ फरवरी को हुए आम चुनावों में नेशनल असेंबली में बहुमत हासिल करने के लिए आवश्यक सीटें नहीं मिली हैं। इसलिए इनमें से कोई भी दल अकेले सरकार बनाने में सक्षम नहीं है। इमरान खान की पार्टी 'पीटीआई' द्वारा समर्थित 100 से अधिक निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीत हासिल की। लेकिन पार्टी ने आरोप लगाया है कि चुनावों में ''धांधली'' हुई है।